

13:06:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
## हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 160
epaper.rashtriyakhabar.com
आषाढ़, कृष्णपक्ष दशमी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

गुणाः सर्वत्र पूज्यन्ते न महत्योऽपि सम्पदः।
पूर्णेन्दु किं तथा वन्द्यो निष्कलंको तथा कृशः॥

**भावार्थ** : सभी स्थानों पर मनुष्य का आदर सत्कार उसके गुणों के कारण ही होता है। गुणहीन मनुष्य के पास यदि धन का भंडार भी हों तो भी उसका सम्मान नहीं होता। बहुत थोड़े से प्रकाश वाला, परंतु दाग धब्बों से रहित दूज का चांद जिस प्रकार पूजा जाता है अथवा शुभ समझा जाता है, पूर्णिमा के चंद्रमा को वैसा सम्मान प्राप्त नहीं होता।



रांची **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 40.00 °c | 27.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18 .35 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .02 बजे

## चक्रवाती तूफान पर मोदी ने समीक्षा बैठक की

**नयी दिल्ली**: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अरब सागर में उठे चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के कारण उत्पन्न स्थिति की सोमवार को यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में समीक्षा की। बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह , केबिनेट सचिव, गृह सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय आपदा मोचन बले और विभिन्न संबंधित एजेन्सियों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। मौसम विभाग की ओर से बैठक में चक्रवाती तूफान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह तूफान 15 जून को गुजरात के तट से टकरा सकता है। विभिन्न एजेन्सियों ने चक्रवात की आशंका के कारण उत्पन्न स्थिति और उससे निपटने की तैयारियों तथा एहतियाती उपायों के बारे में बताया। प्रधानमंत्री ने सभी अधिकारियों को स्थिति से तत्परता से निपटने तथा जोखिम और खतरे को कम से कम करने के निर्देश देते हुए कहा कि तूफान के कारण संचार व्यवस्था और बिजली आपूर्ति में आने वाली बाधा को दूर कर जल्द से जल्द स्थिति सामान्य करने की भरपूर कोशिश की जानी चाहिए।

## शरद पवार को धमकी देने वाला शख्स गिरफ्तार

**पुणे**: महाराष्ट्र के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार को सोशल मीडिया पर धमकी देने वाले आईटी इंजीनियर को पुणे से अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने आज यहां बताया कि आरोपी की पहचान सागर बर्वे (34) के रूप में हुई है। मुंबई अपराध शाखा दल ने पुणे से गिरफ्तार किया है। आरोपी बर्वे को स्थानीय अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया। उन्होंने बताया कि मुंबई अपराध शाखा ने लोकमान्य तिलक मार्ग थाने में यह मामला दर्ज किया और अपराधी को पकड़ने के लिए कई टीमों का गठन किया गया था। अब पुलिस आरोपी से श्री पवार को धमकी भरा संदेश भेजने के बारे में पूछताछ कर रही है। सूत्रों के अनुसार श्री पवार को धमकी मिलने पर पार्टी कार्यकर्ताटों ने राज्यभर में प्रदर्शन किया था।

## अमेरिकी प्रतिबंधों का चीन ने किया विरोध

**बीजिंग**: चीन ने अमेरिका के उन प्रतिबंधों का खुला विरोध किया है जिसमें चीनी कंपनियों और लोगों पर प्रतिबंध लगाने का कदम उठाया गया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका की इस कार्रवाई में तथ्यात्मक आधार और उचित प्रक्रिया का अभाव है। इससे चीनी उद्यमों और लोगों के वैध अधिकारों व हितों को नुकसान पहुंचाता है। अमेरिकी पक्ष को चीनी उद्यमों और लोगों के अपने अनुचित दमन को रोकना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि चीन चीनी उद्यमों और व्यक्तियों के वैध अधिकारों और हितों की पूरी तरह से रक्षा करने के लिए आवश्यक उपाय करेगा।

## केंद्र सरकार हमारे गले में हिंदी थोप रही है : स्टालिन

**चेन्नई**: तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन ने केंद्र और उसके संस्थानों पर गले में हिंदी थोपने का आरोप लगाते हुए सोमवार को न्यू इंडिया एश्योरेंस की ओर से जारी परिपत्र को तुरंत वापस लेने और इसके अध्यक्ष से नीरजा कपूर से माफी मांगने की मांग की। श्री स्टालिन ने एक ट्वीट में कहा कि जहां भारत का प्रत्येक नागरिक इसके विकास में योगदान दे रहा है, वहीं केंद्र सरकार और इसकी संस्थाएं हिंदी को अन्य भारतीय भाषाओं की तुलना में हर संभव तरीके से अनुचित और बेवजह लाभ दे रही हैं। इसके अलावा, वे अपने मूल्यवान संसाधनों को लागू करने पर खर्च करने पर आमादा हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदी हमारे गले में है, न कि लोक कल्याण के लिये। इस सूची में नवीनतम न्यू इंडिया एश्योरेंस द्वारा जारी अन्यायपूर्ण सर्कुलर है और इसके अध्यक्ष नीरजा कपूर को गैर-हिंदी भाषियों के और उसके गैर-हिंदी भाषी कर्मचारियों के प्रति दिखाए गए

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**राजनीति** › निर्माण कठिन है पर सत्ता भोगना आसान है: प्रियंका गांधी

# जबलपुर से हुआ मध्यप्रदेश में कांग्रेस के चुनाव अभियान का प्रारंभ

- भाजपा का पिछले 18 सालों का शासन देखा है
- जनता को आगाह करना है कि छह माह बचे हैं
- राज्य में कांग्रेस की गारंटियों का एलान कर दिया



**राष्ट्रीय खबर**

**जबलपुरः** मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनावी अभियान का शंखनाद करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज बिना किसी का नाम लिए कहा कि प्रदेश ने 18 साल सब कुछ देख लिया, अब छह महीने का समय है, इसमें यहां के लोग वर्तमान सरकार का आंकलन करते हुए देखे कि दूसरे राज्यों में कांग्रेस की सरकारें कैसा काम कर रही हैं। श्रीमती वाड्रा ने यहां आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वे यहां कोई चुनाव प्रचार करने या किसी की आलोचना करने नहीं, बल्कि लोगों को जागरुक करने आई हैं कि जो चीजें कांग्रेस पार्टी देख पा रही है, वो सभी लोग देखें और नेताओं को सच बोलने के लिए मजबूर करें। इस दौरान उन्होंने भावुक अंदाज में ये भी कहा कि उनके परिवार के सदस्यों ने राष्ट्र निर्माण के लिए खून दिया है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए केंद्र और प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि निर्माण करना बहुत कठिन है, जबकि सत्ता को भोगना बहुत आसान है। उन्होंने कहा कि ये सच्चाई जनता को देखनी चाहिए और इसीलिए वे जागरुकता फैलाने आई हैं। जनसभा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, स्थानीय विधायक तरुण भनोत भी उपस्थित रहे। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण की बुनियाद पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने की। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी हरित क्रांति लेकर आईं, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश को आधुनिक बनाने में अहम भूमिका निभाई और इसी क्रम को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अपने बेहतर कार्यों से आगे बढ़ाया। अपने संबोधन में श्रीमती वाड्रा ने प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने की स्थिति में सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने, महिलाओं को प्रति माह डेढ़

### धर्म में जो आस्था होती है, वह राजनीति में क्यों नहीं होती

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती वाड्रा ने प्रदेश सरकार पर लगातार हमला बोलते हुए कहा कि कुछ दिन पहले भाजपा सरकार ने जबलपुर में ही एक बड़ी योजना की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि इतने लंबे समय से सरकार चल रही थी, पर ये सरकार चुनाव के समय ही घोषणाएं क्यों कर रही है। घोषणा करने वाले चुनाव जीत भी जाते हैं, लेकिन वादे भुला दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि बार-बार यही होता है, जनता के जज्बातों के आधार पर वोट मांगे जाते हैं और बाद में सभी वादे भुला दिए जाते हैं। ये उचित नहीं है। धर्म में जो आस्था होती है, इस तरह की आस्था राजनीति में क्यों नहीं होती। ये कर्मकांड क्यों हो गया।

›› पेज 2 भी देखें

केरल के शिहाब चतुर ने चार देशों का सफर किया

## एक साल लगातार पैदल चलकर हज करने मक्का पहुंचे



- वीजा के लिए पाकिस्तान सीमा पर रुकना पड़ा
- इस सफर के दौरान ही यूट्यूब चैनल प्रारंभ किया
- दुनिया को हर रोज उनके जरिए जानकारी मिली

**राष्ट्रीय खबर**

**तिरुअनंतपुरमः** केरल के रहने वाले शिहाब चतुर एक साल पहले पैदल ही हज करने के लिए घर से निकले थे। आखिर वह अपनी यात्रा में सफल हुआ। वह 370 दिनों में 8,640 किलोमीटर पैदल चलकर पवित्र मक्का पहुंचे। इस रास्ते से गुजरने के लिए उसने पाकिस्तान, ईरान, इराक, कुवैत को पार किया। शिहाब चतुर केरल के मेलापुरम जिले के रहने वाले हैं। 2 जून, 2022 को वह हज करने के लिए पैदल ही मक्का के लिए निकले। आखिरकार वह इसी महीने मक्का पहुंचने में कामयाब रहे। इस लंबे सफर में वह सऊदी अरब पहुंचने के लिए भारत, पाकिस्तान, इराक, ईरान और कुवैत की सीमाओं को पार कर गया। सऊदी अरब में प्रवेश करने के बाद, शिहाब मदीना चला गया। मक्का से मदीना जाने के बाद उन्होंने कहा कि वह वहां 21 दिन रहे।

मक्का से मदीना की दूरी 440 किमी है। उन्होंने इस रास्ते को 9 दिनों में पैदल तय किया। वह इसी महीने पवित्र हज करेंगे। इसी महीने में उनकी मां जैनब भी हज करने मक्का जाएंगी। मां-बेटे साथ-साथ हज करेंगे। फिलहाल वह अपनी मां के वहां पहुंचने की प्रतीक्षा कर रहा है। इस बीच ही उसके सकुशल

›› पेज 2 भी देखें

जी 20 देशों के विकास मंत्रियों के सम्मेलन का उदघाटन किया

## अपने संसदीय क्षेत्र में पीएम मोदी ने किया ऑनलाइन स्वागत




**राष्ट्रीय खबर**

**वाराणसीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-20 देशों ने संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास करने तथा इसके लिए ग्लोबल साउथ के विकासशील देशों को ऋण जोखिमों को दूर करने के लिए बहुपक्षीय वित्तीय संस्थानों में सुधार करने का सोमवार को आह्वान किया। श्री मोदी ने यहां जी-20 देशों के विकास मामलों के मंत्रियों के सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में अपने वीडियो संदेश में यह आह्वान किया। उन्होंने मेहमान मंत्रियों का वारणसी में स्वागत करते हुए कहा, मैं लोकतंत्र की जननी के सबसे पुराने जीवित शहर में आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं। यह जी-20 विकास मंत्रियों की बैठक के लिए उपयुक्त स्थान है। काशी सदियों से ज्ञान, चर्चा, वाद-विवाद, संस्कृति और अध्यात्म का केंद्र रहा है। इसमें भारत की विविध विरासत का सार है और यह देश के सभी हिस्सों के लोगों के लिए एक अभिसरण बिंदु के रूप में कार्य करता है। मुझे खुशी है कि जी-20 विकास का एजेंडा काशी तक भी पहुंच गया है। उन्होंने कहा, इस समूह के लिए दुनिया को एक मजबूत संदेश देना अनिवार्य है कि इसे हासिल करने के लिए हमारे पास एक कार्य योजना है। श्री मोदी ने कहा कि कई देशों द्वारा सामना किए जा रहे ऋण जोखिमों को दूर करने के लिए समाधान खोजना चाहिए। पात्रता मानदंड का विस्तार करने के लिए बहुपक्षीय वित्तीय संस्थानों में सुधार किया जाना चाहिए ताकि सभी जरूरतमंद लोगों के लिए वित्तपोषण सुनिश्चित किया जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे सामने महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक, डेटा विभाजन का लगातार बढ़ना है। सार्थक नीति-निर्माण,

›› पेज 2 भी देखें

## वैगनर प्रमुख प्रोगोझिन ने कहा रक्षा मंत्री के साथ समझौता नहीं



**मास्को**: रूस के सबसे शक्तिशाली भाड़े के सैनिकों के दल वैगनर के प्रमुख ने रविवार को कहा कि उसके वैगनर लड़ाके रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू के साथ किसी भी अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। वह सार्वजनिक रूप से रक्षा मंत्रालय द्वारा अपने लड़ाकू बल को अपने प्रभाव में लाने के प्रयास से इनकार करते हैं। वैगनर समूह के संस्थापक येवगेनी प्रिगोझिन ने बार-बार राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर यूक्रेन में युद्ध को ठीक से लड़ने में विफल रहने के लिए विश्वासघात के रूप में पेश किया। न तो शोइगू और न ही जनरल स्टाफ के प्रमुख वालेरी गेरासिमोव ने प्रिगोझिन के अपमान पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी की है, जिसकी सेना ने मई में एक लड़ाई के बाद यूक्रेनी शहर बखमुत पर कब्जा कर लिया था, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि शोइगू ने सभी स्वयंसेवी टुकड़ियों को महीने के अंत तक अपने मंत्रालय के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर करने का आदेश दिया था, एक कदम ने कहा कि रूसी सेना की प्रभावशीलता में वृद्धि होगी। हालांकि मंत्रालय ने अपने सार्वजनिक बयान में वैगनर का उल्लेख नहीं किया, लेकिन रूसी मीडिया ने बताया कि यह शोइगू द्वारा भाड़े के सैनिकों को फंसाने का प्रयास था। प्रिगोझिन ने मामले पर टिप्पणी के अनुरोध के जवाब में कहा, वैगनर शोइगु के साथ किसी भी अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं करेगा। रक्षा मंत्रालय का कोई भी आदेश वैगनर पर लागू नहीं हुआ। रक्षा मंत्रालय ने टिप्पणी के लिए रॉयटर्स के अनुरोध का जवाब नहीं दिया। प्रिगोझिन और उनके वैग्नर भाड़े के सैनिकों ने संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा पूरे अफ्रीका में देशों को अस्थिर करने, प्राकृतिक संसाधनों को लूटने और यहां तक कि 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में दखल देने के लिए प्रसिद्धि प्राप्त की। उनका कहना है कि अमेरिका ने दुनिया भर में इतने सारे देशों को अस्थिर कर दिया है कि वाशिंगटन के पास किसी को व्याख्यान देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

मणिपुर हिंसा में अब तक 164 लोगों की मौत, 388 घायल, 4,905 आगजनी हमले

## चुराचांदपुर और कांगपोकपी में ताजा हिंसा, दो लोगों की मौत

- राज्य में केंद्रीय सुरक्षा बलों की 114 कंपनियां
- गृह मंत्रालय ने तैनाती की 30 जून तक बढ़ाया
- कुकी विद्रोही गुट ने हिमंता पर विश्वास जताया



**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी** : मणिपुर में तीन मई से शुरू हुई हिंसा में अब तक 164 लोगों की मौत हो चुकी है और 388 लोग घायल हुए हैं. हिंसा शुरू होने के बाद से अब तक 4905 आगजनी के हमले हो चुके हैं। मणिपुर में जातीय हिंसा के परिणामस्वरूप 61,152 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं, और उन्हें राज्य भर में फैले 272 राहत शिविरों में रखा गया है। राहत शिविरों और सामुदायिक भवनों में अब भी 37,177 लोग रह रहे हैं। 12 जून को, जब मणिपुर के राज्यपाल लामका का दौरा कर रहे थे, बदमाशों ने चुराचांदपुर के लोकलकफाई गांव पर हमला किया, जिसमें लगभग ढाई बजे एक 22 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। इस बीच, 12 जून को मणिपुर के कांगपोकपी जिले में खमेनलोक में ताजा हिंसा भड़क उठी, जब राज्य में लगभग एक दिन के लिए शांति बहाल हो गई थी। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, उपद्रवियों ने ग्रामीणों पर हमला किया, जिससे चार लोग घायल हो गए और उन्हें इंफाल पूर्व जिले के राज मेडिसिटी में भर्ती कराया गया। रिपोर्टों के अनुसार, 11 जून, 2023 को दोपहर लगभग 12:30 बजे, इचुम कोम कीराप से वारोइकिंग/लीमारम क्षेत्र में उतरे दो अज्ञात युवकों को ग्रामीणों ने हिरासत में ले लिया।

हालांकि, इचुम कोम और लीमारम वारोइकिंग दोनों क्षेत्रों के ग्रामीणों, नागरिक समाजों और मीडिया की मदद से, युवाओं को आगे के सत्यापन के लिए पुलिस को सौंप दिया गया है। बिष्णुपुर जिले के एसपी हेसनम बलराम सिंह ने एक प्रेस बयान में कहा, बिष्णुपुर जिला पुलिस की ओर से, मैं चुम कोम कीराप, वारोइचिंग, लीमाराम, सिविल सोसाइटी, मीडिया बिरादरी, सीएपीएफ/सेना के जवानों सहित सभी को हार्दिक धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूं, जिन्हें आवश्यक सत्यापन के लिए जिला पुलिस को सौंपना है।

इस बीच, गृह मंत्रालय ने राज्य में केंद्रीय सशस्त्र

›› पेज 2 भी देखें

**उजागर** › फंगस के उपचार की दिशा में अति सुक्ष्म पदार्थों का बेहतर उपयोग

# माइक्रोरोबोटिक पद्धति से इसका बेहतर ईलाज संभव

- इन फंगसों पर ही सीधा हमला करता है
- दस मिनट में उल्लेखनीय सुधार लाया है
- फंगस के बॉयोफिल्म को नष्ट करते हैं

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** फंगस यानी कवक के कारण होने वाले संक्रमण, जैसे कैंडिडा अल्बिकन्स, मौजूदा उपचारों के प्रतिरोध के कारण एक महत्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य जोखिम पैदा करते हैं। कोरोना महामारी की मार से उबरने की कोशिश कर रहे दुनिया को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे प्राथमिकता के मुद्दे के रूप में उजागर किया है। हालांकि नैनोमैटेरियल्स एंटिफंगल एजेंटों के रूप में वादा दिखाते हैं, वर्तमान पुनरावृत्तियों में त्वरित और लक्षित उपचार के लिए आवश्यक शक्ति और विशिष्टता की कमी होती है, जिससे लंबे समय तक उपचार समय और संभावित ऑफ-टारगेट प्रभाव और दवा प्रतिरोध होता है। अब, वैश्विक स्वास्थ्य के लिए दूरगामी प्रभाव के साथ एक महत्वपूर्ण विकास में, पेंसिल्वेनिया स्कूल ऑफ डेंटल मेडिसिन विश्वविद्यालय के ह्यून (मिशेल) कू और पेन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड साइंस के एडवर्ड स्टीगर के नेतृत्व में शोधकताओं की एक टीम ने संयुक्त रूप से एक बनाया है। माइक्रोरोबोटिक प्रणाली फंगल रोगजनकों के तेजी से, लक्षित उन्मूलन में सक्षम है।

एडवांस्ड मैटेरियल्स में प्रकाशित इस पत्र के लिए, शोधकताओं ने उत्प्रेरक नैनोकणों में हाल की प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया। जिसे नैनोजाइम के रूप में जाना जाता है, और उन्होंने लघु रोबोटिक सिस्टम का

### यह सहयोग हमारे नैदानिक ज्ञान से आकर्षित होता है

कू कहते हैं, कैंडिडे फंगस, कठिन बायोफिल्म संक्रमण बनाते हैं जो विशेष रूप से इलाज के लिए कठिन हैं। वर्तमान ऐंटिफंगल उपचारों में इन रोगजनकों को जल्दी और प्रभावी ढंग से समाप्त करने के लिए आवश्यक क्षमता और विशिष्टता की कमी है, इसलिए यह सहयोग हमारे नैदानिक ज्ञान से आकर्षित होता है और एड की टीम और उनकी रोबोटिक विशेषज्ञता को एक नए दृष्टिकोण की पेशकश करने के लिए जोड़ता है। शोधकताओं की टीम पेन डेंटल सेंटर फॉर इनोवेशन एंड प्रिसिजन डेंटिस्ट्री का एक हिस्सा है, जो एक पहल है जो रोग शमन और उन्नत मौखिक और कपाल स्वास्थ्य देखभाल नवाचार के लिए नए ज्ञान को उजागर करने के लिए इंजीनियरिंग और कम्प्यूटेशनल दृष्टिकोण का लाभ उठाती है।

›› पेज 2 भी देखें

## मात्र चार महीने में पेरू की चौतीस सौ महिलाएं लापता

**राष्ट्रीय खबर**



**लिमाः** देश में इस वर्ष के जनवरी से अप्रैल के बीच पेरू में 3,400 से ज्यादा महिलाएं लापता हो गईं। देश के लोकपाल कार्यालय ने शनिवार (10 जून) को कहा। यह बात बाहर आने के बाद वहां राजनीतिक बवाल मच गया है। 2023 के पहले चार महीनों में, 3,406 महिलाओं के लापता होने की सूचना मिली थी। कार्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक लापता हुई महिलाओं और लड़कियों में से केवल 1,902 ही पाए गए हैं, और 1,504 अभी भी लापता हैं। वैसे सरकारी स्तर पर इन महिलाओं का क्या हुआ है, इस बारे में अब तक कोई औपचारिक बयान नहीं आया है। देश के उप लोकपाल इसाबेल ऑर्टिज ने कहा कि गायब होने को पेरू में आसन्न खतरे की स्थिति के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, राज्य 33 मिलियन लोगों के इस देश में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा है। इसी बहस के बीच यह आंकड़ा भी सामने आया है कि

›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

### हेमन्त सोरेन से पीएम प्रसाद ने मुलाकात की

रांची: झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सी.सी.एल.) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पी.एम. प्रसाद ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को द अर्न्ड लाइफ पुस्तक सप्रेम भेंट की। मौके पर मुख्यमंत्री ने श्री प्रसाद को कोल इंडिया का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

तैयारी

## भाजपा ने झारखंड में 2024 के आम चुनाव की तैयारी शुरू की

# निगरानी के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन

राष्ट्रीय खबर





रांची: भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने झारखंड में 2024 के आम चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी ने तैयारियों की निगरानी के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है और रणनीति बनाने के लिए कई बैठकें कर रही है। समिति की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा कर रहे हैं और इसमें राज्य भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश, पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हैं।

समिति को झारखंड में पार्टी की ताकत और कमजोरियों की पहचान करने के साथ-साथ आने वाले चुनावों में चुनौतियों का सामना करने का काम सौंपा गया है। 2019 के आम चुनाव में बीजेपी ने झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से 11 पर जीत हासिल की थी. हालांकि, इसने दिसंबर 2019 में झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन के लिए हुए राज्य विधानसभा चुनावों में सत्ता खो दी। बीजेपी अब 2024 के आम चुनाव में राज्य में फिर से सत्ता हासिल करना चाह रही है। पार्टी ने कई प्रमुख मुद्दों की पहचान की है जिन पर वह चुनाव से पहले ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही है। इनमें विकास, सुरक्षा और भ्रष्टाचार शामिल हैं।

भाजपा आदिवासी समुदाय तक भी पहुंचने की योजना बना रही है, जो झारखंड में आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। भाजपा को भरोसा है कि वह 2024 के आम चुनाव में झारखंड में फिर से सत्ता हासिल कर सकती है। पार्टी का राज्य में एक मजबूत संगठनात्मक आधार है और इसे केंद्र सरकार का भी समर्थन प्राप्त है। बीजेपी को भी उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता से उसे चुनाव जीतने में मदद मिलेगी. झारखंड में 2024 के आम चुनाव के लिए कांग्रेस, झामुमो और राजद ने भी कमर कस ली है। कांग्रेस राज्य में फिर से सत्ता हासिल करने की उम्मीद कर रही है और विकास और रोजगार जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही है। झामुमो और राजद विकास और रोजगार के साथ-साथ आदिवासी अधिकारों और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भी ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रहे हैं। झारखंड में 2024 के आम चुनाव में कांटे की टक्कर होने की उम्मीद है। भाजपा, कांग्रेस, झामुमो और राजद सभी राज्य में सत्ता के लिए होड़ कर रहे हैं। चुनाव के नतीजे का झारखंड के राजनीतिक परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री ने भरोसा जताया

## गोधन न्याय योजना से गोपालकों का बढ़ेगा मान:बादल



राष्ट्रीय खबर

रांची: कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल ने भरोसा जताया है कि आने वाले समय में झारखंड जैविक स्टेट बनेगा। पशुपालन भवन, हेसाग के सभागार में सोमवार को गोधन न्याय योजना का शुभारंभ करते उन्होंने कहा कि कोई कुछ भी कहे, इस सरकार में ही वास्तव में गाय, गोसेवकों, किसानों को मान मिला है। पहले लोग गायों को केवल दूध पालने तक की देखते थे, पर अब गोधन न्याय योजना से गौवंश के पशुओं का लंबे समय तक ख्याल रखा जा सकेगा। उनके गोबर की खरीद होगी। वर्मा कंपोस्ट तैयार होंगे। किसानों को ये खाद वाजिब कीमतों पर मिलेंगे। इससे जैविक और स्वस्थ खेती को बढ़ावा मिलेगा। इस तरह से गो, गोपालकों के लिए और भी आदर्श माहौल राज्य में बनेगा। राज्य में गौ मुक्ति धाम के लिए भी पलामू में काम जारी है। इससे गाय के गुजरने के बाद उसका समुचित मान सम्मान के बाद अंतिम मुक्ति दी जा सकेगी। राज्य सरकार किसानों, गोपालकों को अपने परिवार का हिस्सा मानती है, वोटर नहीं। यही वजह है कि ऋण माफी, सीएम सूखा राहत योजना, अनुदान योजना, फसल बीमा योजना का लाभ किसानों को दिया जा रहा है। और अब गोधन न्याय योजना के जरिये गोबर की खरीद जैसी पहल उनके हित में शुरू की गयी है। मौके पर कृषि निदेशक चंदन कुमार, हॉर्टिकल्चर निदेशक निसार अहमद, रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी भवेशानंद, हॉर्टिकल्चर के ज्वाइंट डायरेक्टर शशिभूषण अग्रवाल, ओफाज के सीइओ डॉ एमएसए महालिंगा शिवा और जिलों के कृषि पदाधिकारी और कई किसान भी उपस्थित थे।

सिर्फ डिग्री प्रदान करने से कुछ नहीं होगा

## सही कार्ययोजना बनाकर काम करें : राज्यपाल

राष्ट्रीय खबर



रांची: राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विश्वविद्यालयों को विजन, मिशन व लक्ष्य के साथ कार्य करना चाहिए। सिर्फ डिग्री प्रदान करने से कुछ नहीं होगा, विश्वविद्यालयों को विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए सोचना होगा, उन्हें अध्ययन के बाद कैसे रोजगार प्राप्त हो, इस दिशा में कार्य करना होगा। विश्वविद्यालयों के पास सही कार्ययोजना होना चाहिए। हमें वक्त की मांग को समझना चाहिये। राज्यपाल आज राजभवन में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति/कुलसचिव के साथ विश्वविद्यालयों शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। उक्त अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ० नितिन कुलकर्णी, राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार प्रो० ई० बालागुरुस्वामी समेत राज्य में स्थित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति /कुलसचिव उपस्थित थे।राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय को व्यवहारिक रूप से प्रगति करने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। उन्हें बेहतर पाठ्यक्रम को अपनाना चाहिए, साथ ही रोजगारपरक पाठ्यक्रम को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रयास करने की दिशा में ध्यान देने के लिए कहा। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय एक नये मिशन के साथ कार्य करें। विश्वविद्यालयों में जीरो भ्रष्टाचार, जीरो ड्रग्स एवं जीरो रिकोमेंडेशन होना चाहिए।

उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट होना चाहिये। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन व सुधार करने वाले विश्वविद्यालयों को पुरस्कृत करने की भी बात कही। उन्होंने शिक्षण संस्थानों में अनुशासन का वातावरण होना चाहिए।राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है। सभी विश्वविद्यालयों को बेहतर मानक को अपनाना चाहिये। विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान होना चाहिए तथा उनके प्लेसमेंट पर ध्यान दिया जाय। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय को खेलकूद समेत विभिन्न गतिविधियों के अवसर पर उपायुक्त, आरक्षी अधीक्षक को आमंत्रित करना चाहिए। उन्हें जिला प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए। साथ ही विश्वविद्यालय ऐसे सफल उद्योगपतियों व प्रख्यात हस्तियों को आमंत्रित करें जिससे विद्यार्थियों में प्रेरणा का संचार हों और उनसे हमारे विद्यार्थियों को लाभ हों। उन्होंने कहा कि हमें विश्वविद्यालय को ऊपर उठाने का प्रयास करना चाहिये। आप सफलता हासिल करते हैं तो विद्यार्थी सफलता हासिल करते हैं। समीक्षा के क्रम में झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बहुत कम कैम्पस सेलेक्शन पर नाराजगी प्रकट की।उन्होंने चिकित्सा महाविद्यालयों के संदर्भ में चर्चा करते हुए इनकी आधारभूत संरचना विकसित करने व अन्य आवश्यताओं की दिशा में ध्यान देने की बात कही ताकि सीटों की संख्या में वृद्धि हो सकें।

बैठक में विश्वविद्यालय में कॉउंसलिंग सेंटर स्थापना के संदर्भ में चर्चा की गई ताकि शिक्षण संस्थानों में पढ़नेवाले विद्यार्थी अपनी भावनाओं से अवगत करा सकें। राज्यपाल शैक्षणिक सलाहकार प्रो ई बालागुरुस्वामी ने विश्वविद्यालयों में शोध पर जोर देते हेतु आधारभूत संरचना विकसित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने में विश्वविद्यालय की अहम भूमिका है। विश्वविद्यालयों में सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि लाना होगा तथा विश्वविद्यालय रोजगार सुलभ कराने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय को नैक मूल्यांकन में कम से कम ए ग्रेड हासिल करने के लिए प्रयास करना चाहिए। उक्त अवसर पर सभी विश्वविद्यालयों द्वारा अपने यहाँ की गतिविधियों से अवगत कराया गया।

## नियोजन नीति में बदलाव करें मुख्यमंत्री : नायक

राष्ट्रीय खबर



रांची:60-40 नियोजन नीति में अगर हेमंत सोरेन सरकार झारखंड के छात्र युवा नौजवान हित में बदलाव नहीं लाते हैं तो वह जेएमएम के अंतिम मुख्यमंत्री साबित होंगे । उक्त बाते सोमवार को झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने आज 72 घंटे के झारखंड बंद को सफल होने पर अपनी प्रतिक्रिया में कहीं । इन्होंने यह भी आगे कहा कि अगर जल्द से जल्द झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार 60-40 वाली नियोजन नीति का बदलाव नहीं करती है और खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू नहीं करती है तो आने वाले दिनों में झारखंड के सभी आदिवासी मूलवासी समाज संगठित होकर चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगी, जब तक की यह 60-40 जैसी जनविरोधी नीति को निरस्त नहीं किया जाता एवं खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू नहीं की जाती तब तक आंदोलन जारी रहेगा । इन्होंने बंद में सभी सहयोग करने वाले छात्र युवा संगठनों को आभार व्यक्त किया है और उनसे कहा कि झारखंडीहित के सवाल पर झारखंड बचाओ मोरचा पूर्व मे किये गये झारखंड बंद को भी नैतिक समर्थन किया था और इस बार भी 72 घंटे का बंद का झारखंड बचाओ मोरचा समर्थन किया है। श्री नायक ने आगे कहा कि सरकार को आन्दोलनो एंव बंद से सबक लेना चाहिए और झारखंडी जनभावना एवं झारखंड अलग राज्य के मूल्य सपनों को नकारने एवं झारखंडी समाज के सपनों को तोड़ने का काम अब नहीं करना चाहिए और जल्द से जल्द 60-40 नियोजन नीति में बदलाव तुरंत लाए एवं खतियान आधारित का स्थानीय नीति तुरंत लागू करें नहीं तो झारखंड की छात्र युवा नौजवान शक्ति जाग चुकी है और अगर टालने की राजनीति की गई तो आने वाले दिनों में इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे क्योंकि जनता का इस सरकार से शनै-शनै मोहभंग होता जा रहा है ।श्री नायक ने साफ शब्दों में कहा कि झारखंड बचाओ मोर्चा झारखंड बंद का नैतिक समर्थन करके अपनी प्रतिबद्धता झारखंडी समाज के आदिवासी मूलवासी समाज के साथ खड़े रहकर उनके सभी संघर्ष में कदम कदम पर साथ देने का अपना वचन निभाया है और भविष्य में भी झारखंडी हित से जुड़े सभी जनहित के विषयो पर मोर्चा की नजर रहेगी और अगर जरूरत पड़ा तो सड़क पर भी आंदोलन कर संघर्ष करने का काम करेगा । इन्होने यह भी कहा किआदिवासी मूलवासी समाज के हितों उनके हक और संवैधानिक अधिकारो की रक्षा हेतु इसी तरह संगठित होकर प्रतिरोध करने का काम करें ताकि भविष्य में कोई भी सरकार झारखंड विरोधी नीति को लागू करने से पहले हजार बार नहीं लाखो बार सोचने के लिए विवश होंगे।

## एमएसपी की घोषणा महज ढोंग: आभा

राष्ट्रीय खबर

रांची: झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा को ढोंग करार देते हुए कहा है कि मोदी सरकार घोषणा तो बड़े धूमधाम से करती है, लेकिन उन दामों पर फसलों की खरीद नहीं की जाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके मंत्रिमंडल ने रबी फसलों के लिए एमएसपी की कागजी घोषणा तो कर दी है लेकिन उसे जमीन पर नहीं उतारा जाता है। इस सरकार में घोषणा तो बड़े धूमधाम से होती है पर उन दामों पर फसलों की खरीद नहीं होती। उन्होंने मोदी सरकार की हर नीति को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि यह सरकार एमएसपी की घोषणा तो कर देती है, लेकिन सच्चाई यह है कि किसान की फसल एमएसपी पर खरीदी नहीं जाती और उसे फसल की लागत पर 50 प्रतिशत मुनाफा भी नहीं मिलता। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए कहा, ₹मोदी मंत्र है- एमएसपी घोषित करो लेकिन एमएसपी दो मत। वर्ष 2022-23 में फसल उपज और फसल खरीद के तथ्य इस बात को उजागर करते हैं कि किसान को एमएसपी नहीं मिलेगा। मोदी जी एमएसपी जब देना ही नहीं है तो कागज पर घोषित करके वाह- वाही क्यों लूटना। उन्होंने कहा ₹मोदी जी, किसानों से दो बड़े वादे कर सत्ता में आये। किसान को लागत जमा 50 प्रतिशत मुनाफा एमएसपी के तौर पर देंगे। साल 2022 तक किसान की आय दोगुनी होगी लेकिन सीएसीपी की रिपोर्ट बताती है कि मोदी सरकार ने न ही किसी फसल पर लागत जमा 50 प्रतिशत मुनाफा पर एमएसपी निर्धारित की और न भाजपा शासित राज्यों की सिफारिश मानी।

दौरा

13 से 15 जून तक कार्यकताओं में भरेंगी जीत का जुनून

## राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा का तीन दिवसीय झारखंड दौरा

राष्ट्रीय खबर



रांची: राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया 13 से 15 जून तक तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहीं हैं। इस दौरान वे तीन लोकसभा क्षेत्र दुमका, गोड्डा और गिरिडीह में जनसभा को संबोधित करेंगी। कार्यक्रम की जानकारी बीजेपी के झारखंड उपाध्यक्ष विनोद शर्मा ने दुमका में दी। गौरतलब है कि भाजपा 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कमर कस चुकी है। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री 13 जून को गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के देवघर में एक कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस दौरान वे शिवलोक मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगी साथ ही कार्यकताओं में जीत का जुनून भरेंगी। वहीं दूसरे दिन 14 जून की सुबह वह देवघर के बैद्यनाथ धाम मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद दुमका पहुंचेंगी। दिन के करीब 12 बजे वह दुमका लोकसभा क्षेत्र के जामा विधानसभा के कैराबनी गांव में जनसभा में शिरकत करेंगी। जबकि 15 जून को राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के बगोदर में भाजपा की आयोजित जनसभा में भाग लेंगी। इन सभी कार्यक्रमों में स्थानीय भाजपा के नेताओं के साथ राज्य स्तर के नेता भी मौजूद रहेंगे।

प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा कि यह पहला मौका होगा जब संथाल परगना क्षेत्र में वसुंधरा राजे सिंधिया आ रहीं हैं। उनके आने से कार्यकताओं में काफी उत्साह है। कहा 30 मई से 30 जून तक भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान चल रहा है। कहा कि इनके आगमन से हमारा हौसला बुलंद होगा और जनता में एक अच्छा मैसेज जाएगा। इसका सीधा लाभ भाजपा को होगा। भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अभी से कमर कस चुकी है। पार्टी कार्यकर्ता अभी से जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं।

पेज एक का शेष

### जबलपुर से हुआ मध्यप्रदेश.. .. ..

हजार रुपए देने, गैस सिलेंडर 500 रुपए में देने, सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने, दो सौ यूनिट बिजली बिल आधे किए जाने, किसानों की कर्जमाफी को दोबारा शुरु करने और पूर्ववर्ती कमलनाथ सरकार में शेष बचे किसानों की कर्जमाफी करने की भी घोषणा की। इसी दौरान उन्होंने 15 महीने की कमलनाथ सरकार के जनहित के कार्य भी गिनाए। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय 27 लाख किसानों के कर्ज माफ किए गए। भाजपा ने लगभग 220 महीने के कार्यकाल में लगभग 225 घोटाले किए। उन्होंने उज्जैन स्थित श्री महाकाल लोक में हाल ही में मूर्तियों के क्षतिग्रस्त होने के संदर्भ में कहा कि भाजपा ने मां नर्मदा से लेकर महाकाल लोक को भी नहीं छोड़ा। वहां भी घोटाला किया गया। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि 18 साल से जनता के साथ गलत हो रहा है। धनादेश के बल पर जनादेश को कुचला गया, जोड़तोड से कांग्रेस की सरकार गिरा दी। इसके बाद भी अगर भाजपा सरकार कुछ अच्छा करती तो शायद ठीक होता, पर ऐसा कुछ नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि महंगाई, भूख, बेरोजगारी बढ़ रही है, पर जनता को बताया जा रहा है कि सुनहरा समय चल रहा है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश प्रदेश चलाने के लिए एक विजन और इच्छा होनी चाहिए निर्माण कराने की। कांग्रेस सरकारों ने काम कराए। पर सत्ता में आस्था रखने वाले कभी जनता की सुनवाई नहीं करते, जबकि कांग्रेस सुनवाई करती है। इसके साथ ही उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में कांग्रेस सरकारों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सूची गिनाई। इसके पहले श्रीमती वाड्रा ने जबलपुर स्थित ग्वारी घाट पर मां नर्मदा की विधिवत पूजा-अर्चना और नर्मदा आरती भी की।

### एक साल लगातार पैदल .. .. ..

वहां पहुंच जाने की सूचना यहां पहुंची है। मजेदार बात यह है कि केरल से मक्का जाते समय उन्होंने अपना एक यूट्यूब चैनल शुरू किया। वहां वह रोजाना अपडेटेड जानकारियां शेयर करता था। पैदल हज करने के लिए निकले शिहाब पाकिस्तान की सीमा पार करते समय मुश्किल में पड़ गए। क्योंकि उनके पास पाकिस्तान में प्रवेश करने के लिए वीजा नहीं था। उन्होंने वीजा पाने के लिए 1 महीने का लंबा इंतजार किया। इस यात्रा के दौरान कई अलग अलग चरणों में अनेक लोग भी उनके साथ पैदल चलते रहे।

### अपने संसदीय क्षेत्र में .. ..

कुशल संसाधन आवंटन और प्रभावी सार्वजनिक सेवा वितरण के लिए उच्च-गुणवत्ता वाला डेटा महत्वपूर्ण है। डेटा विभाजन को पाटने में मदद करने के लिए प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण एक महत्वपूर्ण उपकरण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एसडीजी हासिल करने के लिए लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण महत्वपूर्ण हैं। भारत में, हम महिला सशक्तिकरण तक ही सीमित नहीं हैं। हमारा विकास महिलाओं के नेतृत्व वाला है। महिलाएं विकास का एजेंडा तय कर रही हैं और विकास और बदलाव की एजेंट भी हैं। उन्होंने आह्वान किया, मैं आपसे महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के लिए गेम-चेंजिंग एक्शन प्लान अपनाने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि गंगा आरती और सारनाथ की यात्रा का अनुभव आपको वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा।

### चुराचांदपुर और कांगपोकपी .. .. ..

पुलिस बलों (सीएपीएफ) की 114 कंपनियों की तैनाती 30 जून तक बढ़ा दी है। मणिपुर में कांगपोकपी जिले के अंतर्गत आने वाले खमेनलोक में राज्य में लगभग एक दिन के लिए शांति बहाल होने के बाद ताजा हिंसा भड़क उठी। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, बदमाशों ने 12 जून को ग्रामीणों पर हमला किया और चार लोगों के घायल होने की सूचना मिली, जिसके बाद उन्हें इंफा पूर्व जिले के तहत राज मेडिसिटी में भर्ती कराया गया। असम के मुख्यमंत्री और एनईडीए के संयोजक हिमंत बिस्वा सरमा ने कुकी विद्रोही गुटों के नेताओं से मुलाकात की, जो संघर्ष विराम समझौते के अधीन हैं और 11-12 जून को मणिपुर में शांति बहाल करने के तरीकों पर चर्चा की। केएनओ के प्रवक्ता डॉ. सीलेन हाओकिप भी बैठक में उपस्थित थे।
दूसरी ओर, यूपीएफ के अध्यक्ष एसटी थांगबोई किपगेन और डेविड हैंगशिंग भी बैठक का हिस्सा थे। किपगेन ने आगे कहा, ह्लहम सीएम सरमा पर भरोसा करते हैं और केंद्रीय गृह मंत्री के साथ मिलकर काम कर रहे हैं कि मणिपुर में चल रहे इस मुद्दे का समाधान कैसे लाया जाए, इसलिए हम इंतजार करेंगे और देखेंगे कि चीजें कैसे आगे बढ़ेंगी। एसओओ समूह के चार नेताओं ने लंबी बैठक में भाग लिया, दो केएनओ से और दो यूपीएफ से। यह बैठक एनईडीए संयोजक के इंफाल दौरे के बाद हुई, जहां उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह, विधायकों और घाटी के नागरिक समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात की।
खबरों के अनुसार, हिमंत बिस्वा सरमा के चुराचांदपुर और कांगपोकपी का दौरा करने की संभावना है, जहां वह कुकी नागरिक समाज समूहों और राजनीतिक अधिकारियों के साथ मुलाकात करेंगे। सीएम सरमा मणिपुर में हिंसा के पिछले पांच हफ्तों से पर्दे के पीछे अथक प्रयास कर रहे हैं, जिसमें सौ से अधिक मौतें हुई हैं, 40,000 या उससे अधिक लोग विस्थापित हुए हैं, और कुकी और बहुसंख्यक मेइती के बीच विभाजन को बढ़ा दिया है।

### माइक्रोरोबोटिक पद्धति से .. ..

निर्माण किया जो फंगल कोशिकाओं को सटीक रूप से लक्षित और नष्ट कर सकता है। उन्होंने बड़ी सटीकता के साथ इन नैनोजाइम माइक्रोरोबोट्स के आकार और आंदोलनों को नियंत्रित करने के लिए विद्युत चुम्बकीय क्षेत्रों का उपयोग करके इसे हासिल किया। स्टीगर कहते हैं इस अध्ययन में नैनोकणों को नियंत्रित करने के लिए हम जिन विधियों का उपयोग करते हैं, वे चुंबकीय हैं, जो हमें उन्हें सटीक संक्रमण स्थान पर निर्देशित करने की अनुमति देती हैं। यह प्रत्यक्ष रूप से उच्च मात्रा में प्रतिक्रियाशील ऑक्सीजन प्रजातियों की उत्पत्ति की अनुमति देता है, ऐसे यौगिक जो संक्रमण के स्थल पर बायोफिल्म को नष्ट करने वाले गुणों को सिद्ध करते हैं।
स्टीगर कहते हैं, हमारी यह नैनोजाइम असेंबली फंगल कोशिकाओं के लिए अविश्वसनीय आकर्षण दिखाती है, खासकर जब मानव कोशिकाओं की तुलना में। यह विशिष्ट बाध्यकारी बातचीत अन्य असंक्रमित क्षेत्रों को प्रभावित किए बिना एक शक्तिशाली और केंद्रित एंटिफंगल प्रभाव का मार्ग प्रशस्त करती है। नैनोजाइम की अंतर्निहित गतिशीलता के साथ मिलकर, यह एक शक्तिशाली एंटीफंगल प्रभाव में परिणाम देता है, जो अभूतपूर्व 10 मिनट की अवधि के भीतर फंगल कोशिकाओं के तेजी से उन्मूलन का प्रदर्शन करता है। यह रोबोटिक्स दृष्टिकोण फंगल संक्रमण के खिलाफ लड़ाई में एक नई सीमा खोलता है और एंटीफंगल थेरेपी में एक महत्वपूर्ण बिंदु है।

### मात्र चार महीने में .. ..

महिलाओं और लड़कियों के लापता होने का यह सिलसिला पहले से ही चला आ रहा है। आंकड़ों के मुताबिक 2022 में, 5,380 से अधिक महिलाओं, ज्यादातर लड़कियों और किशोरों के लापता होने की सूचना मिली थी। यह संख्या 2021 के मुकाबले 9.7 फीसदी कम है। विभिन्न नारीवादी गैर सरकारी संगठनों के अनुसार, पुलिस और अभियोजक का कार्यालय कई मामलों की पर्याप्त जांच नहीं करता है क्योंकि उनका मानना है कि महिलाएं स्वेच्छा से भाग गई हैं। दूसरी तरफ इन महिलाओं और लड़कियों का इस्तेमाल मानव तस्करी के लिए भी किये जाने का संदेह व्यक्त किया गया है। दरअसल सरकारी स्तर पर औपचारिक तौर पर इनके लापता होने पर कोई बयान नहीं आने की वजह से ही ऐसा संदेह और बढ़ रहा है। कुछ संगठनों ने आशंका जतायी है कि देश में व्याप्त गरीबी का फायदा उठाकर कोई अंतर्राष्ट्रीय गिरोह चंद पैसों की लालच में इन महिलाओ को दूसरे देशों तक पहुंचा रहा है। एक बार देश से बाहर चले जाने के बाद वे दरअसल कहां और किस हाल में है, इसकी जानकारी भी नहीं मिल पा रही है।

## केंद्र में भाजपा सरकार मारेगी हैट्रिक - विजया सिंह

**बगहा :** 2024 की लोक सभा तथा 2025 बिहार विधानसभा के चुनावों पर मंथन करते हुये महा जनसंपर्क अभियान में भाजपा कार्यालय बगहा में रविवार देर शाम में सातों मोर्चा के अध्यक्षों व वरिष्ठ कार्यकताओं के बीच जिला बगहा महिला मोर्चा सह मधुबनी प्रखंड प्रमुख विजया सिंह ने सभा में पहुंचे उत्तर प्रदेश के जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे , बगहा विधायक राम सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र नाथ तिवारी, मीडिया प्रभारी हृदया नंद दुबे के समक्ष अपने संबोधन में कहा कि जिनकी खुद की वजूद दूर दूर तक नहीं है. अब वे लोग भी मेढ़क ग्रुप पार्टी बनाकर दिन में ही प्रधानमंत्री की ख्वाब देखना शुरू कर दिया है. केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार की जीत की हैट्रिक लगना तय है. इस पर सभा में बैठे सैकड़ों कार्यकताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका हौशला बढ़ाया. साथ ही उन्होंने कहा कि 2025 की बिहार विधानसभा की चुनाव में होने वाले चाचा भतीजे की सरकार के कार्य शैली पर तंज कसते हुये कहा कि वही 90 के दशक के जंगल राज के लोग अब जंगल राज पार्ट 2 का ड्रामा कर रहे हैं. जिसका मुखिया चाचा नीतीश कुमार हैं. वे एनडीए सरकार में मोदी जी के सहयोग से बिहार में विकास किया था . परंतु अपनी आदतों के अनुरूप फिर से पैंतरेबाजी कर जंगल राज पार्ट 2 के गोद में जाकर बैठ गये हैं. बहरहाल लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए अपनी महिला बिग्रेड को तत्काल प्रभाव से पूर्ण रूप से तैयार रहने का आह्वान किया. तथा जनसंपर्क अभियान में जन जन तक डोर टू डोर महिलाओं तक पहुंच कर उनके वंचित कार्यों में प्रधानमंत्री आवास, वृद्धा पेंशन, उज्वाला योजना में गैस कनेक्शन, राशनकार्ड तथा बिजली कनेक्शन दिलाकर सहायता कर उनके लंबित कार्यों को पूरा कराना होगा. वही सच्ची सहयोग होगी.साथ ही भाजपा के 9 वर्षों के कार्यकाल में देश दुनिया भर में मोदी की जय जयकारों को बिंदुवार बताने का कार्य करें .इस दौरान सोना दुबे, सहित सभी मोचाओं के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे.।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया जा सुप्रीमो का जन्मदिन

**तुरकौलिया :** पूर्व मुख्यमंत्री सह राजद सुप्रीमो लालू यादव का जन्मदिन मनाया गया। हरसिद्धि विधानसभा के पूर्व विधायक राजेंद्र कुमार राम के नेतृत्व में तुरकौलिया पश्चिमी पंचायत के महादलित बस्ती बलही गांव में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां राजद सुप्रीमो के 76वें जन्मदिन के अवसर पर जिला पार्षद आभा कुमारी ने केक काटकर लोगों को खिलाया। इस दौरान कार्यकताओं के अलावे महिलाएं एवं बच्चे भी उपस्थित थे। तुरकौलिया 20 के जिला पार्षद आभा कुमारी ने कहा कि लालू जी गरीबों के मसीहा और समाजिक न्याय के महानायक हैं। वह गरीबों, अकलियतों, पिछड़ा व अतिपिछड़ा वर्ग के लोगों को आगे बढ़ाने का हमेशा काम किए हैं। साथ ही बेजुबानों का हमेशा आवाज बनकर उनकी समस्याओं को उठाने का काम आज भी कर रहे हैं। साथ ही शुरू से ही पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव गरीबों के हिमायती रहें हैं। मौके पर आमोद मांझी, गुलाब अहमद, चंदन कुशवाहा, प्रिंस राज, जानकी देवी, गीता देवी, गीता देवी, राजेश खन्ना, लाल साहेब, खालीद अनवर, शंभू मांझी, भुनेश्वर मांझी, अच्छेलाल मांझी आदि मौजूद थे।

# सुगौली प्रखंड के फुलवरिया पंचायत में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली,पू.च:** प्रखंड के फुलवरिया पंचायत अन्तर्गत छपवा चौक पर नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूसन कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू किया गया।यह कार्य कार्यपालक विधुत अभियंता प्रदीप सुमन और सहायक विधुत अभियंता सुनील रंजन के निदेर्शानुसार शुरू किया गया।यह स्मार्ट मीटर सिक्योर कंपनी द्वारा लगाया जा रहा है।सहायक बिधुत अभियंता सुनील रंजन ने बताया की स्मार्ट मीटर लग जाने से ग्राहकों को कई सुविधाएं मिलेंगी जैसे ग्राहक रोज की अपनी खपत देख सकते है,बिजली कटने से 72 घंटे पहले सूचना दी जाएगी, उन्होंने बताया की बिजली कार्य दिवस के दौरान ही कटेगी और 10 बजे से 1 बजे के मध्य ही कटेगी ताकि ग्राहक को कोई असुविधा ना हो। राष्ट्रीय छुट्टी- पर्व त्योहार के दिन बिजली नही कटेगी।मौके पर सिक्योर कंपनी के कर्मी सहित एनबीपीडीसीएल के कर्मी भी उपस्थित थे।सबडीविजन इनचार्ज तेजप्रताप सिंह ने बताया की स्मार्ट मीटर लगाना सभी ग्राहकों के लिए अनिवार्य है,ग्राहकों के पुराने मीटर को बदल कर इस स्मार्ट मीटर को लगाया जायेगा।वही मीटर बदलने के लिए कोई शुल्क देय नही होगा।विधुत उपभोक्ता प्ले स्टोर से बिहार सुगम स्मार्ट मीटर एप्लीकेशन डाउनलोड करके रिचार्ज कर सकते हैं।एनबीपीडीसीएल के लाइनमैन उज्जवल कुमार दीपू ने बताया की इससे ग्राहकों को सहुलियत होगी।

## मंगलपुर में बनेगा भव्य लक्ष्मी नारायण का मंदिर, होंगे दशावतार के दर्शन

**बगहाः** प्रखंड ु2 के मंगलपुर औसानी पंचायत में दुर्गा स्थान से सटे उत्तर दिशा में सनातन वैदिक संस्कृति के उत्थान हेतु दशावतार दर्शन व सनातन वैदिक संस्कृति नाम से लक्ष्मी नारायण मंदिर का भव्य निर्माण होगा। श्रावण मास में भूमि पूजन के उपरांत भव्य मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा । इसकी जानकारी मंदिर निर्माण समिति के सचिव निपु कुमार पाठक अध्यक्ष रवि शुक्ला एवं उपस्थित सदस्यों ने संयुक्त रूप से दिए। समिति के सदस्यों का कहना है कि लोगों में भक्ति जगे, इसके लिए भगवान विष्णु के दसों अवतारों के दर्शन हेतु लक्ष्मी नारायण मंदिर की स्थापना , वैदिक सनातन वैदिक संस्कृति संरक्षण हेतु संस्कृत शाला एवं ज्योतिष शाला की स्थापना इसका मुख्य उद्देश्य है। सनातन वैदिक संस्कृति संरक्षण हेतु संस्कृत के उत्थान और वैदिक ग्रंथों की पढ़ाई के लिए इस मंदिर में विशेष प्रावधान होगा।इसके लिए भूमि दाता रविशंकर शुक्ला ने एनएच 727 मंगलपुर जमीन जो उनके स्वर्गीय दादा भोलानाथ शुक्ल के नाम से है उसमें से 6 कट्ठा जमीन मंदिर के नाम पर समर्पित किए हैं। मंदिर निर्माण कार्य के लिए श्री परशुराम धाम नाम से समिति बनी ।जिसके सचिव निप्पू कुमार पाठक बनाए गए हैं और आजीवन अध्यक्ष के रूप में रविशंकर शुक्ल, उपाध्यक्ष के रूप में माधवेंद्र पांडे कोषाध्यक्ष के रूप में हृदयानंद दुबे, उप कोषाध्यक्ष के रूप में जनार्दन शुक्ला के अलावे कई जिम्मेदार पद अन्य कोर कमेटी का गठन किया गया है। मंदिर निर्माण कार्य में गुरुकुल एकेडमी का संस्थापक प्रधानाचार्य योगेश पांडेय का अहम योगदान रहा है।

## आम की रखवाली करने वाले को मारी गोली

**बेगूसरायः** बेगूसराय में अपराधी बेलगाम हो गये हैं यही कारण है कि एक के बाद एक अपराधी की घटनाओं को बेखौफ अंजाम दे रहे हैं। इस बार आम के बगीचे की रखवाली करने वाले अधेड़ को बदमाशों ने गोली मारी है। घटना मंझौल थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि मंझौल पंचायत-चार सिउरी स्थित बांध के समीप डेरा पर सोए हुए अधेड़ को अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया। घायल की पहचान मंझौल पंचायत-चार वार्ड संख्या 12 निवासी 55 वर्षीय विष्णुदेव ठाकुर उर्फ बीसो ठाकुर के रूप में हुई। परिजनों ने घायल को बेगूसराय के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। परिजनों ने बताया कि बूढ़ी गंडक नदी के बांध के पास डेरा पर आम के बगीचे में बीसो ठाकुर सोए हुए थे। तभी अज्ञात बदमाशों ने सोए अवस्था में उन्हें गोली मारकर घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही ओपी अध्यक्ष अजीत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी ली। बदमाशों ने गोली क्यों मारी है इस बात का पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है।

## जो गलत है उसे सहने की नहीं बोलने की जरूरत है

**मोतिहारी पू चंः** जनभागीदारी ऋ20 कार्यक्रम के अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान मोतिहारी द्वारा सभी प्रतिभागियों को आज आत्मरक्षा का पाठ पढ़ाया गया। निदेशक के द्वारा बताया गया की जैसे स्वस्थ्य रहने के लिए सलाह दी जाती है प्रिवेंशन इज बेटर देन क्योर ठीक वैसे ही महिलाओं और लड़कियों पर होने वाले अपराधिक मामलों में भी यही फामूर्ला लागू होता है चुप न रहे विरोध करे। कभी भी शोषण करने वाला ही केवल दोषी नहीं होता है शोषण को सहने वाले भी दोषी होते है। इसलिए सभी को अपने ऊपर भरोसा होना जरूरी है। अपने आत्मविश्वास को मजबूत रखना चाहिए। अगर आपको लगता है की ये चीज मेरे लिए ठीक नहीं है तो उसे सामने से मना कर दीजिए जो गलत है उसे सहने की नही बोलने की जरूरत है। लड़कीयो और महिलाओं को आत्मरक्षा की ट्रेनिग होनी जरूरी है ताकि उनके साथ कोई घटना न हो। कभी भी परिवाले के अलावा अपनी पूरी बात दूसरे किसी के साथ शेयर न करे हमेशा एक समय में ही कही आना जाना न करे। इसी तरह से संस्थान के प्रशिक्षक और कर्मियों ने भी बारीबारी से अपना अपना विचार व्यक्त किया।

## बाइक सवार युवक गंभीर रुप से हुआं जख्मी, इलाज के क्रम में हुई मौत,गांव में पसरा सन्नाटा

**सुगौली,पू चः** स्थानीय थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाली सुगौली-रक्सौल राष्ट्रीय उच्च पथ में सिकरहना पुल के समीप पुलिस ने एक बाइक सवार को गंभीर रूप से जख्मी हालत में पाया।जिसको इलाज के लिए पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया।इस बाबत थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा ने बताया कि सिकरहना पुल के समीप घायल अवस्था में पाये गए बाइक सवार को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।जहां सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।मृतक सुगौली बाजार वार्ड 8 निवासी भागवत प्रसाद का पुत्र महेश कुमार बताया गया है।पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है।घटना स्थल पर पहुंचे एएसआई साधु शरण सिंह ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों के द्वारा आवेदन मिलने पर अगली कार्रवाई की जाएगी।

## बाल श्रम उन्मूलन के लिए विशेष जागरुकता रथ को अनुमंडल पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

**रक्सौल पू चंः** 12 जून अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी रविकांत सिन्हा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार द्वारा बाल श्रम उन्मूलन के लिए विशेष जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस संयुक्त जागरुकता कार्यक्रम मे प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चंपारण की परियोजना एक्सेस टू जस्टिस, मानव तस्करी रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया सशस्त्र सीमा बल 47 वीं वाहिनी पंटोका, आशीष परियोजना डंकन अस्पताल, प्लान इंडिया एवं चाइल्ड लाइन सब सेंटर रक्सौल के तहत अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर संयुक्त जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी रवि कांत सिन्हा द्वारा बताया गया कि बाल श्रम उन्मूलन हेतु जागरुकता रथ को रवाना किया गया है इस से हमारे समाज के लोगो को यह जानकारी देनी है कि 6 वर्ष से 14 वर्ष के नाबालिक बच्चो को मजदूरी करना कानून जुर्म है। बच्चे हमारे देश के भविष्य है उनकी रक्षा करना हमारा कर्तब्य है वही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार द्वारा बताया गया कि बाल श्रम उन्मूलन हेतु विशेष जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिससे लोगो में जागरुकता पैदा हो और लोग नाबालिक बच्चे से बाल श्रम करना बंद करे ताकि हमारे समाज से इस समस्या को मिटाया जा सके। एस एस बी (ए एच टी यू) इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा द्वारा नारा लगाते हुए लोगो को जागरूक किया गया' हम सब ने ये ठाना हैं बाल श्रम मिटाना है' का नारा देते हुए कार्यक्रम को बढ़ाया गया और भिन्न भिन्न जगहो पर लोगो को बाल श्रम ना करने की जानकारी देते हुए जागरुकता रथ को आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चम्पारण की जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी द्वारा किया गया जिस मे अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी सहभागियों संबोधित करते हुए सभी से आग्रह किया गया की अपने स्तर से सभी जगहो पर बाल श्रम ना कराने की जानकारी दे जिस से हमारे समाज के सभी बच्चे अपने अधिकार से वंचित ना हो। जागरुकता रथ को आगे बढ़ाते हुए रक्सौल रेलव स्टेशन परिसर मे यात्रियों के बीच स्टेशन अधीक्षक, रेलव सुरक्षा बल इंस्पेकटर ऋतु राज कश्यप, राजकिय रेल पुलिस के उपस्थिति में उनके द्वारा बताया गया की बाल श्रम बहुत ही चिंता जनक विषय है जिस पे हम सभी को एक जुट हो कर ही इस पर रोक लगाया जा सकता है। वही रेलवे स्टेशन परिसर में श्रम परिवर्तन पदाधिकारी प्रतियुष कुमार द्वारा सभी यात्रियों और अलग अलग जगहो पर लोगो को बाल श्रम उन्मूलन हेतु जानकारी दी गयी तथा श्रम विभाग द्वारा बच्चो को मिलने वाले लाभ को बताया गया। डंकन अस्पताल की आशीष परियोजना के दिलीप कुमार द्वारा स्टेशन परिसर में नारा लगाया गया की बच्चे को बचपन की उड़ान दे दो, मजदूरी रोक उनके चेहरे की मुस्कान दे दो। मौके पर आशीष परियोजना से फ्रांचीस मनी, शालनी जुम्नके, मुकेश कुमार, प्रयास संस्था के सामाजिक कार्यकर्ता विजय कुमार शर्मा, राज गुप्ता, एस एस बी (ए एच टी यू) से सब इंस्पेस्टर नेहा आदि मौजूद थे।

# मुस्लिम बाहुल्य इलाके में 'मोहन' ने पार्षद बनकर फहराया जीत का परचम

डिप्टी मेयर ने नवनिर्वाचित पार्षद का किया स्वागत

1639 वोट प्राप्त कर प्रतिद्वंदी को दिया शिकस्त



राष्ट्रीय खबर

**गयाः** अंततः वार्ड नंबर 26 से पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने विजयश्री का माला पहनते हुए चौथी बार पार्षद होने का गौरव प्राप्त कर ही लिया। बीते कई वर्षों से गया नगर निगम की राजनीति में महारत हासिल करने वाले मोहन श्रीवास्तव मुस्लिम बाहुल्य इलाकों से प्रचंड जीत प्राप्त कर निगम में धुरंधर साबित हुए। पहली बार वार्ड नंबर 26 की जनता ने पार्षद चुनकर नगर निगम में मोहन श्रीवास्तव की वापसी की है। जो गया नगर निगम के इतिहास मे स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। कल तक इस वार्ड पर एक खास वर्ग का दबदबा था।लेकिन आज गंगा- जमुनी तहजीब की अनोखी पहल देखने को मिल रही है। गया नगर निगम के उपचुनाव में इन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी आसिफ अहसन को 567 वोटों से शिकस्त देकर जीत पाई है। विजेता उम्मीदवार को 1639 वोट और उपविजेता को 1072 वोट प्राप्त हुए। विजयी की खबर पाते ही उनके समर्थकों में खुशियों की लहर दौड़ गई। मौसम की तल्खी के बीच नगर निगम की सियासी पारा भी तेज हो गई। चुनाव नतीजे पर गौर करें तो मोहन श्रीवास्तव को मुस्लिम वोटरों ने लाज बचाई है। जीत के बाद समर्थकों ने उत्साह के साथ माला पहना कर जीत की बधाइयां दी। क्षेत्र में पटाखे फोड़े गए, समर्थकों में मिठाइयां बांटी गई और जिंदाबाद के नारे लगाए। मतगणना स्थल के बाहर सैकड़ों की संख्या में समर्थक फूल माला लेकर अपने मोहन श्रीवास्तव की प्रतीक्षा कर रहे थे।जैसे ही वह बाहर आए समर्थकों ने उन्हें फूल और मालाओं से लाद दिया और जिंदाबाद के नारे लगाए। ढोल-नगाड़े के बीच उनके समर्थक उत्साह से लबरेज रहे। इसके बाद वार्ड नंबर 26 के विभिन्न गली मोहल्लों में समर्थकों के साथ नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद मोहन श्रीवास्तव ने घूम-घूम कर जनता का आभार जताया। क्षेत्र में कई जगह पर ढोल नगाड़े बज रहे थे। बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ था। इस जीत को जनता की जीत बताया और धन्यवाद दिया कि उन्होंने उन पर विश्वास जताया है।अपने क्षेत्र की जनता के दम पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।ज्ञात हो कि वर्ष 2007 से 2022 तक वार्ड नंबर 10 से मोहन श्रीवास्तव लगातार पार्षद रह चुके हैं। लंबे समय तक डिप्टी मेयर के पद पर भी काबिज रहे। बीते दिसंबर 2022 में वार्ड नंबर 10 से वार्ड पार्षद पद के लिए चौथी बार चुनाव लड़े थे लेकिन उन्हें किस्मत ने साथ नहीं दिया। 6 महीने के बाद हुए उपचुनाव में उन्होंने पांचवी बार पार्षद पद का चुनाव लड़ा जिसमें उन्हें सफलता मिली।

# शॉर्ट सर्किट से आग लगने से नगती सहित हजारों संपत्ति जलकर हुआं धुआं-धुआं

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली,पू चः** थाना क्षेत्र के सुकुल पकड़ पंचायत के गांव में बिजली के शॉर्ट सर्किट से रविवार की शाम में लगी आग में मुस्लिम मियां की फुसनुमा घर जल गई।जिसमें बीस हजार नगदी सहित हजारों रुपये की संपति जल जाने की बात बतायी गई।दिए गए आवेदन में अग्नि पीड़ित मुस्लिम मियां की पत्नी ने बताया कि बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गया।जिसमें घर के कपड़े,खाने-पीने के समान,बर्तन बिछावन सहित बक्से में रखे गए बीस हजार रुपये और सामान सहित हजारों रुपए की संपत्ति जल कर खाक हुई है।आग की लपटें उठते देखें स्थानीय लोगों ने थाना को फोन किया।जहां से मिनी फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग लगी घटनास्थल पर पहुंची।फायर कर्मी अजय कुशवाहा अपनी टीम के साथ स्थानीय लोगों के सहयोग से आग को बुझाया गया।इस घटना की सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय मुखिया अशफाक अहमद को दी।सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया और बताया कि अगलगी में हुई क्षति का आकलन कराया जाएगा।जिसके बाद सरकारी आपदा विभाग से मिलने वाली सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# युवा राष्ट्रीय लोक जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष बने अजय,कार्यकताओं में हर्ष का माहौल

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली,पू.चः** युवा राष्ट्रीय लोक जनता दल के पूर्वी चम्पारण जिलाध्यक्ष प्रकाश सिंह कुशवाहा ने सुगौली प्रखंड का युवा अध्यक्ष अजय ठाकुर को मनोनित किया है।इसको लेकर जिलाध्यक्ष श्री कुशवाहा ने अपने पत्रांक-6 दिनांक-11.06.2023 के आलोक में एक मनोनयन पत्र जारी किया है।और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पार्टी के निर्धारित और संचालित कार्यक्रमों में अहम भूमिका निर्वाहन करने की आशा की है।राष्ट्रीय लोक जनता दल के सुगौली प्रखंड युवा अध्यक्ष मनोनित किए जाने पर अजय ठाकुर ने जिलाध्यक्ष,प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष को धन्यवाद दिया है।और उन्होंने विश्वास दिलाया है कि वे अपने इस पद पर पूरी ईमानदारी,लगन और निष्ठा के साथ पार्टी की मजबूती के लिए काम करेंगे।वही अजय ठाकुर को सुगौली प्रखंड का युवा राष्ट्रीय लोक जनता दल का प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संत सिंह कुशवाहा,जिला महासचिव विभूति नारायण सिंह,राज कुमार सर्राफ,बिंदेश्वरी प्रसाद,मृत्युंजय पासवान,सुनील पटेल,पम्मी भगत,इकबाल मियां,विष्णु यादव,मुखिया अशोक पासवान,सरपंच मितेन्द्र पासवान सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

# फायर टीम ने आग से बचाव के लिए लोगो को दिए टिप्स,बाटा पंपलेट

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली,पू.चः** स्थानीय थाना की फायर ब्रिगेड की टीम ने लोगो को अग्नि कांडो से बचाने के लिए मॉक ड्रिल चलाया। थाना अग्निशमन कर्मी अजय कुमार कुशवाह ने बताया कि थाना क्षेत्र के फुलवरिया पंचायत के वार्ड नं 6 में हमारी टीम पहुंची जहां आग से सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल करवाया।जहां पहुंचे महिला पुरुष सहित अन्य लोगो को बताया गया कि घर के चूल्हे,अलाव या अन्य कारणो से आग लगती है साथ ही गैस सिलेंडर के रिसाव से या बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगती है। टीम ने बताया कि आग लगने के बाद तुरंत थाना के फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दे।और तत्काल स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से सुरक्षित तरीके से आग बुझाने का प्रयास करें।टीम ने बताया कि इन दिनों आग लगने की घटना अधिक होती है इसलिए पूरी सावधानी बरते और अन्य लोगो को भी इससे बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें की सलाह दी गई।टीम ने मौके पर उपस्थित लोगो को आग से सुरक्षा की जानकारी देने वाला पंपलेट का वितरण किया गया।

## एसएसबी के द्वारा रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**बगहाः** 65वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया शिविर बगहा के द्वारा श्री विनय अग्रवाल कमांडेंट चिकित्सक एवं चिकित्सा दल की उपस्थिति में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमे वाहिनी के 26 बल कर्मियों तथा एक संदीक्षा सदस्य द्वारा कुल 27 के द्वारा रक्त दान किया गया।यह शिविर जीएमसीएच बेतिया के सहयोग से लगाया गया । जिसमे उक्त विभाग के डॉ. सानी अंसारी जीएमसीएच बेतिया तथा चिकित्सा दल मौजूद थे।इस कार्यक्रम के माध्यम से चिकित्सक महोदय के द्वारा सभी बलकर्मियों को जागरूक किया गया और ज्यादा से ज्यादा रक्त दान कर किसी के अमूल्य जीवन को बचाने का आह्वान किया गया।इस कार्यक्रम में श्री विनय अग्रवाल कमांडेंट चिकित्सा 65वी वाहिनी, श्री अच्युत सिंह द्वितीय कमान अधिकारी कार्यवाहक कमांडेंट, 65वी वाहिनी, श्री सौरभ कुमार उप कमांडेंट, श्री राजन कुमार सहायक कमांडेंट, श्री भरत सिंह यादव सहायक कमांडेंट संचार, वाहिनी का चिकित्सा दल तथा वाहिनी के बलकर्मी उपस्थित थे।

# एसडीएम के निर्देश पर निजी जांच घरों की हुई जांच

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** एसडीएम अनुपमा सिंह द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम ने नगर में संचालित जांच घरों एवं अल्ट्रासाउंड केंद्रो का जांच किया। जिसमे मुस्कान अल्ट्रासाउंड और अन्नपूर्णा सीटी स्कैन ,और लवली जांच घरों का जांच किया गया अंचल के सीओ दीपक कुमार के नेतृत्व में गठित टीम में पटखौली ओपी की पुलिस सहित शहरी पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी शामिल थे। सीईओ बगहा दो दीपक कुमार ने बताया कि एसडीएम के निर्देश के आलोक में नगर में संचालित तीन अल्ट्रासाउंड जांच केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान केंद्र संचालक को लेकर निर्धारित मानकों को सहित साफ सफाई ,शौचालय आदि विभिन्न बिंदुओं पर जांच की गई। सीओ ने बताया कि सोमवार को नगर के मुस्कान जांच केंद्र एवं अन्नपूर्णा अल्ट्रासाउंड केंद्र के साथ लवली का जांच किया गया । उन्होंने बताया कि एसडीएम के निर्देश के आलोक में विभिन्न बिंदुओं पर जांच की गई। जांच प्रतिवेदन एसडीएम को सुपुर्द किया जाएगा। इस मामले में अगर कहीं त्रुटि मिलती है तो इसको लेकर अनुमंडल प्रशासन की ओर से संबंधित जांच केंद्रों पर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर शहरी पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरशद कमल, डॉक्टर इरशाद आलम, डॉ डीपी गुप्ता ,सहित पटखौली थानेदार नितेश कुमार के साथ अन्य पुलिस बल आदि मौजूद थे।

# मुंगेर एसपी ने अपराधिक घटनाओं की समीक्षा कर आवश्यक कारवाई करने का दिया निर्देश

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेरः** मुंगेर स्थित पुलिस कार्यालय में जिला के सभी थाना अध्यक्ष अंचल पुलिस निरीक्षक ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति में अपराध अनुसंधान नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए म ई माह का अपराध गोष्टी समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुंगेर पुलिस कप्तान जे जे रेड्डी ने अपराधिक घटनाओं की समीक्षा कर आवश्यक कारवाई किए जाने के लिए पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित गया । बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक मुंगेर क्षेत्र द्वारा दिए गए आदेशों के अनुपालन की समीक्षा, लोक शिकायत मामलों से संबंधित परिवाद पत्रों के निष्पादन में गति लाने, 300 दिन वाले पुलिस रिपोर्ट की समीक्षा, साइबर परिवाद के आलोक में आवश्यक कार्रवाई करने, जख्म जांच ,पोस्टमार्टम ,एफएसएल हेतु लंबित कांडों की विवरण उपलब्ध कराये जाने ,लंबित कांडों के निष्पादन हेतु लक्ष्य निर्धारण, मई माह में प्रतिवेदित एवं निष्पादित कांडों की समीक्षा, गृह भेदन ,चोरी , लूट ,डकैती एवं हत्या की घटनाओं की रोकथाम हेतु, अपराध के मुख्य शीर्ष हत्या ,लूट, डकैती, बलात्कार ,पुलिस पर हमला,एस सी एसटी आदि कांड के वांछितो की गिरफ्तारी एवं कांडों का निष्पादन, वारंट इश्तेहार कुर्की के निष्पादन व तमिला की समीक्षा, माननीय न्यायालय में केस डायरी उपलब्ध कराए जाने को लेकर समीक्षा ,आरोप पत्र अंतिम प्रपत्र समर्पित करने हेतु, कोर्ट परिवाद पत्र के आलोक में प्राथमिकी की समीक्षा, वाहन चेकिंग के क्रम में रोको टोको अभियान, स्टेशन, बैंक, पेट्रोल पंप एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में सघन रूप से चेकिंग की कार्रवाई, गश्ती दल को वरीय पदाधिकारी द्वारा एवं गश्ती दल को चेकिंग की कार्रवाई ,मद्य निषेध कानून का अनुपालन, शराब पीने वाले की गिरफ्तारी, शराब विनष्टीकरण की कार्रवाई, वाहन यजसात की कारवाई, भूमि मकान अधिहर ण की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

# जगदेव पासवान जयंती पर अपनी ही पार्टी पर प्रदेश उपाध्यक्ष ने साधा निशाना

राष्ट्रीय खबर



**ह.खड़गपुर :** जनतांत्रिक विकास पार्टी मुख्यालय महादेवपुर में अमर शहीद जगदेव पासवान का शहादत दिवस मनाया गया। अध्यक्षता पार्टी के प्रधान महासचिव प्रो. सीताराम यादव ने किया। जिसमें मुंगेर, जमुई, बांका और भागलपुर के सभी सक्रिय सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सुखदेव यादव, प्रदेश महासचिव उधो यादव, प्रदेश विशेष रूप से उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने अमर शहीद जगदीश पासवान को माला चढ़ाकर गरीबों को हर संभव मदद करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पार्टी के संग्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष चंद्रदेव दास के नेतृत्व में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें लोक कलाकार पवन की टीम शामिल हुए। वहीं, प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि जनतांत्रिक विकास पार्टी का एक समूह बहुजन समाज पार्टी के साथ विलय किये हैं, लेकिन अधिकांश राज्य कमेटी के सदस्य उनके विलय के खिलाफ हैं। कोई दूसरा विकल्प पर विचार किया जा रहा है। तबतक हम सारे लोग जनतांत्रिक विकास पार्टी के साथ ही जुड़े रहेंगे। कुछ लोग पार्टी को निजी संपत्ति मानकर मनमना कार्य प्रणाली चालू किए हैं। जिसका विरोध बिहार राज्य कमेटी के बहुसंख्यक सदस्य करते हैं। बहुत जल्द पटना में बिहार राज्य कमिटी की बैठक बुलाकर ठोस निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने सक्रिय सदस्यों का आह्वान करते हुए कहा कि पार्टी का विरोध कर-के नई शक्ति को जन्म दें, इस मौके पर पार्टी के कई सदस्य मौजूद थे।

## दोन नहर में डुबकर एक युवक की मौत

**बगहा :** लौकरिया थाना क्षेत्र के भड़छी गांव के समीप रविवार की देर शाम दोन नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक दोन नहर में नहाने के लिए गया था। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा डूबा। अन्य बच्चों ने हो-हल्ला किया तो ग्रामीण बच्चे को ढूंढने के लिए कूद पड़े। इसकी जानकारी इसके परिजनों को मिली तो रोते बिलखते नहर पर पहुंचे । जहां ग्रामीणों की मदद से उन्होंने ढूंढना शुरू किया। जिसे काफी मशक्कत के बाद मिश्रौली और बरवा खुर्द के बीच से निकाला गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। लौकरिया थाना अध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि युवक की पहचान लौकरिया थाना क्षेत्र के भड़छी गांव निवासी लालबाबू साह का 14 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार के रूप में की गई है। लौकरिया थाना पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोमवार के दिन अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेजा गया।

## खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को मिलेगी 10 लाख रुपए तक की सब्सिडी



खादी मेला में उद्यमी संवाद

राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर :** 12 जून बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा स्थानीय आरडीएस कॉलेज प्रांगण में लगाए गए खादी मेला एवं उद्यमी बाजार में जिला उद्योग केंद्र मुजफ्फरपुर द्वारा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों के मार्गदर्शन के लिए संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नई औद्योगिक इकाइयों को लगाने तथा पुरानी औद्योगिक इकाइयों को उन्नत बनाने के लिए पीएम एफएफएमई योजना एक विशिष्ट योजना है जिसका क्रियान्वयन बिहार सरकार के खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय द्वारा किया जाता है। उन्होंने उद्यमियों को बताया कि यह क्रेडिट लिंक योजना है जिसमें औद्योगिक इकाइयों को अधिकतम 1000000 तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत मार्केटिंग और ब्रांडिंग के लिए भी सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। किसानों की प्रड्यूसर कंपनियों तथा सेल्फ हेल्प ग्रुप के लिए भी अनेक प्रावधान इस योजना के तहत किए गए हैं। इस योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में काम करने वाले सेल्फ हेल्प ग्रुप के सदस्यों को 40000 प्रति सदस्य की मदद की जाती है। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को आवेदन प्रक्रिया में मदद करने के लिए उद्योग विभाग द्वारा जिला संसाधन सेवी बहाल किए गए हैं जिनकी सेवा निशुल्क उपलब्ध है। आवेदन करने से लेकर ऋण स्वीकृति और ऋण वितरण तक के कार्य में जिला संसाधन सेवी द्वारा सहायता दी जाती है। कार्यक्रम में मुजफ्फरपुर के जिला खादी ग्रामोद्योग पदाधिकारी कमलेश कुमार त्रिवेदी, उद्योग विस्तार पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार, नरेश पासवान, राजेश कुमार श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश चौधरी और अनेक जिला संसाधन सेवियों ने भी हिस्सा लिया।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, चालक समेत तीन घायल

**चकिया पू चं:** थाना अंर्तगत दो अलग-अलग हुई सड़क दुर्घटना में सोमवार को एक युवक की मौत हो गई जबकि चालक समेत तीन घायल हो गया। पहली घटना एसआरएपी कॉलेज के निकट एनएच 28 पर अहले सुबह हुई। जिसमें ट्रक व हाइवा की आमने-सामने हुई जोड़दार टक्कर में दोनों के चालक घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए एनएचएआई के एम्बुलेंस से आनन- फानन में अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। घायल हाइवा चालक की पहचान थाना क्षेत्र के हाता हरपुर गांव निवासी अशोक कुमार जबकि ट्रक चालक की पहचान रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी राम बिहारी साह बताए जाते है। यातायात बहाल करने के लिए किरान की मदद से दोनो गाड़ी को बीच सड़क से हटाया गया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रक व हाइवा को जब्त कर लिया है। दुसरी तरफ थाना क्षेत्र के बाराघाट पुल के निकट अज्ञात वाहन के ठोकर से बाइक पर सवार दो युवक में एक की मौत हो गई जबकि एक युवक घायल हो गया। मृतक की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मेघुआ गांव निवासी 27 वर्षीय रविंद्र पासवान तथा घायल साहेबगंज थाना क्षेत्र के गवना गांव निवासी 28 वर्षीय धर्मेंद्र पासवान के रूप में बताई गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रकिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया।

## शंखनाद : गढ़हरा में रेल वैगन पुनरुद्धार कारखाना चालू होने तक होगा आंदोलन

**गढ़हरा, बरौनी :** रेलवे पुनरुद्धार समिति, गढ़हरा बरौनी की ओर से पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद यादव का 76वें जन्मदिवस पर समर्थकों ने चरणबद्ध आंदोलन का शंखनाद किया। इस मौके पर गढ़हरा बरौनी रेल परिक्षेत्र के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं को पूरा कराने के लिए चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। संयोजक अशोक कुमार मुन्ना ने कहा कि राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दोनों केंद्रीय रेलमंत्री रह चुके हैं। बीते 17 अक्टूबर, 2007 को तात्कालिक रेलमंत्री लालू प्रसाद यादव गढ़हरा पहुंच रेलवे वैगन पुनरुद्धार कारखाना का शिलान्यास किया था। कार्यक्रम रेलवे इंटर काँलेज गढहरा में हुआ था। गढ़हरा के लिए पहली सौगात करोड़ों की लागत से वैगन कारखाना का टाइल्स लगा हुआ कई कमरे बनाये गये। टावर टंकी बनाया गया, जो अर्द्धनिर्मित भवन आदि आज खंडहर में तब्दील हो रहा है। इसका विकास करने के बजाय यह कैम्पस बिहार सरकार के वन विभाग को सौंप दिया गया, जो आश्चर्यजनक है। श्री मुन्ना ने कहा कि शिलान्यास कार्यक्रम में रेलमंत्री के साथ मंचासीन नेताओं ने भी मुंह बंद कर लिया। आज कारखाना में सैकड़ों लोगों की नौकरी और सैकड़ों परिवार को रोजगार मिलना तय था। कहा कि एशिया प्रसिद्ध गढहरा रेलवे यानान्तरण की संपूर्ण बंदी 1995 में ही हो गयी। इसके बाद लालूजी के आगमन से विकास का द्वार खुलने की आशा जगी थी। बैठक में प्रगतिशील सहयोग समिति के सदस्य मो खालिद, रामाधार यादव, सरोज कुमार पाठक, सुरेंद्र साह, रामदास पासवान, लक्ष्मी राय, फूदन महतो, गोपाल कुमार चौधरी, महेंद्र सिंह सहित दर्जनों श्रमिक शामिल थे।

# प्रखंड शिक्षक अब इस जून महीने में अपना स्थानांतरण करा सकेंगे

राष्ट्रीय खबर




**सुगौली,पू.चः** प्रखंड के मध्य विद्यालय और उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रखंड शिक्षक अब इस जून महीने में अपना स्थानांतरण करा सकेंगे।शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी कार्यालय के द्वारा एक आदेश जारी किया गया है। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ने अपने कार्यालय के ज्ञापांक-74, दिनांक -10.06.2023 के आलोक में एक पत्र जारी किया है।जिसमें बताया गया है कि राज्य माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक के ज्ञापांक-923, दिनांक-23. 05.2023 के आलोक में प्रखंड प्रमुख की सहमति से सुगौली प्रखंड के मध्य विद्यालय और उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रखंड शिक्षकों का स्थानांतरण किया जाना हैं।कार्यालय से जारी पत्र के आलोक में जो शिक्षक अपनी इच्छा के अनुसार स्थानांतरण करवाना चाहते है। वे प्रखंड कार्यालय द्वारा जारी प्रपत्र में अपना आवेदन पत्र भर कर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के कार्यालय में 10 जून से 20 जून के बीच जमा करा दें। बताया गया कि इसके लिए प्रखंड के कार्यपालक सहायक जयप्रकाश कुमार पाल और कैथवलिया राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक योगेंद्र प्रसाद को प्राधिकृत किया गया है। इस आदेश के आलोक में अब प्रखंड के मध्य विद्यालय और उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रखंड शिक्षक अपनी इच्छा अनुसार अपना स्थानांतरण करा सकेंगे।

# छात्र जदयू ने बीएड की लंबित परीक्षा शुरू करने को लेकर दिया धरना

### कुलपति ने मांगों को पूरा करने का दिया आश्वासन

राष्ट्रीय खबर



**बोधगया :** छात्र जदयू मगध विश्वविद्यालय के अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा ने सैकड़ों छात्रों के साथ मगध विश्वविद्यालय मे बी एड सत्र-2021-23 के द्वितीय वर्ष की लंबित परीक्षा लेने के लिए धरना दिया।धरना का नेतृत्व कर रहे छात्र जदयू के मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा ने कहा कि बीएड के 21-23 सत्र के छात्रों का द्वितीय परीक्षा को 31 अगस्त से पहले लेने का शेड्यूल जल्द से जल्द जारी किया जाए।बीपीएससी के द्वारा सी टेट पास अभ्यर्थियों के लिए सम्मिलित होने के लिए उन्हें अपना द्वितीय परीक्षा देना अनिवार्य है। अगर इनकी परीक्षा नहीं हुई तो मगध विश्वविद्यालय के हजारों छात्र का भविष्य अंधकार में चला जाएगा।इन इन मांगों को लेकर जब मगध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ शशि प्रताप शाही से इन सारी समस्याओं को रखा और उन्हें ज्ञापन सौंपा। उसके उपरांत तुरंत कुलपति ने छात्रों को आश्वासन देते हुए कहा कि आज शाम तक आप सभी की मांगों को पूरा कर दिया जाएगा साथ ही लंबित परीक्षाएं की तिथियां जारी की जाएगी। उत्तम कुशवाहा ने कहा कि जिस तरह से कुलपति मगध विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए काम कर रहे हैं अगर लगातार इसी प्रकार करते गए तो आने वाले कुछ सालों में मगध विश्वविद्यालय के ग्रेडिंग में वृद्धि होगी।इस मौके पर निखिल कुमार, विवेक कुमार, पंकज, राजेश कुमार ,प्रिंस कुमार, नवीन कुमार राहुल कुमार सौरभ कुमार, सत्यम कुमार,प्रत्युष समेत सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।

# श्रीकृष्ण सेवा सदन प्रदेश के लिए एक मूल्यवान धरोहर : प्रमंडलीय आयुक्त

## यहां सहेज कर रखी गयी पुस्तकें और पाण्डुलिपियां अद्वितीय हैं

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** श्रीकृष्ण सेवा सदन मुंगेर ही नहीं बल्कि प्रदेश के लिए एक मूल्यवान धरोहर है, क्योंकि यहां पर जो पुस्तकें और पाण्डुलिपियां हैं, वो जिस तरीके से सहेज कर रखी गयी है वह अद्वितीय है। यह संग्रह हमलोगों की जिम्मेवारी है और इसी तरीके से सुव्यवस्थित रहे, वो सुव्यवस्था कैसे बहाल हो इसके लिए निरीक्षण किया गया है। आज जो विद्यार्थी यहां आकर पुस्तकालय के सदस्य के रूप में ज्ञार्नाजन कर रहे हैं, उन्हें कैसे और सुविधा मुहैया करायी जा सके उसके लिए भी एक प्रबंधकारिणी समिति की बैठक की जाएगी जिसमें बिंदुवार उनकी समस्या, पुस्तकालय का कैसे रख रखाव हो तथा किस तरीके से इसका विस्तार हो सके और सुचारू रूप से इसका सम्पादन किया जा सके इस पर विचार किया जाएगा। कृष्ण सेवा सदन की जो दुकानें हैं उन सब से भी अपील है कि उससे जो आमदनी होती है उसका नियमित समय पर भुगतान हो, ताकि भवन और अन्य चीजों का समुचित रख रखाव हो सके। प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री कृष्ण सेवा सदन पुस्तकालय के निरीक्षण के उपरांत उक्त बातें कहीं। आयुक्त ने स्वयं किराये पर लगे दुकानों को देखा, संबंधित दुकानदारों से पूछताछ की और नियमित रूप से किराये का भुगतान करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर नगर आयुक्त निखिल धनराज निप्पणिकर, आयुक्त के विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, श्री कृष्ण सेवा सदन ट्रस्ट के सचिव प्रभात कुमार एवं अन्य मौजूद थे।

# सीएम नीतीश से नहीं संभल रहा है बिहार : दिलीप

### कई लोगों ने लोजपा का थामा दामन

राष्ट्रीय खबर



**गया :** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास)के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने अपने केंदुई स्थित आवास पर संगठन का विस्तार करते हुए कई लोगों को नई जिम्मेदारियां दी है। इस दौरान नए लोगों ने लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान के डॉक्यूमेंट विजय बिहारी फर्स्ट बिहार फर्स्ट से प्रेरित होकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। जिसमें दीपक कुमार,मोहम्मद सुल्तान, नवीन कुमार विश्वकर्मा, दिलीप यादव, सूरज कुमार वर्मा आदि नेता शामिल है।जिला अध्यक्ष ने पार्टी में शामिल सभी नेताओं को माला पहना कर स्वागत किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनके आने से पार्टी का संगठन पूरे जिले में सशक्त और मजबूत होगा। नीतीश सरकार पर जमकर भड़ास निकालते हुए कहा कि बिहार में जिस तरह से लगातार अपराधिक घटनाएं घट रही है यह साबित हो गया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में जंगलराज पार्ट-2 आ गया। सुशासन बाबू हर मुद्दे पर अब विफल साबित हो रहे हैं। लेकिन अब बिहार की जनता मूर्ख नहीं है उनके सभी चाल से भलि भांति बिहार की जनता अवगत हो चुकी है। सीएम से बिहार संभाल ही नहीं पा रहे हैं तो वे देश क्या संभालेंगे। इस मौके पर संसदीय बोर्ड जिला अध्यक्ष ठाकुर सुमन सिंह,नीरज पासवान,छोटू रजक, रामप्रवेश यादव, सुखदेव पासवान एवं कन्हैया यादव सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# संभावित बाढ़ व सुखाड़ को लेकर करें समुचित तैयारी : डीएम

### नियमित रूप से उर्वरक प्रतिष्ठानों का भौतिक सत्यापन कराने का निर्देश

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया, प.च. :** डीएम दिनेश कुमार राय ने कहा कि संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ को लेकर कृषि विभाग अपनी सभी तैयारी ससमय कर लें ताकि विषम परिस्थिति में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन कृतसंकल्पित है। कृषि विभाग द्वारा कृषकों को मिलने वाली सभी सुविधाएं उन्हें हर हाल में मिलनी चाहिए। डीएम ने समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक में पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि कृषकों को उर्वरक निर्धारित मूल्य एवं मात्रा में आसानी से सुलभ हो, इसे सुनिश्चित किया जाय। नियमित रूप से उर्वरक दुकानों/प्रतिष्ठानों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित किया जाय।उन्होंने निर्देश दिया कि बीज वितरण में किसी भी सूरत में अनियमितता नहीं होनी चाहिए। कृषकों को ससमय बीज उपलब्ध हो, इसके लिए कृषि विभाग अपनी समुचित व्यवस्था करें। बीज वितरण में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं हो, इसे सुनिश्चित किया जाय।

जिला कृषि पदाधिकारी प्रणव प्रवीण द्वारा बताया गया कि संभावित सुखाड़ को देखते हुए जिला से आकस्मिक फसल योजना अंतर्गत बीज का आकलन का मुख्यालय भेजा जा चुका है। डीएम ने निर्देश दिया कि पुनः आकस्मिक फसल योजना की समीक्षा स्वयं जिला कृषि पदाधिकारी करेंगे। उन्होंने नहरों में सिंचाई का जल निर्बाध रूप से बनाये रखने का निर्देश नहर प्रमंडल के अभियंताओं को दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिल कुमार, अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, अनिल राय, एसडीएम विनोद कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संपादकीय

# रामलीला मैदान के साफ संकेत

भारतीय जनता पार्टी इस बात को समझना नहीं चाहती है कि अपने फैसलों की वजह से वह लगातार दिल्ली में लोकप्रियता और लोगों का भरोसा खो रही है। यह उस भाजपा का हाल है, जिसने कभी इस सरकार पर राज किया है। अब सिर्फ केंद्र सरकार की आड़ से सारा काम चलाना और अपने समर्थक अधिकारियों की बदौलत आम आदमी पार्टी के कामों को रोकना, जनता को नागवार गुजर रहा है। यह साफ समझा जा सकता है कि अपनी नाक के नीचे पनप रही आम आदमी पार्टी की दिल्ली में लगातार जीतों से केंद्र सरकार बुरी तरह गुस्सा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यों तो विश्वगुरु का खिताब सिर पर लिए फिरते हैं पर उन में जितना हेय, गुस्सा और ईर्ष्या है वह कम ही नेताओं में देखने को मिलती है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद जिस तरीके से दिल्ली के लिए खास अध्यादेश लाया गया, उसके बाद अब संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद



केजरीवाल के हर काम में अड़चन डालने के लिए उन्होंने उपराज्यपाल को लगा रखा है। संविधान ने केंद्र सरकार को पुलिस व जमीन के अधिकार दिए हैं पर मोदी उस से संतुष्ट नहीं हैं और अकसर उन के उपराज्यपाल एक नया शिगूफा खड़ा किए रहते हैं। सुप्रीम कोर्ट कई बार कह चुकी है कि संघीय प्रणाली के अंतर्गत चुनी हुई राज्य सरकारों के कामों में उपराज्यपालों के हक औपचारिक भर हैं और दिल्ली सरकार विशेष दर्जा होने के बावजूद कोई अपवाद नहीं है। मई माह में जब सुप्रीम कोर्ट ने उपराज्यपाल के कुछ कामों को अंसवैधानिक कहा तो बौखलाहट व गुस्से में नरेंद्र मोदी ने अध्यादेश ला कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पलट दिया। मामला सिर्फ कुछ सचिवों की नियुक्ति का है पर अध्यादेश इस तरह बनाया गया है कि मुख्यमंत्री मात्र कठपुतली बन कर रह जाए और बड़े बाबुओं की माने जो नरेंद्र मोदी के इशारे पर काम करें। दिल्ली कोई बड़ा प्रदेश नहीं है और दिल्ली आ कर चाहे जो कुछ भी कह ले, मुख्यमंत्री के पास एक जिला कमिश्नर से ज्यादा अधिकार वैसे भी नहीं हैं। ऐसे में उस से इतना जलना कि बारबार उपराज्यपाल से दखल देने को कहना केंद्र सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति को ही दशार्ता है। इस से साफ है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार कानून व संविधान तो छोड़िए, महज सामान्य लोकाचार को भी मानने को तैयार नहीं है। इस जरिए भाजपा को दिल्ली में सफलता मिलेगी, इसकी बहुत कम गुंजाइश है क्योंकि दिल्ली नगर निगम के चुनाव में भी भाजपा पराजित हुई है। वैसे, मोदी की खुन्नस को जायज बताने के लिए यह कहा जा सकता है कि 2014 में मोदी के गद्दी पर बैठने के तुरंत बाद अरविंद केजीवाल को उन्हीं वोटरों ने 70 में से 67 विधानसभाई सीटें दी थीं जिन्होंने सातों संसदीय सीटें नरेंद्र मोदी को दी थीं। उस के बाद नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी का पलड़ा भारी रहा और फिर 2019 में आम चुनावों में फिर सातों सीटें नरेंद्र मोदी को मिलीं तो उन का अहं शांत हुआ पर कुछ दिनों के लिए ही। क्योंकि, 2019 के ही विधानसभा चुनावों में फिर अरविंद केजरीवाल भारी जीत पा गए। उस के बाद नगर निगम, जो 3 हिस्सों में बंटा था, एक किया गया पर फिर भी अरविंद केजरीवाल भाजपा से छीन ले गए। अब फिर बौखलाहट जारी है कि केंद्र सरकार की नाक के नीचे क्यों और कैसे अरविंद केजरीवाल अपनी बढ़त बनाए हुए हैं। उन के उपमुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया हुआ है, एक और वरिष्ठ नेता को गिरफ्तार किया हुआ है। लेकिन जिन हथकंडों को आजमाया जा रहा है, वे जनता के बीच भाजपा की विश्वसनीयता को कम कर रहे हैं, यह कोई बच्चा भी समझ सकता है। लेकिन इससे दीर्घकालीन राजनीति का क्या लाभ हो सकता है, यह स्पष्ट नहीं है। हो सकता है कि भाजपा के लोग यह मानकर चल रहे हैं कि राज्य सरकार को काम नहीं करने का अवसर देकर वह जनता को ही मजबूर कर देंगे कि वह भाजपा की सरकार को चुनें ताकि उनका काम हो सके। दरअसल भारतीय राजनीति में यह प्रयोग पहले भी विफल हो चुका है क्योंकि कई मायनों में भारतीय मतदाता बहुत जिद्दी होता है। आम भारतीय जनता को जितना दबाया जाता है वह उतनी बगावती हो जाती है। दिल्ली के लिए अध्यादेश लाने के बाद अरविंद केजरीवाल ने जिस तरीके से पूरे देश में घूमकर इस अध्यादेश के खिलाफ नेताओं को एकजुट करने की कोशिश की, उससे साफ है कि बड़े राजनीतिक मंच पर केजरीवाल का काम भाजपा के मुकाबले अधिक प्रभावशाली दिखता है। दूसरी तरफ भाजपा अपने गोंडा के सांसद बृजभूषण सिंह की वजह से भी अपने ही मतदाताओं का भरोसा खो रही है, ऐसा एक सर्वेक्षण में सामने आ चुका है। इससे जो नया सवाल खड़ा हो रहा है वह यह है कि अगले लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सात सीटों पर भाजपा किस बात के लिए वोट मांगने जनता के पास जाएगी।

# बाल श्रम पर लगे लगाम

### 12 जून विश्व बाल श्रम निषेध दिवस

भारत में सबसे अधिक आबादी नवयुवकों की है। इसीलिए इसे युवाओं का देश कहा जाता है। युवा शक्ति के बल पर ही भारत विश्व का सिरमौर देश बनने का प्रयास कर रहा है। इतना होने के उपरांत भी आज भारत में बड़ी संख्या में बाल श्रमिक कार्यरत है। जो भारत की युवा शक्ति पर एक बदनुमा दाग लगाते हैं। युवा शक्ति वाले देश में बच्चों से काम करावाना जहां युवा शक्ति का अपमान है वहीं देश की छवि भी खराब करता है। इसके लिए सरकार व समाज को मिलकर देश में बाल मजदूरी की प्रथा को बंद करवाना होगा। तभी सही मायने में विकसित भारत बन पाएगा। बच्चों को जिस उम्र में खेलना-कूदना, पढ़ना चाहिए। उस नन्ही सी उम्र में वह अपने परिवार का पेट पालन के लिए विभिन्न कल-कारखानों, लोगों के घरों पर, खेत खलिहान में व अन्य स्थानों पर काम करते नजर आते हैं। छोटे-छोटे बच्चों को कठोर काम करते देखकर लोगों का हृदय द्रवित हो जाना चाहिए मगर ऐसा होता नहीं है। बहुत से घरों में छोटे बच्चों को घरेलू कामगार के रूप में काम करते देखा जा सकता है। जहां संपन्न परिवारों के बच्चे अच्छे और महंगे स्कूलों में पढ़ते हैं। वही उसी घर में एक गरीब मां बाप का छोटा बच्चा उनके घरेलू काम करता नजर आता है। एक देश में समाज की दो व्यवस्थाएं देखी जा सकती है। यह समाज ही नहीं देश के विकास की राह में भी सबसे बड़ी बाधा है।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
स्वतंत्र- पत्रकार

बाल मजदूरी उन्मूलन के लिए दुनिया भर में 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने और 14 साल से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर उन्हें शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से 2002 में द इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की ओर से इस दिवस की शुरूआत की गई थी। बाल श्रम के खात्मे के लिए आज के दिन श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन और सरकारें तमाम आयोजन करती हैं। इसके बावजूद बाल मजदूरी पर लगाम नहीं लग पा रही है।

बाल श्रम से तात्पर्य ऐसे काम से है जो मानसिक, शारीरिक, सामाजिक या नैतिक रूप से बच्चों के लिए खतरनाक और हानिकारक है। उनकी स्कूली शिक्षा में हस्तक्षेप करता है। उन्हें स्कूल जाने के अवसर से वंचित करने व उन्हें समय से पहले स्कूल छोड़ने के लिए बाध्य करता है। बाल मजदूरी और शोषण के अनेक कारण हैं। जिनमें गरीबी, सामाजिक मापदंड, वयस्कों तथा किशोरों के लिए अच्छे कार्य करने के अवसरों की कमी शामिल हैं। ये सब वजहें सिर्फ कारण नहीं बल्कि भेदभाव से पैदा होने वाली सामाजिक असमानताओं के परिणाम हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे स्तर पर होटल, घरों व फैक्ट्री में काम कर या अलग अलग व्यवसाय में मजदूरी कर लाखों, करोड़ों बाल श्रमिक अपने बचपन को तिलांजलि दे रहें हैं। जिन्हें न तो किसी कानून की जानकारी है, और ना ही पेट पालने का कोई और तरीका पता है। भारत में ये बाल श्रमिक कालीन, दियासलाई, रत्न पॉलिश व जवाहरात, पीतल व कांच, बीड़ी उघोग, हस्तशिल्प, सूती होजरी, नारियल रेशा, सिल्क, हथकरघा, कढ़ाई, बुनाई, रेशम, लकड़ी की नक्काशी, फिश फीजिंग, पत्थर की खुदाई, स्लेट पेंसिल, चाय के बागान में कार्य करते देखे जा सकते हैं। लेकिन कम उम्र में इस तरह के कार्यों को असावधानी से करने पर इन्हें कई तरह की बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। एक अध्ययन में पता चला है कि जितने भी बच्चे बालश्रम में लिप्त हैं वे या तो निरक्षर थे या पढ़ाई छोड़ दी थी। इनमें अधिकांश बच्चे बीमार पाए गए और कई बच्चे नशे के आदि भी हो गये।

बाल श्रम की समस्या का मुख्य कारण निर्धनता और अशिक्षा है। जब तक देश में भुखमरी रहेगी तथा देश का हर नागरिक शिक्षित नहीं होंगा तब तक इस प्रकार की समस्याएं ज्यों की त्यों बनी रहेंगी। देश में बाल श्रमिक की समस्या के समाधान के लिये प्रशासनिक, सामाजिक तथा व्यक्तिगत सभी स्तरों पर प्रयास किया जाना आवश्यक हैं। देश में कुछ विशिष्ट योजनाएं बनाई जाएं तथा उन्हें कार्यान्वित किया जाए। जिससे लोगों का आर्थिक स्तर मजबूत हो सके और उन्हें अपने बच्चों को श्रम के लिये विवश न करना पड़े। प्रशासनिक स्तर पर सख्त-से-सख्त निदेर्शों की आवश्यकता है जिससे बाल-श्रम को रोका जा सके। व्यक्तिगत स्तर पर बाल श्रमिक की समस्या का निदान हम सभी का नैतिक दायित्व है। इसके प्रति हमें जागरूक होकर इसके विरोध में आगे आना चाहिये।

बाल श्रम केवल भारत तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह एक वैश्विक घटना है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुमान के मुताबिक विश्व में तकरीबन 22 करोड़ बाल श्रमिक हैं। अकेले भारत में ही करीबन दो करोड़ बाल श्रमिक कार्यरत हैं। यूनीसेफ के अनुसार बच्चों का नियोजन इसलिये किया जाता है ताकि उनका आसानी से शोषण किया जा सके। बच्चे अपनी उम्र के अनुरूप कठिन काम जिन कारणों से करते हैं, उनमें आमतौर पर गरीबी पहला कारण है। इसके अलावा, जनसंख्या विस्फोट, सस्ता श्रम, उपलब्ध कानूनों का लागू नहीं होना, बच्चों को स्कूल भेजने के प्रति अनिच्छुक माता-पिता जैसे अन्य कारण भी हैं।

पूरी दुनिया के लिये बाल श्रम की समस्या एक चुनौती बनती जा रही है। विभिन्न देशों द्वारा बाल श्रम पर प्रतिबंध लगाने के लिये समय समय पर विभिन्न प्रकार के कदम उठाए गए हैं। बाल श्रम को काबू में लाने के लिये विभिन्न देशों द्वारा प्रयास किये जाने के बाद भी इस स्थिति में सुधार न होना चिंतनीय है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा जारी रिपोर्ट से पता चलता है कि बाल श्रम को दूर करने में हम अभी बहुत पीछे हैं।

बाल श्रम (प्रतिबंध एवं नियमन) संशोधन अधिनियम 2016 के जरिए बाल श्रम (प्रतिबंध एवं नियमन) अधिनियम 1986 में संशोधन किया गया है। ताकि किसी काम में बच्चों को नियुक्त करने वाले व्यक्ति पर जुमार्ना के अलावा सजा भी बढ़ाई जा सके। संशोधित कानून सरकार को ऐसे स्थानों पर और जोखिम भरे कार्यों वाले स्थानों पर समय समय पर निरीक्षण करने का अधिकार देता है जहां बच्चों के रोजगार पर पाबंदी है। संशोधित कानून के जरिए इसका उल्लंघन करने वालों के लिए सजा को बढ़ाया गया है। बच्चों को रोजगार देने वालों को अब छह महीने से दो साल की जेल की सजा होगी या 20,000 से लेकर 50,000 रुपये तक का जुमार्ना या दोनों लग सकेगा। कानून के मुताबिक किसी भी बच्चे को किसी भी रोजगार या व्यवसाय में नहीं लगाया जाएगा। पिछले कुछ वर्षों से केंद्र एवं राज्य सरकारों की पहल इस दिशा में सकारात्मक रही है। उनके द्वारा बच्चों के उत्थान के लिये अनेक योजनायें प्रारंभ की गयी है। जिससे बच्चों के जीवन व उनकी शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव दिखे। शिक्षा का अधिकार भी इस दिशा में एक सराहनीय कार्य है। इसके बावजूद बाल श्रम अभी भी एक विकट समस्या बना हुआ है। बाल श्रम को रोकने के लिये समाज के प्रमुख लागों को समाज में जागरूकता लाने का प्रयास करना चाहिये। बच्चो से काम करवाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करवानी चाहिये। तभी बाल श्रम पर रोक लग पायेगी।

# ईमानदारी महान गुण है

माँ नाव गंगा के इस पार खड़ी है। यात्रियों से लगभग भर चुकी है। रामनगर के लिए खुलने ही वाली है, बस एक-दो सवारी चाहिए। उसी की बगल में एक नवयुवक खड़ा है। नाविक उसे पहचानता है। बोलता है - 'आ जाओ, खड़े क्यों हो, क्या रामनगर नहीं जाना है?' नवयुवक ने कहा, 'जाना है, लेकिन आज मैं तुम्हारी नाव से नहीं जा सकता।?' क्यों भैया, रोज तो इसी नाव से आते-जाते हो, आज क्या बात हो गयी? आज मेरे पास उतराई देने के लिए पैसे नहीं हैं। तुम जाओ। अरे! यह भी कोई बात हुई। आज नहीं, तो कल दे देना। नवयुवक ने सोचा, बड़ी मुश्किल से तो माँ मेरी पढ़ाई का खर्च जुटाती हैं। कल भी यदि पैसे का प्रबन्ध नहीं हुआ, तो कहाँ से



दूंगा? उसने नाविक से कहा, तुम ले जाओ नौका, मैं नहीं जाने वाला। वह अपनी किताब कापियां एक हाथ में ऊपर उठा लेता है और छपाक नदी में कूद जाता है। नाविक देखता ही रह गया। मुख से निकला- अजीब मनमौजी लड़का है। छप-छप करते नवयुवक गंगा नदी पार कर जाता है। रामनगर के तट पर अपनी किताबें रखकर कपड़े निचोड़ता है। भींगे कपड़े पहनकर वह घर पहुँचता है। माँ रामदुलारी इस हालत में अपने बेटे को देखकर चिंतित हो उठी।

**अरे! तुम्हारे कपड़े तो भीगें हैं? जल्दी उतारो।**

नवयुवक ने सारी बात बतलाते हुए कहा, तुम्ही बोलो माँ, अपनी मजबूरी मल्लाह को क्यों बतलाता? फिर वह बेचारा तो खुद गरीब आदमी है। उसकी नाव पर बिना उतराई दिए बैठना कहाँ तक उचित था? यही सोचकर मैं नाव पर नहीं चढ़ा। गंगा पार करके आया हूँ। माँ रामदुलारी ने अपने पुत्र को सीने से लगाते हुए कहा, 'बेटा, तू जरूर एक दिन बड़ा आदमी बनेगा।' वह नवयुवक अन्य कोई नहीं लाल बहादुर शास्त्री थे, जो देश के प्रधानमंत्री बने और 18 महीनों में ही राष्ट्र को प्रगति की राह दिखायी।

नजरिया

# भारत का डर, डार ने बढ़ाया पाक का रक्षा बजट

जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के समधी और पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार बीते शुक्रवार को अपने देश के साल 2023-24 के बजट को इस्लामाबाद में पेश कर रहे थे तब रावलपिंडी में स्थित पाकिस्तान आर्मी के हेडक्वार्टर में बैठे जनरल उनके भाषण को अवश्य सुन रहे होंगे। डार के भाषण को पूरा करने के बाद आर्मी हेड क्वार्टर में इत्मीनान महसूस किया गया होगा कि वित्त मंत्री ने रक्षा बजट को बढ़ा दिया है। दरअसल तमाम तरह के संकटों से दो-चार हो रहे है पाकिस्तान में पेश अगले वित्त वर्ष के बजट में रक्षा क्षेत्र पर व्यय को 15.5 प्रतिशत बढ़ाकर 1.8 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव रखा। आगे बढ़ने से पहले बता दें डार के पुत्र का विवाह शाहबाज शरीफ के बड़े भाई और देश के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी से हुआ है। इस ि?श्ते से शाहबाज शरीफ भी डार के समधी हैं। पर ये कोई पहली बार नहीं हो रहा कि पाकिस्तान ने तमाम मसलो को दरकिनार करते हुए अपने रक्षा बजट को बढ़ाया हो। भारत का डर दिखाकर सेना वहां पर सरकार पर दबाव बनाए रखती है कि वह रक्षा बजट को बढ़ाती रहे। इससे सेना को लूट झखसोट करने का मौका मिलता रहता है। पाकिस्तान ने भारत पर 1948, 1965, 1971 और 1999 में कारगिल में हमला किया। हर बार उससे पराजय का सामना करना पड़ा। भारत ने उस पर एक बार भी हमला नहीं किया पर पाकिस्तान सेना भारत का डर दिखाने में सफल रहती है।



**विवेक शुक्ला**
पत्रकार

**पाकिस्तान का दुर्भाग्य है कि उसे शुरू से ही एक नंबर की करप्ट सेना को झेलना पड़ रहा है। पिछले साल जब पाकिस्तान बाढ़ से तबाह हो रहा तब वहां की सरकार अमेरिका से एफ-16 लड़ाकू विमानों को खरीदने का सौदा कर रह थी।**

पाकिस्तान का दुर्भाग्य है कि उसे शुरू से ही एक नंबर की करप्ट सेना को झेलना पड़ रहा है। पिछले साल जब पाकिस्तान बाढ़ से तबाह हो रहा तब वहां की सरकार अमेरिका से एफ-16 लड़ाकू विमानों को खरीदने का सौदा कर रह थी। इन्हें खरीदने का मकसद कुछ नेताओं और जनरलों को मोटी कमाई करवाना था।

पकिस्तान में बाढ़ के चलते भारी संख्या में घर और खेत तबाह हो गए थे। पेट्रोल पंप डूब गए थे। बाढ़ ने सबसे ज्यादा तबाही सिंध प्रांत में मचाई। बाढ़ ने अनाज से लेकर पीने का पानी तक छीन लिया था। पर सरकार फिर भी विमान सौदा कर रही थी।

अमेरिका ने एफ-16 विमान कार्यक्रम के तहत पाकिस्तान को 45 करोड़ डॉलर की मदद देने का ऐलान किया था। इस राशि से बाढ़ के पानी में लाखों बह गए घर बन जाते और बेबस लोगों को मदद पहुंचाई जा सकती थी। पर पाकिस्तान के हुक्मरानों की प्राथमिकता कुछ और ही हैं। वहां पर सब अहम फैसले लंबी-लंबी मूछों वाले जनरल ( बाजवा को छोड़कर) लेते हैं। जिनकी उपलब्धि दो कौढ़ी की है। पाकिस्तान में सरकार चाहे किसी की भी हो, उनका सारा फोकस रक्षा बजट में बढ़ोतरी करना रहता है। उन्हें देश में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने की रत्तीभर भी चिंता नहीं है। वहां पर इंफ्रास्ट्रक्चर नाम की कोई चीज नहीं है। शिक्षा और सेहत पर भी खर्च को लेकर किसी तरह की गंभीरता नजर नहीं आती।

पाकिस्तान को तो अपना रक्षा बजट बढ़ाना है। रक्षा बजट में बढ़ोतरी पर पाकिस्तान का तर्क होता है कि चूंकि उसके पड़ोसी भारत का रक्षा बजट बहुत अधिक है, इसलिए उसे अपने रक्षा बजट पर ध्यान देना होता है। अब इस तरह के कमजोर तर्क गढ़ने वालों को कोई बता दे कि भारत को अपने रक्षा बजट पर इसलिए फोकस करना होता है क्योंकि उसके इर्द-गिर्द दो धूर्त शत्रु राष्ट्रों की सरहदें मिलती हैं। भारत की पकिस्तान से चार जंगे हुईं। चीन से भी 1962 भीषण जंग हुई।

जानकारी

# कटक



'कटक' शब्द का अर्थ सेना छावनी और राजधानी शहर भी है। यह शहर एक सैन्य छावनी के रूप में शुरू हुआ था। कटक को 'सिल्वर सिटी' और 'ओडिशा के मिलेनियम सिटी' के रूप में भी जाना जाता है, कटक ओडिशा के सबसे पुराने शहरों में से एक है और प्राचीन स्मारकों के अलावा, कटक में पर्यटकों के आकर्षण की एक विस्तृत श्रृंखला है, जो कटक को पूर्ण वाणिज्यिक बनाता है।भारत के सबसे पुराने शहरों में से एक होने के नाते आपको प्राचीन वस्तुओं, स्मारकों और हस्तशिल्प की भूमि से परिचित कराया जाता है, बनारसी को मध्यकालीन युग में कटक के रूप में जाना जाता था और वर्तमान में यह सिल्वर सिटी है, यही वजह है कि इस शहर को एक पर्यटन स्थल बना दिया है।

# 8799 रु. में 16GB RAM वाला भारत में स्मार्टफोन itel S23 पेश

नई दिल्ली : itel ने अपने प्रीमियम फ्लैगशिप स्मार्टफोन itel S23 को बाजार में लॉन्च कर दिया है जो कि भारत का पहला सबसे सस्ता 16GB फ्अट वाला फोन कहा जा रहा है। 9 हजार रुपये के बजट में आने वाले इस फोन में की बिक्री ई-कॉमर्स साइट Amazonपर शुरू होगी। यहां हम आपको itel S23 के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस से लेकर कीमत आदि के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।



**itel S23 की कीमत और उपलब्धता**

कीमत की बात की जाए तो itel S23 की शुरूआती कीमत 8,799 रुपये है। यह फोन Starry Black और Mystery White में उपलब्ध है। उपलब्धता की बात करें तो यह फोन बिक्री के लिए 14 जून, 2023 से ई-कॉमर्स साइट Amazonपर उपलब्ध होगा।

**itel S23 के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस**

फीचर्स और स्पेसिफिकेशस की बात की जाए तो itel S23 में 6.6 इंच की HD+ IPS डिस्प्ले दी गई है, जिसका रिफ्रेश रेट 90Hz है। इस फोन में 5000mAh की बैटरी दी गई है जो कि 10W चार्जिंग का सपोर्ट करती है। स्टोरेज की बात करें तो इस फोन में कुल 16GB RAM है, जिसमें 8GB आती है और 8GB मेमोरी फ्यूज के जरिए बढ़ाई जाती है। इस फोन में 128 GB इनबिल्ट स्टोरेज दी गई है, जिसे माइक्रोएसडी कार्ड द्वारा 1TB तक बढ़ाया जा सकता है। ऑपरेटिंग सिस्टम के मामले में यह फोन Android 12 पर काम करता है।

साइबर दुनिया

कैमरा सेटअप की बात की जाए तो itel S23 में 50 मेगापिक्सल का सुपर क्लियर रियर कैमरा दिया गया है। वहीं सेल्फी और वीडियो कॉल के लिए 8 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया गया है। प्रोसेसर की बात की जाए तो इस फोन में ऑक्टा कोर Unisoc T60 12nm) सीरीज प्रोसेस दिया गया है। इस फोन में सिक्योरिटी के लिए फिंगरप्रिंट सेंसर और फेस अनलॉक सपोर्ट दिया गया है।

टॉप ट्वीट

"भारत में हम महिला सशक्तिकरण तक ही सीमित नहीं हैं। हमारा विकास महिलाओं के नेतृत्व में है। महिलाएं विकास और परिवर्तन की एजेंट भी हैं और वह विकास के लिए एजेंडा तय कर रही हैं। मैं आपसे महिलाओं के लिए गेम-चेंजिंग एक्शन प्लान अपनाने का आग्रह करता हूं।"

**नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री





"प्यार के साथ एक मजेदार और आनंदमयी राइड पर जानने के लिए कस के अपनी सीट को पकड़ लीजिये, क्योंकि टीकू और शेरू अपने बॉलीवुड के ख्वाब का पीछा करते हुए आपको लगातार हंसाने आने वाले हैं।"

**कंगना रनौत**
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## बाल मजदूरी करवाना अपराध

बच्चे से उसका बचपन छीनना, उनकी प्रतिभा को कुंठित करना, उनके स्वाभिमान को ठेस पहुंचाना और उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को अवरूद्ध करना बाल मजदूरी के अपराध की श्रेणी में आता है। लाख कोशिशों के बावजूद विश्व में करोड़ों बच्चे बाल मजदूरी के मकड़जाल में उलझे हुए हैं। बाल ॠम कानून 1986 के अनुसार 18 वर्ष या 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम करवाना अपराध है। इस कानून के तहत बाल श्रम करवाने वालों को 6 महीने से 2 वर्ष की सजा या 20000 से 500000 रुपये का जुमार्ना या दोनों हो सकता है। बाल मजदूरी के रूप - होटलों में बरतन धोते, चाय की टपरी में चाय बेचते बच्चे, ट्रेनों- बसों में ठंडा पानी ले लो की आवाज लगाते, लोगों के जूते चमकाते बच्चे, ट्रैफिक में खिलौने बेचते, भीख मांगते, कचरा चुनते, सेठ के पांव दबाते, कारखानों में खतरों से खेल कर काम करते बच्चे जैसे अनेक रुपों में बाल मजदूरी के फंदे में फंसे बच्चे समाज के हर क्षेत्र में बच्चे नजर आ जाएंगे। मानवता के दुश्मन कई लोग काम देने के बहाने बच्चियों के द्वारा अमानवीय कुकृत्य करवाते हैं।

छोटू एक चाय लाना आज प्रचलित वाक्य सभ्य समाज बोलकर इस जघन्य अपराध को बढ़ावा देता है। कानून तो बने हैं परंतु इस मुद्दे को न उठाने वाले लोगों की कमी की वजह से यह समस्या अब तक बनी हुई है। कानून ही इसके लिए काफी नहीं है। बहुत - से सामाजिक व्यक्ति बाल मजदूरी को बंद करवाने में आगे आते हैं परंतु उन पुनर्वास, शिक्षा एवं भोजन की व्यवस्था करने की समस्या रुकावट बनती है। कहीं- कहीं पर बच्चों के माता- पिता और उनके अभिभावकों का ही कोप-भाजन बनना पड़ता है। कारखानों के मालिक तो ऐसे समाजसेवियों के जीवन से भी खिलवाड़ करने लगते हैं।

**देवेश कुमार देव**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

# मंथन : पार्टी की मजबूती पर ही चुनाव जीतना संभव

## मटिहानी प्रखंड में लोकपाल रामविलास पार्टी की समीक्षा बैठक

राष्ट्रीय खबर

**बेगूसराय :** सोमवार को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास बेगूसराय जिला के मटिहानी प्रखंड में पार्टी संगठन की समीक्षा बैठक बालमुकुंद सिंह के आवास पर हुई। इस बैठक की अध्यक्षता मटिहानी प्रखंड अध्यक्ष गोपाल सिंह ने की। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी अभय सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होती है। जिला स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक के पदाधिकारियों के समक्ष उन्होंने आह्वान किया कि यदि 2024 और 25 के चुनाव में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास को पूर्ण सफलता दिलाना है और चिराग पासवान को 2025 में मुख्यमंत्री बनाना है, तो संगठन को काफी मजबूत करना होगा।यह



संकल्प लेना होगा संगठन को मजबूत कर स्वर्गीय रामविलास पासवान के सपनों को साकार कर सकते हैं। कार्यकताओं से अपेक्षा की संगठन को मजबूत करने के लिए पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक जाना होगा। पंचायती राज के प्रदेश अध्यक्ष इंदिरा देवी ने कहा कि हमारी पार्टी के संस्थापक रामविलास पासवान ने अपने जीवन काल में बिहार वासियों के लिए और देशवासियों को जो किया है, उसको गांव-गांव कस्बा, टोलों तक लोगों में एक एक व्यक्ति को कीर्ति बताना अनिवार्य है। प्रदेश महासचिव उप जिला प्रभारी राजकुमार पासवान ने कहा कि हमारे कार्यकताओं और संगठनों के पदाधिकारी के द्वारा आज एक सब्जी फरोश हो या ठेला चालक हो बिहार मजदूर हो जिन लोगों के हाथ में मोबाइल है वह हमारे पार्टी के संस्थापक से रामविलास पासवान का ही देन है। प्रदेश महासचिव मनोज पोद्दार ने कहा कि मटिहानी प्रखंड के सभी पंचायतों में प्रखंड अध्यक्ष को जाकर संगठन में व्यक्ति को जोड़ना ही लक्ष्य होना चाहिए।जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का विजन बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट डॉक्युमेंट हम जनमानस को अवगत कराने का काम करें, तब जाकर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के भी कार्यकर्ता बनेंगे, बूथ जीतेंगे। तब चुनाव जीतेंगे। इस बैठक में शिवकुमार शर्मा, रुपेश रंजन, संजय चौधरी, कुमार संदीप, कुमारी माला, अजय कुमार, राकेश सिंह, विदेशी पासवान, उमेश पासवान, भोला पासवान, कुंदन कुमार, राजेश कुमार, दीपक पासवान, रंजन कुमार, टुनटुन सिंह, रंजीत कुमार, सर्जन कुमार, निरज कुमार, पवन कुमार, विकास रजक, अभिनंदन आजाद, चंदन कुमार, मणि कुमार, शंकर सिंह सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शहर >> अपडेट

### निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए विधायक की सार्थक पहल

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत नरकटियागंज नगर परिषद और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति में कटौती और अनियमितता को लेकर एनबीपीसीएल संचरण के निदेशक से विधायक रश्मि वर्मा मिली और विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग किया। विधायक रश्मि वर्मा की मांग पर सरकार के उपक्रम एनबीपीसीएल के निदेशक ने तीन चार दिन में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने और शाम 5 बजे से सुबह 7 बजे तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश विभागीय पदाधिकारियों को दिया। उपर्युक्त समस्या समाधान के लिए विधायक रश्मि वर्मा ने निदेशक एनबीपीडीसीएल, पटना नसीम इकबाल से 06 जुन 2023 को भेंट कर जनहित में सकारात्मक पहल किया।

# व्यापार मंडल सहयोग समिति का तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष बने सुभाष सिंह कुशवाहा

राष्ट्रीय खबर

**तुरकौलिया :** पश्चिमी पंचायत के सुभाष सिंह कुशवाहा ने व्यापार मंडल सहयोग समिति के तीसरी बार निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष बने हैं। इतना ही नही व्यापार मंडल के सभी सदस्य भी निर्विरोध चुने गए हैं। अध्यक्ष सहित सभी 10 सदस्यों के बीच सोमवार को बीडीओ रमेंद्र कुमार ने प्रमाण पत्र का वितरण किया। बीडीओ ने बताया कि व्यापार मंडल सहयोग समिति के अध्यक्ष पद के लिए सुभाष सिंह कुशवाहा निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। वही किसान प्रतिनिधि के तरफ से सदस्य के रूप में रामतपस्या शर्मा, राजेंद्र राम, अमरनाथ गुप्ता, उषा सिंह, पारस प्रसाद, पुनदेव सहनी और सहयोग समिति से पैक्स प्रतिनिधि



के रुप में मनोज कुमार सिंह, गुड्डू रस्तोगी, राजाराम यादव, अर्चना कुमारी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। जहां अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों को प्रमाण पत्र दे दिया गया। वही नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुभाष सिंह कुशवाहा ने बताया कि अध्यक्ष के अलावे किसान प्रतिनिधि और सहयोग समिति के तरफ से 6-6 सदस्य निर्वाचित होते हैं। लेकिन अतिपिछड़ा व अनुसूचित जाति से कोई पैक्स अध्यक्ष नही होने से 2 सदस्यों का पद रिक्त रह गया है। इन दोनों वर्गों से कोई भी पैक्स अध्यक्ष नही है। बाकी सदस्य पद के लिए एक एक अभ्यार्थियों ने नामांकन किया था। सभी निर्विरोध जीत गए हैं। अध्यक्ष पद के लिए दो उनके अलावे सचितानंद सिंह ने पर्चा भरा था, लेकिन बाद में वह वापस ले लिए थे। जहां वह भी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।

# कौशल विकास से जोड़ने के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक, निकली रैली

राष्ट्रीय खबर

**गया :** कौशल विकास मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा जनभागीदारी जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को जन शिक्षण संस्थान की डॉ रितु रानी एवं कार्यक्रम पदाधिकारी रवींद्र कुमार सिन्हा के निर्देशन में जन शिक्षण संस्थान गया के वजीरगंज इकाई द्वारा विभिन्न टोलों में जाकर कौशल जागरूकता जन संपर्क अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में वरीय अनुदेशिका रंजू देवी,बेबी देवी, रेनू देवी, संगीता देवी ने घर घर जाकर स्थानीय लोगों से मिलकर उन्हें अपने परिजनों एवं आश्रितो को वोकेशनल ट्रेनिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्म निर्भर बनने हेतु बताया तथा उनके बीच वोकेशनल ट्रेनिंग कोर्स का हैंडविल वितरित कर आज के बेरोजगारी के दौर में वोकेशनल ट्रेनिंग के महत्व की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान कर स्वरोजगार के प्रति प्रेरित किया।



कौशल जागरूकता अभियान को सफल बनाने में रीता कुमारी, बिंदु देवी, इंजीनियर सुमित कुमार आर्य, राजकुमार गुप्ता, सुबोध राम, पदुम कुमार गुप्ता ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

# नगर पंचायत मच्छरगांवा का 25 वर्षीय यूवा अश्विनी कुमार अध्यक्ष पद पर निवार्चीत

क्षेत्र में हुआ उत्सव का माहौल, बधाइयों का लागा तांता

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत नगर निकाय चुनाव जीतने के बाद मतदाता और प्रत्याशियों को राहत मिली है। चुनाव परिणामों को लेकर जितनी मुंह उतनी बातें विभिन्न बातें सामने आ कही हैं।

किसी ने कहा इसबार और उसबार की बातें छोड़ो, आखिर उसमें कमी ही क्या है, युवा है, ग्लैमर है, क्रेज है, एक धनी व्यक्तित्व का मालिक है। ईश्वर ने उसे सब कुछ दिया है। फिर ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक कार्य करने में उसको दिक्कत कहां होगी। पहले से तो वह राजनीति में है ही नहीं। सादा स्लेट है, जो चाहो लिख डालो। यज्ञ अनुष्ठान में तो दान देने में वह दानवीर कर्ण है। सुनने में आया कि यज्ञ में तो



लाखों रुपए का दान दिया और पूरा समय देकर यज्ञ की समाप्ति तक महत्वपूर्ण भूमिका में रहा। वैसे बहुत दानवीर कर्ण है, जो पर्दे के पीछे है, समाज उसको जानता ही नहीं। निष्ठा और कर्तव्य निष्ठा की बात तो उसकी चेहरे की आभा और प्रशस्त ललाट बता रही है, कि वह चोर नहीं हो सकता, तभी तो लोगों का भरोसा जीतकर वह अध्यक्ष बना है। नहीं तो चिकने चुपड़े बहुत ही चेहरे मैदान में उतरे, जो कई बार जोर आजमाइश कर चुके, उन्हें मतदाताओं ने नकार दिया। इस 25 वर्षीय युवा को सेवा का मौका दिया। लोगों का कहना है कि देखना है, कि इस युवक के व्यक्तित्व में कर्मठता की झलक दिखाई दे रही है।

यदि, अश्वनी कुमार उल्लेखनीय कार्य कर दिया तो दोबारा चुनाव जीतने के लिए उसे बहुत मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी। इज्जत और शोहरत मुफ्त में मिल जाएगी। रही वोट, तो वह अंतरात्मा की आवाज पर मतदाता उसे अपने कार्य की बदौलत लोग दोबारा चुनेंगे। पहली बार चुनाव जीतने वाले इस अश्विनी कुमार (युवा) का अपने कार्यकाल के दौरान, मानो, अग्नि परीक्षा ही है। यदि सफल हुआ तो, फिर इस अर्जुन को रोकने वाला कौन है। यदि खरा नहीं उतरा, तो फिर पूछने वाला कौन है। रिजल्ट सुनने के बाद नुक्कड़ सभा में जगह-जगह इकट्ठे होकर लोग इस तरह की बात करते देखे व सुने गए।

# भाजपा विधायक विनय बिहारी का जादू हुआ फेल, तीसरे स्थान पर फिसली चंचला बिहारी

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया, प च :** जिला के लौरिया विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार चुनाव जीतकर कीर्तिमान स्थापित करने वाले भाजपा विधायक विनय बिहारी का जादू, अबकी बार उनके गृह क्षेत्र मच्छरगांवा नगर पंचायत में नहीं चल सका। इस बार उन्होंने मतदाताओं को कोई स्लोगन या डायलॉग भी नहीं सुनाया। मार्मिक गीत व संगीत भी कहीं सुनाई नहीं दिया, जो लोगों को आकर्षित कर सके। मतदाताओं के दिल पर राज करने वाले विनय बिहार का अनुनय विनय भी उनकी पत्नी को उपमुख्य पार्षद निर्वाचित नहीं करा सका। पहले उनके इशारे पर वोट आसानी से मिलते रहे, इसबार वोट मांगने के दौरान नाराज मतदाताओं को कई प्रकार खोजहेर करने के बाद, 1198 मतदाताओं ने उनकी पत्नी चंचला बिहारी को मत दिया, जिससे चंचला बिहारी



तीसरे स्थान पर फिसल गई। मच्छर गांव पंचायत की पूर्व मुखिया व वर्तमान नगर परिषद उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुई चुन्नी देवी। जिन्होंने निकटतम प्रतिद्वंदी व मुखिया जयप्रकाश प्रसाद की पत्नी पुष्पा देवी को मात्र 41 वोटो से पराजित कर विजय प्राप्त किया। इस बार का चुनावी गणित लोगों को समझ में ही नहीं आया। आखिर यह हुआ, तो हुआ कैसे..? फिर दबे जुबान लोगों ने कहा की मास्टर साहब की मास्टरी की कमाल है। मास्टर जी की मास्टरी, पंचायत चुनाव में पिछली बार व उनका सारा गणित ध्वस्त हो गया, अबकी बार गोटी लग गई हैं। इस तरह गोटी कब-कब लगाते रहेंगे, काम भी करना होगा। नहीं तो फिर वही हाल होगा। काम नहीं करने पर इतिहास फिर से दूहरायेगा। परिणाम घोषित होने के बाद जितनी मुंह उतनी बातें, एक बार फिर शुरू हो गई। खैर छोड़िए उनकी बातें, बहुत हो गया। अब आइए विषय वस्तु पर, चुनाव हारने के बाद उनके समर्थक भी लोगों से कन्नी काटते हुए, इधर-उधर व अलग थलग दिखाई देने लगे। मतदाताओं ने कहा कि अब उनका क्या होगा, इनका तो जो होना था सो हो ही गया। लोगों ने कहा यह समय की बात है, शेष विधानसभा चुनाव आने पर दिखाई दे देंगी, की यह श्रीमान भी कितने पानी में है।

### आंगनबाड़ी केंद्र पर पोशाक राशि का वितरण किया गया



**लौरिया :** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर सोमवार को पोशाक राशि का वितरण किया गया।सिसवनिया पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 211 पर पोशाक राशि का वितरण एल एस पूनम कुमारी की अध्यक्षता मे किया गया। मौके पर सेविका अनु कुमारी के अलावा पोषक क्षेत्र के अभिभावक मौजूद थे। पोशाक राशि वितरण करते हुए एल एस पूनम कुमारी ने कहा कि सरकार द्वारा भेजा गया पोशाक राशि का वितरण आज किया गया।उन्होंने कहा कि आप लोग अपने बच्चों को प्रतिदिन आंगनबाड़ी केन्द्र भेजे। उन्होंने अभिभावकों को प्रेरित किया। ताकि आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चे नियमित जाएं। एल एस ने कहा कि जब बच्चे नियमित केंद्र पर जाएंगे तो नौनिहालों को स्कूल पूर्व बेहतर शिक्षा दी जा सकेगी। सरकार महिलाओं को भी आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से सहायता कर रही है। बस आवश्यकता है सभी लोग अपने बच्चों को केन्द्र पर नियमित भेजें।

### देशी कट्टा के साथ दो गिरफ़्तार

**रीगा :** स्थानीय पुलिस ने रामपुर गंगौली गांव से देशी कट्टा के साथ दो व्यक्ति को धर दबोचा है। ग्रामीणों की माने तो पुलिस की गाड़ी को देखते ही दोनों युवक इधर- उधर भागने लगा। हालांकि पुलिस ने खदेड़ कर दोनों युवक को धर दबोचा है। वही पुलिस सूत्रों की माने तो दोनों युवक देशी कट्टा के साथ किसी बड़े घटना को अंजाम देने के फिराक में था, तब ही रीगा थाना अध्यक्ष राम एकबाल प्रसाद को गुप्त सूचना मिली कि दो युवक देशी कट्टा के साथ किसी बड़े घटना को अंजाम देने वाला है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रामपुर गंगौली गांव में छापेमारी कर दोनों युवक को दबोच लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के सिराही गांव निवासी शंकर दास के पुत्र दीपू दास एवं सिंघोरवा गांव निवासी लक्ष्मण महतो के पुत्र पंकज महतो के रूप में हुई है। बताते चलें कि रीगा थाना क्षेत्र में आए दिन लूट, हत्या की वारदात काफी तेजी से बढ़ रहा है। इसी बीच दोनों युवक को हथियार के साथ पकड़ा जाना पुलिस की बहुत बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। हालांकि पुलिस इस मामले में कुछ भी बताने से कतरा रही है।

### छेड़खानी का किया विरोध तो युवक ने चलती ऑटो से लड़की को फेंका, इलाज के दौरान मौत

**गया :** जिले में एक बड़ी घटना सामने आई है।दरिंदों ने गया-रजौली सड़क मार्ग पर टनकुप्पा थाना क्षेत्र के बारा गांव समीप रविवार को चलती टेम्पू से मनचले ने 15 वर्षीय लड़की को अगवा कर बरतारा बाजार से ऑटो में जबरदस्ती बैठाकर ले जा रहे थे। ऑटो पर सवार युवकों के द्वारा छेड़खानी से लड़की चिल्लाने लगी और जब इसकी नजर ग्रामीणों को पड़ी तो बाइक से पीछा करने लगे। लोगो को पीछा करते देख युवक ने लड़की को बारा गांव से पास धक्का देकर टेम्पू से फेंक दिया, जिससे लड़की बेहोश हो गई और गंभीर रूप से घायल हो गई थी। लड़की की एक कान से ब्लडिंग भी चालू रही। ग्रामीणों के सूचना पर घायल बेहोश लड़की को पुलिस बेहतर चिकित्सा के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजी गई थी। जहां 15 वर्षीय लड़की इलाज के दौरान दम तोड़ दी। वहीं, पुलिस ब्यान लेने के लिए लड़की को होश में आने की इंतजार कर रही थी लेकिन होश में नहीं आई और आखिरकार दम तोड़ दी। ग्रामीणों के हवाले से बताया जाता है कि दो युवक लड़की को बरतारा बजार से टेम्पू में जबरदस्ती बैठाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के लिए ले जा रहा था। इस हरकत से लड़की चिल्लाने लगी और जब ग्रामीण को शक होने हुआ तो बाइक से पीछा करने लगे। लोगो को पीछा करते देख युवक लड़की को बारा गांव से पास धक्का देकर टेम्पू से गिरा दिया था। जिससे लड़की को पूरे शरीर मे गम्भीर चोट लगी थी और बेहोश हुई थी। हालांकि अभी तक लड़की का पहचान भी नहीं हो सकी है। वही, बताया जाता है कि टेंपो चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

### ग्राम कचहरी में आठ भू विवादों का हुआ निष्पादन

**बगहा :** बगहा एक प्रखंड के पतिलार ग्राम कचहरी में रविवार को सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पतिलार पंचायत के सरपंच लालमती देवी ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में आठ विवादित मामलों का निष्पादन किया। सरपंच ने बताया कि ग्राम कचहरी में लगभग 26 मामलें लंबित थे। जिसमें आठ मामलों की निपटारा किया गया। सरपंच प्रतिनिधि जग्रनाथ यादव ने बताया कि ग्राम कचहरी में भूमि विवाद, मारपीट ,आपसी विवाद सहित विभिन्न प्रकार के विवादों को लेकर फरियादी पहुंचे थे। जो दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादित मामलों की सुलह समझौता कराया गया। उन्होंने बताया कि ग्राम कचहरी में 378 आवेदन प्राप्त है, जिसमें 352 मामलों की निष्पादन कर दिया गया है। तथा ग्राम कचहरी न्यायपीठ की 75 बैठकें की गई है। साथ ही 37 हजार 800 रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई है। इस अवसर पर उप सरपंच बबीता देवी, न्याय मित्र कुमार अतुल रंजन, सचिव उमेश दुबे, आप्त सचिव ललन राम , पंच शंभू यादव, नुर आलम खां , रामचन्द्र साह, रधुवर चौधरी, चिन्ता देवी समेत कई लोग शामिल रहे।

# युपी के कुशीनगर व महराजगंज तक पहुंच रहा है बिहार से ओवरलोड सफेद बालू

## बिना रजिस्ट्रेशन नंबर व ट्रांजिट परमिट रात के अंधेरे में चल रहा है गोरखधंधा

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** बिहार के सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में दर्जनों घाटों से लगातार बालू खनन हो रहा है। जिसकी खपत युपी के दो जिलों कुशीनगर व महराजगंज के विभिन्न कोतवाली क्षेत्र में हो रही है। सुत्रो के अनुसार नौरंगिया थाना क्षेत्र के मदनपुर से रात के अंधेरे में बालु कारोबारियों के दर्जनों ट्रेलर ओवरलोड बालु प्रतिदिन निकलता है। जो पनियहवा पहुंचने के पश्चात अपने गंतव्य स्थान के लिए मुड़ जाता है।

उधर पिपरासी के ठोरी व सेमरा लबेदाहा से भी लगातार अवैध बालू का खनन किया जा रहा है। जिसमें से 99% बालू उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में



तस्करी किया जाता है। बालु कारोबारियों के हौसले इतने बुलंद है कि नियमों की अनदेखी कर ओवरलोड ट्राली से बिना रजिस्ट्रेशन नंबर और बिना ट्रांजिट परमिट के बालू का धंधा कर रहे है। जिन ट्रैक्टर ट्रॉली से बालू ढोया जा रहा है, वे नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। ट्रॉली में तीन घन मीटर बालू की जगह नौ से दस घन मीटर तक लोड किया जा रहा है। इन ट्रॉलियों के आगे पीछे कोई रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं है। इन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के आगे-पीछे न तो बैक लाइट है और न ही रिफ्लेक्टर है। एक बार बालू लोड हो जाने के बाद स्पीड हवा-हवाई हो जाती है। अप्रशिक्षित चालकों व तीव्र गति के कारण कभी-कभी भयानक हादसे भी होते रहते हैं। बीते दिनों ओवरलोड बालु लेकर तीव्र गति से जा रहे ट्रेक्टर - ट्रेलर के चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई थी।

आश्चर्य की बात तो यह है कि बिहार से ओवरलोड बालू लेकर युपी को जा रहे अवैध ओवरलोड वाहन सीमावर्ती नौरंगिया थाना सहित युपी के जटहां बाजार, नेबुआ नौरंगिया और खड्डा थाना क्षेत्रों से गुजर रहे हैं। इसके बाद भी उन्हें रोकने अथवा उसके कागजात की जांच करने वाला कोई नहीं है।

नौरंगिया थाना अध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया कि परिचालन होने वाले सभी बालू लदा ट्रैक्टर ट्रेलर चालकों के पास रॉयल्टी का पेपर होता है। नाके पर मौजूद पुलिस कर्मियों के द्वारा उसका निरीक्षण किया जाता है। इसके बाद जाने दिया जाता है। बिना रोयाल्टी कोई लेकर जाएगा तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं उत्तर प्रदेश खड्डा एसडीएम भावना सिंह ने बताया कि बिहार से आने वाली बालू लदी ट्रॉलियों की जांच राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम से कराई जाएगी। वाणिज्यिक विभाग के भी संज्ञान में लाया जाएगा। बिना वैध प्रपत्रों के परिवहन करने वाले सभी वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भाकपा अंचल कमेटी की बैठक आयोजित

राष्ट्रीय खबर

**बखरी, बेगूसराय :** भाकपा बखरी अंचल कमिटी ने उड़ीसा ट्रेन हादसा से हुई मानव क्षति पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। एक स्वर से सभी नेताओं ने कहा कि इतना बड़ा ट्रेन हादसा लापरवाही की वजह से हुई है। सरकार अपनी जिम्मेवारी से भाग नही सकती।सभी मृतक परिवारों को उचित मुआवजा मिलनी चाहिए। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत विधायक सूर्यकान्त पासवान, अंचल मंत्री शिव सहनी, सहायक अंचल मंत्री जितेन्द्र जीतू, संजय राय, सुरेश सहनी, पूर्व मुखिया राम प्रयाग राय के नेतृत्व में अंचल परिषद की बखरी की बैठक हुई। जिसमें शाखा मंत्री अशोक केशरी, सिकंदर पासवान, त्रिवेणी महतो, रामसेवक महतों, भुवनेश्वर सदा, प्रेम कुमार भारती, अशोक गुप्ता, सावित्री देवी, समदर्शी नंदन विद्यार्थी ने अपना विचार रखा।



सूर्यनारायण सिंह स्मारक भवन बखरी में आयोजित बैठक की अध्यक्षता राटन मुखिया प्रतिनिधि सुरेश राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न गांवों में हुई भीषण अगलगी की घटना पर दुख जताया गया एवं सरकार से मांग की गयी कि सभी अग्निपीड़ित परिवार को आवास मुहैय्या किया जाना चाहिए। साथ ही आमलोगों से भी अपील की कि खतरनाक पछुआ हवा में सबलोग सावधानी बरतें। लकड़ी पर खाना बनाने वालों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जिला पार्टी द्वारा चलाये गए पदयात्रा कार्यक्रम में संग्रहित समस्या के निदान हेतु 20 जून को समाहरणालय पर आयोजित सत्याग्रह कार्यक्रम में जमजुट कर भाग लेने पर सहमति बनाई गई। साथ ही महागठबंधन दल द्वारा 15 जून को प्रखण्ड मुख्यलय पर आयोजित महाधरना में पार्टी कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

## प्रदेश >> अपडेट

### चरकेरिया में दुगोला कार्यक्रम 15 को

**पलामू :** राजद प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव के दिवंगत चाची सह राम प्रवेश यादव के माता की श्राद्ध कार्य के अवसर पर 15 जून को अररुआ कला टोला चरकेरिया में दुगोला प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी राजद के वरिष्ठ नेता बुधन सिंह यादव ने दी। उन्होंने बताया कि श्राद्ध कार्य के मौके पर बिहार (बक्सर) के जाने-माने व्यास सुदर्शन यादव और व्यास कवलवास कुंवर के बीच दुगोला प्रोग्राम तय है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सेवानिवृत शिक्षक रामस्वरूप का निधन

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला के चर्चित लोक गायक सह सेवानिवृत्त शिक्षक रामस्वरुप शुक्ला का आकस्मिक निधन 11 जून 2023 को अपने पैतृक आवास ग्राम पाल्हे-खुर्द (पाटन )में हो गया।उनके निधन की खबर सुनते ही पलामू प्रमंडल के कलाकारों में शोक की लहर दौड़ गयी। सभी कलाकारों को अपने चर्चित और कला के प्रति समर्पित साथी को असमय खोने का मलाल है।प्रमंडल के कई लोक कलाकार उनके पैतृक गांव पाल्हे- खुर्द में पहुंचकर न सिर्फ श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी बल्कि उनके शव यात्रा में भी शामिल हुए।

### अपराधियों ने युवक को मारी गोली

**मेदिनीनगर :** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के स्थानीय निवासी संजय राम के पुत्र छोटू कुमार उर्फ ननकू कुमार उम्र 22 वर्ष को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार छोटू कुमार रविवार की रात 12:00 अपने घर से खाना पीना खाकर लेस्लीगंज अपने दुकान में सोने जा रहा था। इसी बीच रास्ते में अज्ञात अपराधियों ने उसे गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अंबेडकर की मूर्ति तोड़ने वालों शीघ्र गिरफ्तारी हो: शत्रुघ्न

**मेदिनीनगर :** झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक केंद्रीय अध्यक्ष सह अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने पाण्डु प्रखण्ड के कजरुखूर्द में भारत के शोषित -पीड़ित मानवता को भारतीय संविधान के माध्यम से हक-अधिकार देकर जानवर से मान्यवर बनाने वाले अप्रतिम मसीहा संविधान निमार्ता परमपूज्य बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा को मनुवादी अमानुषिक तत्वों द्वारा खंडित करने की कठोरतम शब्दों में निन्दा करते हुए कहा है कि अगर यथाशीघ्र पुलिस प्रशासन ने एससी-एसटी एक्ट के दफाओं में प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों को चिन्हित करते हुए गिरफ्तार नहीं किया तो उग्र आन्दोलन किया जाएगा।जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा है कि जब से इस देश के घोर मनुवादी,सामंती व पूंजीवादी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय संविधान की धज्जी उड़ाते हुए नव निर्मित भारतीय संसद भवन के उद्घाटन में नंग-धड़ंग, अंधविश्वासी व पाखंडी मनुवादियों को प्रश्रय दिया है,तब से आधुनिक भारतीय के युगद्रष्टा, संविधान निमार्ता परमपूज्य बोधिसत्व बाबा साहेब की ना केवल मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है, बल्कि भारत के संविधान को बदलकर सत्रहवीं सदी की सड़ांध से भरपूर गोबरवादी, जानवरवादी अंधविश्वासी,पाखंडी व मानवता की कृत्रिम विभाजक मनुस्मृति के आधार पर संविधान लागू कर कथित हिन्दू राष्ट्र बनाने के एजेंडे पर संघ,भाजपा समेत तमाम इसके अनुषांगिक दक्षिणपंथी आतंकवादी संगठन के लोग लगे हुए हैं,जो अतिशय निंदनीय है।

**जनसंपर्क**

भारतीय जनता पार्टी के महाजनसंपर्क अभियान के तहत

# केंद्रीय मंत्री ने दिया लोकसभा की सीट को जीतने का गुरु मंत्र

राष्ट्रीय खबर




**पाकुड़ :** 30 मई से 30 जून तक चलने वाले भारतीय जनता पार्टी के महाजनसंपर्क अभियान के तहत सोमवार को केंद्रीय रेल, कोयला एवं खान राज्यमंत्री श्री राव साहब पाटिल दानवे जी का पाकुड़ आगमन हुआ। उन्होंने राजमहल विधानसभा के विधायक श्री अनंत ओझा जी के साथ स्थानीय एक होटल में पार्टी के कार्यकताओं की एक बैठक को संबोधित किया। अपने संबोधन में श्री दानवे ने कार्यकताओं को राजमहल लोकसभा की सीट को जीतने के गुरु मंत्र दिए और कहा कि इस बार राजमहल लोक सभा की सीट को भारतीय जनता पार्टी जरूर जीतेगी और हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि भारत में तथाकथित विपक्षी पार्टियां एकजुट होने का नाटक कर रही हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र पार्टी है जो अखिल भारतीय पार्टी है और बाकी पार्टियां तो सिर्फ. अपने-अपने राज्यों में पारिवारिक पार्टियां हैं। बाकी पार्टियाँ परिवारों की हैं और भाजपा एक परिवार है। यही भाजपा और अन्य पार्टियों में बुनियादी अंतर है।
अनंत ओझा जी ने कहा कि राजमहल लोकसभा की सीट जीतने के लिए अनुकूल परिस्थितियां पैदा हो रही है। लोगों में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की लोकप्रियता और विश्वसनीयता इस क्षेत्र में बहुत बढ़ी है और बस कार्यकताओं को जी तोड़ मेहनत कर के जीत को सुनिश्चित करना है। इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमृत पांडे ने की।इस बैठक में राजमहल लोकसभा प्रभारी संजीव भगत प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पाकुड़ विधानसभा संयोजिका मीरा प्रवीण सिंह, प्रदेश मंत्री शर्मिला रजक, पाकुड़ विधानसभा प्रभारी शीला रानी हेम्ब्रम, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश शुक्ला, प्रदेश मंत्री अनंत तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुग्रहित प्रसाद साहा एवं कमल भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेकानंद तिवारी, बाबूधन मुर्मू, ज़िला उपाध्यक्ष हिसाबी राय, ज़िला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, पाकुड़ विधानसभा के अंतर्गत सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, विधानसभा कोर कमिटी के सभी सदस्य, विभिन्न योजनाओं के प्रभारी गण एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंच संचालन ज़िला उपाध्यक्ष दिलीप सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन और समापन की घोषणा नगर अध्यक्ष पंकज कुमार साह ने की।

## अवैध निकासी के मामले में आंध्रप्रदेश पुलिस पहुंची हिरणपुर




राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** आंध्रप्रदेश पुलिस की टीम हिरणपुर थाना पहुँचकर । हिरणपुर पुलिस की मदद से एक व्यक्ति को थाना क्षेत्र के धोवाडांगा से पूछताछ के लिए लाया गया। हालांकि पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। आंध्रप्रदेश पुलिस टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि आधार के माध्यम से डुप्लीकेट फिंगरप्रिंट लगाकर लगभग 50 हजार रुपये की निकासी आंध्रप्रदेश की एक व्यक्ति से की गई है। इस मामले में धोवाडांगा के एक व्यक्ति का तार इस मामले से जुड़ा हो सकता है। उसी केस से जुड़े अहम जानकारियां लेने के लिए टीम हिरणपुर आई है। हालांकि पुलिस मीडिया कर्मियों को पूरी जानकारी देने से कतराते रही। इस सम्बंध में थाना प्रभारी सुनिल कुमार रवि ने बताया कि केस से जुड़े सिलसिले में आंध्रप्रदेश की पुलिस टीम हिरणपुर आई है।

## विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया जागरूकता अभियान



राष्ट्रीय खबर

**हिरणपुर:** रांची झालसा के निदेर्शानुसार आज 12 जून को जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुर के निर्देश पर बाल मजदूरी दिवस को लेकर हिरणपुर प्रखंड सभागार में सभा आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम सचिव शिल्पा मुर्मू के मार्गदर्शन में की गई। अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम के तहत पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखण्ड के प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री उमेश कुमार स्वांसी ने कहा कि बाल मजदूरी समाज में एक गरीबी की ओर ले जाने वाली स्रोत है जो दिन व दिन नीचे स्तर की ओर ले जाती है एवम् अनुच्छेद 1 से अनुच्छेद 33 तक की कानूनी जानकारी पर प्रकाश डाला और बाल मजदूरी न करने को लेकर उपस्थित लोगो से अपील की। वहीं सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल के गंगाराम टुडू ने ने बाल मजदूरी के संबध में होने वाले नुकसान के बारे में विस्तृत जानकारी दी साथ ही विधिक जानकारी देते हुए कहा की डालसा से कैसे निः शुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते है समेत कनूनी जानकारी दी। इंडियन कम्यूनिटी क्लब के अध्यक्ष जेएच विश्वास ने बताया की बाल मजदूरी से आर्थिक स्थिति नहीं सुधरता बल्कि हमारे समाज में बच्चों का जीवन अंधकार की ओर तेजी से ले जाने का कार्य करती है उन्होंने अपील स्वरूप लोगों से अनुरोध व्यक्त करते हुए कहा कि हर लोग दो-दो बच्चे को क्षमता अनुसार सहायता करके उन्हें स्कूल में भेजकर उनकी जीवन में उज्जवलता लाए। मौके पर पीएलवी याकुब अली प्रखंड कार्यालय के कर्मी क्षेत्रीय समुदाय के लोग, नेस मोहम्मद सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## विद्यार्थी परिषद के अभ्यास वर्ग में विभिन्न दायित्व की हुई घोषणा




राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश के 4 दिवसीय अभ्यास वर्ग गढ़वा में संपन्न हुआ। जिसमे मुख्य रूप से राष्ट्रीय महामंत्री श्री यागवल्यक शुक्ला राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद नायक जो क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री निखिल रंजन प्रदेश संगठन मंत्री राजीव रंजन प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश मंत्री उपास्थित थे। चार दिवसीय प्रांतीय अभ्यास वर्ग में अभाविप ने अपने सभी प्रदेश के कार्यकताओं को वर्ष भर कार्य करने की प्रशिक्षण दिया गया। इस अभ्यास वर्ग में छात्रों को उनके रुचि के आधार पर प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रांतीय अभ्यास वर्ग में पाकुड़ जिले में संगठन के कुछ प्रमुख दायित्व की घोषणा को गई जिसमे जिला संयोजक गुंजन तिवारी विभाग संयोजक अमित साहा एवं विश्विद्यालय संजोयक बमभोला उपाध्याय को बनाया गया। जिला संयोजक गुंजन तिवारी ने बताया कि इस अभ्यास वर्ग में विधार्थी परिषद के कार्यकर्तागण परिक्षिचित हो कर आगामी वर्ष भर जिले में संगठन के कार्य को गति देगी। विभाग संयोजक अमित साहा ने बताया कि देश के कैंपसो के अंदर ऐसे कई देश को तोड़ने वाली ताकते काम कर रही है जिसके सामने विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता चट्टान बन कर खड़े है। विद्यार्थी परिषद शिक्षा जीवन के लिए जीवन राष्ट्र के लिए के मूल मंत्र के साथ कार्य करती है। आगामी समय में विधार्थी परिषद साहेबगंज एवं पाकुड़ जिले के अंदर बांग्लादेशी घुसपैठ एवं विभिन्न मुद्दों को लेकर धरना देगी। विश्वविद्यालय संजोयक बमभोला उपाध्याय ने बताया कि विधार्थी परिषद निरंतर छात्रों की समस्याओं को लेकर आंदोलन करती आई है बहुत जल्द पाकुड़ में पी० जी० की पढ़ाई एवं अन्य विषयों को लेकर विश्विद्यालय का घेराव करेगी।

## शिक्षण कार्य से गायब शिक्षक को किया बर्खास्त



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** उपायुक्त सह अध्यक्ष शिक्षा स्थापना समिति आंजनेयुलु दोड्डे ने सोमवार को जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक की.बैठक में मेदनीनगर के बंगाली कन्या मध्य विद्यालय में पदस्थापित सहायक शिक्षक बिनोद प्रजापति को बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया.इस संबंध में उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक सह सचिव शिक्षा स्थापना समिति को सारी कागजी प्रक्रियाओं को त्वरित गति से निष्पादन करने की बात कही। विदित हो कि सहायक शिक्षक बिनोद प्रजापति के पिछले 18 वर्ष से अनुपस्थित रहने के संबंध में उपायुक्त को विभिन्न माध्यमों से लगातार शिकायत मिल रही थी जिसके बाद उपायुक्त ने पूरे मामले की जांच करवाई.जांच में पाया गया कि बिनोद प्रजापति 2005 से विद्यालय आये ही नहीं हैं साथ ही उनके द्वारा रांची में वकालत का कार्य किये जाने की पुष्टि भी हुई जिसके पश्चात उपायुक्त श्री दोड्डे ने सहायक शिक्षक बिनोद प्रजापति को सेवा मुक्त करने का आदेश दिया।

**योजना**

बिजली बिल ब्याज माफी योजना का उपभोक्ता उठा रहे लाभ

# 72 दिनों में 1682 बिजली उपभोक्ताओं को मिला लाभ

राष्ट्रीय खबर




**पलामू:** सरकार द्वारा चलाई जा रही बिजली बिल माफी योजना 2023 (एकमुश्त समाधान योजना 2023) योजना से बिजली उपभोक्ताओं को फायदा ही फायदा मिल रहा है। बिजली वितरण निगम लिमिटेड की ओर से 1 अप्रैल से 30 जून तक बिजली बिल ब्याज माफी योजना 2023 के तहत एकमुश्त समाधान योजना 2023 संचालित की जा रही है। इस योजना की शुरूआत से 72 दिनों में 1682 बिजली उपभोक्ताओं को लाभ मिल चुका है। इन बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल 4 करोड 13 लाख था, जिसमें 1 करोड़ 33 लाख माफ कर दिये गये। जबकि विभाग को इन उपभोक्ताओं से बिजली बिल के रूप में 2 करोड़ 69 लाख प्राप्त हुआ। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, डालनगंज के विद्युत कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी ने बताया कि बिजली बिल ब्याज माफी योजना 2023 (एकमुश्त समाधान योजना) 30 जून 2023 तक चलेगी।
इस योजना के तहत बिजली उपभोक्ताओं को लाभ देने के लिए पलामू जिले के विभिन्न स्थानों पर प्रतिदिन कैंप का भी आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन आयोजित कैंपों में बिजली उपभोक्ता पहुंचकर बिजली बिल ब्याज माफी योजना का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि पलामू जिले में 1682 बिजली उपभोक्ताओं इस योजना का लाभ मिल चुका है। उनके बिजली बिल के एक करोड़ 33 लाख ब्याज की माफी की जा चुकी है। बिजली उपभोक्ता जो बिजली का उपभोग कर रहे हैं और जाने - अनजाने में या आर्थिक कमजोरी के कारण बिजली बिल जमा नहीं कर सके हैं, वैसे उपभोक्ताओं के लिए यह सुनहरा अवसर है। उपभोक्ता अपने बिजली बिल के ब्याज माफी करवाकर फायदा ले सकते हैं। इसके लिए स्थान चिन्हित कर कैंप का भी आयोजन हो रहा है। इस योजना के तहत 31 दिसंबर 2022 तक के बकाये बिजली बिल का एकमुश्त भुगतान करने पर ब्याज माफ। बिजली बिल ब्याज माफी का भुगतान 5 आसान किश्तों में करने की सुविधा दी जा रही हैं। घरेलू (शहरी एवं ग्रामीण) श्रेणी एवं कृषि व सिंचाई, निजी श्रेणी के उपभोक्ताओं को भी योजना से आच्छादित किया जाएगा। यह बिजली बिल माफी योजना 01 अप्रैल 2023 से 30 जून 2023 तक लागू है। बकायेदार विच्छेदित लीगल नोटिस एवं सर्टिफिकेट केस घरेलू उपभोक्ता (शहरी एवं ग्रामीण) को भी इस योजना का लाभ दिया जा रहा है।

## न्यूज फटाफट

### महेशपुर डीलर एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड के गढ़बाड़ी गांव स्थित पीर मजार के पास सोमवार को महेशपुर डीलर एसोसिएशन की बैठक उमा शंकर भगत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रुप से डीलरों को पीएमजी अनाज का कमीशन विगत दस माह से नहीं मिलने एवं एनएसए अनाज का तीन माह का कमीशन नहीं मिलने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही इस संबंध में विभागीय वरीय अधिकारी को लिखित आवेदन देकर बकाया कमीशन के भुगतान किए जाने की मांग रखने तथा महेशपुर प्रखंड के सभी डीलरों का ई-पॉश मशीन की बैटरी बदलने, सोना-सोबरन धोती साड़ी लूंगी योजना में धोती के बदले लूंगी दिए जाने की मांग वरीय अधिकारी से की जाएगी। बैठक में डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष आसादुल अंसारी, शुभेंदु बनर्जी, नूर आलम, रफीक खान, दुर्योधन पाल, बिरेंद्र कुमार पाल, मोहम्मद गुलाम मुरतोजा, मालती देवी, रामजी प्रसाद भगत, शांति देवी सहित अन्य डीलर उपस्थित थे।

### ई-केवाईसी के लिये प्रखंडों में लगेगा शिविर



**पाकुड़ :** उपायुक्त श्री वरुण रंजन के निदेर्शानुसार झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के छुटे हुए लाभुकों का ई-केवाईसी करवाने हेतु दिनांक 11 जून से 13 जून तक सभी प्रखंड एवं मुख्यालय में विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। कृषि विभाग द्वारा छूटे हुए लाभुकों को कैंप में पहुंचकर ई-केवाईसी कराने की अपील की है। कृषि कार्यालय द्वारा बताया गया कि पाकुड़ प्रखंड में 70 किसानों का नाम मिसमैच है। इसके अलावा हिरणपुर प्रखंड में 19, महेश्पूर में 180, लिट्टीपाड़ा में 57, अमड़ापाड़ा में 66, पाकुड़िया में 204 किसानों का बैंक खाता में राशन कार्ड में और आधार कार्ड में नाम में अंतर होने के कारण ईकेवाईसी को रद्द कर दिया गया. वहीं पाकुड़ प्रखंड में 346, हिरणपुर प्रखंड में 156 महेशपुर में 875 लिट्टीपाड़ा में 387, अमड़ापाड़ा में 578, पाकुड़िया में 473 कुल मिलाकर 2815 किसानों का ईकेवाईसी किया जाना बकाया है। वहीं 472 मृत पाए गए हैं। कार्यालय द्वारा जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा गया है कि जिनका भी नाम ऋण माफी के सूची में है एवं अपना ईकेवाईसी नहीं करवाए हैं अविलंब अपना ईकेवाईसी करवा लें अन्यथा कृषि ऋण माफी के योजना के लाभ से वंचित रह जाएंगे। 7400 किसानों की ई-केवाईसी की प्रकिया पूर्ण पाकुड़ जिले में अबतक 7400 किसानों की ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। जिसमें पाकुड़ प्रखंड में 1737, हिरणपुर प्रखंड में 852, महेशपुर प्रखंड में 3153, लिट्टीपाड़ा में 1044, अमड़ापाड़ा में 1324, पाकुड़िया में 2701 कुल 10811 किसानों का डेटा ऋण माफी हेतु पोर्टल पर अपलोड किया गया है। जिसमें से पाकुड़ प्रखंड में 1321 किसानों का ऋण माफी का काम ईकेवाईसी पूरा कर लिया गया है, हिरणपुर में 677, महेशपुर में 2098, लिट्टीपाड़ा में 600, अमड़ापाड़ा में 680 और पाकुड़िया में 2024 कुल मिलाकर 7400 किसानों का ईकेवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है।

### 10 दिवसीय हूनर दीदियों का सब्जी खेती प्रबंधन और पौधशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**पाकुड़ :** सदर प्रखंड के सोनाजोड़ी स्थित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिला प्रशासन और जेएसएलपीएस के हूनर दीदियों का सब्जी खेती प्रबंधन और पौधशाला पर दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसका विधिवत उद्घाटन जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस प्रवीण मिश्रा, वरिष्ठ संकाय सह कार्यक्रम समन्वयक आरसेटी पाकुड़ अमित कुमार वर्धन, बीपीओ मोहन साहा ने संयुक्त रुप से किया।प्रवीण मिश्रा ने दीदियों को संबोधित करते हुए वेज कार्ट के महत्व को बताए। उन्होंने दीदियों को आय में वृद्धि के कई उपाय बताते हुए हौसला बढ़ाए। उन्होंने स्वरोजगार के साथ ही जीवन स्तर को सुधार करने में प्रशिक्षण के महत्त्व को बताया। सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अमित कुमार बर्धन ने कहा कि वर्तमान समय में हुनरमंद होना नितांत आवश्यक है। वेज कार्ट का उपयोग कर महिलाएं स्वालंबी बन सकती हैं। पाकुड़ जिला की युवाओं और सखी मंडल की महिलाएं स्वरोजगार कर अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं। दीदियों को सब्जी खेती के साथ ही विपणन, उदमी योग्यता, समय प्रबंधन, वित्तीय समावेशन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, बैंकिंग, बीमा आदि से संबंधित जानकारी दी जाएगी।आज के कार्यक्रम में संकाय वापी दास, कार्यलय सहायक शिबू कुनाई , मोतीलाल साहा मौजूद रहे। इस कार्यक्रम की प्रशिक्षक सिमडेगा के निकोलोस बरजो हैं।

### पार्क की कमियों को दूरे करे निगम : बिनोद



**मेदिनीनगर :** बसपा नेता एवं पूर्व प्रत्याशी डालटेनगंज विधानसभा क्षेत्र बिनोद कुमार सोनी ने कहा है कि डालटेनगंज मेदिनीनगर निगम में, डॉ भीमराव अंबेडकर साहब पार्क, गांधी मैदान पार्क,चियांकी पार्क एवं कोयल मेरिन ड्राईव के जगह पर मेदिनीनगर के जनता काफी दिलचस्पी लेकर अपने बाल बच्चों के साथ घूमने जाते हैं। उक्त जगहों पर कुछ कमियां है इसे दूर करना नगर निगम आयुक्त को अतिशीघ्र करने के संबंध में, प्रेस बयान जारी कर मांग करता हूं। मेदिनीनगर नगर निगम आयुक्त मांग को सुनिश्चित करें। डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में सफाई,पौधे में पानी नहीं पटने से पौधे सूख रही हैं,तालाब में झरना एवं लाइट आज तक चालू नहीं हुआ उसे तुरंत दुरुस्त कराया जाए, तालाब में पानी की व्यवस्था एवं तलाब को सफाई किया जाए,रात्रि में पार्क 10:00 बजे तक खोला जाए।2.गांधी मैदान पार्क को रात्रि 10:00 बजे रात खोला जाए एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है एवं पौधे को मरने से बचाने के लिए पौधों में पानी पटाया जाए,गांधी मैदान पार्क जो 6.5 बजे पर खोला एवं जाना एवं 7:30 बजे बंद करना कहीं से उचित नहीं है गांधी मैदान पार्क 6:00 से लेकर 10:00 रात तक खोला जाए और सुरक्षा व्यवस्था दिया जाए,3.कोयल मरीन ड्राईव के जगहों पर भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था एवं सफाई व्यवस्था दुरुस्त किया जाए लोगों को यह सभी पार्क आकर्षित कर रहा है और भारी मात्रा में लोग जाते हैं। सभी जगह पर सफाई सुरक्षा एवं पानी पीने योग्य व्यवस्था किया जाए,ताकी लोग को अपने साथ बाल बच्चों के साथ जाने वाले लोगों को बौद्धिक विकास हो सके इसकी व्यवस्था जिला प्रशासन को करने चाहिए।

## शहर >> अपडेट

### लू चलने के कारण आम जनजीवन अस्त व्यस्त

**कोडरमा :** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी से जमीन तप रही है। वहीं लू चलने के कारण आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सोमवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री व न्यूनतम तापमान 30 डिग्री रहा। फिलहाल मौसम में कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है। दो-चार दिनों में और भी भीषण गर्मी पड़ने की उम्मीद है।

## सिटी अपडेट्स >>

### भाजपा के कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं के साथ हुई बैठक

**जयनगर :** प्रखंड के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भारतीय जनता पार्टी जयनगर, परसाबाद मंडल के मंच मोर्चा के अध्यक्ष, महामंत्री की संयुक्त बैठक रखी गई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का 9 वर्ष पूर्ण होने पर जो कार्यक्रम चल रहा है, उसी निमित्त आगामी 15 जून लोकसभा स्तरीय कार्यक्रम बगोदर स्टेडियम में तथा 16 जून विधानसभा स्तरीय इचाक कार्यक्रम में कार्यक्रम सफल हेतु पर विस्तृत चर्चा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयनगर मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी एवं संचालन परसाबाद मंडल अध्यक्ष शशि भूषण चौधरी ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग जिले के चेयरमैन सह कार्यक्रम संयोजक उमेश प्रसाद मेहता, बरकट्ठा जिला परिषद सदस्य सह संयोजक कुमकुम देवी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील कुमार मेहता, जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश राम, बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, मंडल उपाध्यक्ष सेवा निर्मित शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी, महामंत्री यमुना प्रसाद, महेश रजक, अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष अशोक रजक, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय राणा, सांसद प्रतिनिधि विजय पंडित, किशुन यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा ने मंत्री को ज्ञापन दिया, सीओ पर कार्यवायी की मांग

**कोडरमा :** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अजय कृष्ण ने मंत्री अल्पसंख्यक, कल्याण, निबंधन, पर्यटन कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार सह प्रभारी मंत्री, बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति हफिजुल हसन को लिखित ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने कि मांग किया है। श्री कृष्ण ने आवेदन में कहा है कि झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा राज्य-झारखंड के बैनर तले कोडरमा समाहरणालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कार्यक्रम दिनांक 10 अप्रैल से किया गया और 18 अप्रैल को कोडरमा उपायुक्त के निर्देश दिए लिखित आश्वासन दिया गया परंतु, अभी तक किसी भी तरह से कार्रवाई नहीं किया गया। उन्होंने आवेदन में कहा है कि डोमचांच अंचल अधिकारी मां देवप्रिया, कामेश्वर पांडे , पंकज कुमार सिंह, रविंद्र कुमार पर कार्रवाई नहीं होने से अंचल अधिकारी मां देवप्रिया का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। मनगढ़ंत कहानी बनाकर मनोबल तोड़ने के उद्देश्य से डोमचांच थाना कांड संख्या 69/23 दर्ज किया गया है, जो सरासर पद का दुरुपयोग किया गया है। अंचल अधिकारी पर कार्रवाई करते हुए नौकरी से बर्खास्त करने हेतु प्रपत्र- क गठित करने की मांग किया है।

### कामगारों ने सहकर्मी की मौत पर शोक व्यक्त किया

**बेरमो /जारंगडीह :** जारंगडीह कोलियरी में शावेल ऑपरेटर के पद पर कार्यरत सीसीएल कर्मी श्याम राम की हुई मौत पर जारंगडीह कोलियरी के कामगारों ने 12/06/2023, को प्रातः 06:15 बजे प्रथम पाली कार्य शुरू होने से पहले 2 मिनट का मौन रखकर अपने सहकर्मी स्वर्गीय श्याम राम (शोवेल ऑपरेटर) को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उसके बाद सभी कामगारों ने उनके आवास पर जाकर उनके परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद करने की बात कही।

**चिकित्सा** सदर अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था भगवान भरोसे चल रहा

# 52 लाख का अल्ट्रासाउंड और 52 लोगों का भी नहीं हुआ इलाज

राष्ट्रीय खबर



**चतरा :** सदर अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था भगवान भरोसे चल रहा है। गरीब असहाय मरीजों को मोटी रकम देकर अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड में जाकर अल्ट्रासाउंड करवाना पड़ रहा है । वही दो माह पूर्व अस्पताल में ऊँची दामों पर खरीदारी कर लगाए गए एडवांस अल्ट्रासाउंड सफेद हाथी के दांत साबित हो रहा है ।जानकारी के अनुसार एडवांस अल्ट्रासाउंड मशीन की खरीदारी 52 लाख रुपए में किया गया है। जबकि एडवांस अल्ट्रासाउंड मशीन की कीमत 25 लाख से अधिक नहीं है । स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने 12 लाख रुपये की अल्ट्रासाउंड मशीन जेम पोर्टल से 52 लाख में क्रय कर लिया। अधिकारियों पर तरह-तरह के सवाल उठ रहे है। घोटाले की जानकारी होते ही स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव के निर्देश पर क्षेत्रीय उप निदेशक ने जांच का आदेश दिया है। एक तो मशीन खरीदारी में घोटाला प्रतीत होता है तो वही दूसरी तरफ जिस उद्देश्य से अस्पताल में आने वाले मरीजों को सस्ते दर पर अल्ट्रासाउंड की सुविधा मुहैया कराना था वह उद्देश्य पूरा नहीं हुआ ।इस अल्ट्रासाउंड मशीन को सदर अस्पताल में अधिष्ठापित कराने को लेकर डीसी अबू इमरान के द्वारा ट्रायल भी करवाया गया। परंतु ट्रायल होने से लेकर आज तक करीब दो माह बीत जाने के बाद भी इस मशीन में 52 लोगों का भी अल्ट्रासाउंड नहीं किया जा सका है। वर्तमान समय में यह अल्ट्रासाउंड एक्सरे मशीन के लिए बनाए गए गोदाम की शोभा बढ़ा रहा है। ऐसे में सदर अस्पताल में इलाज कराने के लिए पहुंचने वाले मरीजों को बाहर जाकर अल्ट्रासाउंड कराना पड़ रहा है। जिसके एवज में उन्हें मोटी रकम भी चुकानी पड़ती है। इस मशीन का संचालन सदर अस्पताल में नहीं किए जाने के कारण खास कर गर्भवती महिलाओं को जांच कराने में कई प्रकार की परेशानियों से दो चार होना पड़ता है। आपके बता दें कि सदर अस्पताल आने वाले मरीजों को प्लस टू बालक उच्च विद्यालय के सामने संचालित आस्था अल्ट्रासाउंड भेजा जाता है। नियमतः गर्भवती महिलाओं से उक्त अल्ट्रासाउंड वाले को अल्ट्रासाउंड का चार्ज नहीं लेने का भी निर्देश है। बावजूद वहां जाने वाली महिलाओं से मोटी रकम की वसूली कर ली जाती है। जो उन्हे अल्ट्रासाउंड का चार्ज नहीं देते है उनके साथ केंद्र संचालक के द्वारा इतना टाल मटौल किया जाता है और उन्हें इतना देर देर तक बैठाकर रखा जाता है कि मजबूर होकर उन्हें उसी अल्ट्रासाउंड वाले को पैसा देकर अपना काम निकलवाना पड़ता है। शायद डॉक्टरों को आस्था से मिलने वाली मोटी कमीशन के कारण ही शायद अस्पताल का अल्ट्रासाउंड आज तक प्रारंभ नहीं हो सका है। हालांकि इस बारे में पूछे जाने पर हर बार की भांति रटा रटाया बयान देते हुए सिविल सर्जन डॉ एसएन सिंह कहते हैं कि अल्ट्रासाउंड मशीन चालू हालत में है। पर कुछ जांच की प्रक्रिया चल रही है।

## बिजली व पानी के लिए जयनगर में हाहाकार

राष्ट्रीय खबर



**जयनगर:** प्रखंड में सुबह के सात बजते ही सूर्य की किरण आग उगलने लगती है। जिस प्रकार मौसम की स्थिति है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि आने वाले 4 से 5 दिनों तक हालात और बद से बदतर हो जाएंगे। एक और जहां भीषण गर्मी का दौर जारी है जिसके कारण लोगों का जीना बेहाल है। वहीं दूसरी ओर लोड सेडिंग का बहाना कर विद्युत की कटौती से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है।। प्रतिदिन रात के समय में विद्युत की कटौती से लोगों की नींद हराम हो रही है। । मालूम हो कि जयनगर प्रखंड के विभिन्न इलाकों में नियमित रूप से बिजली नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को पढ़ाई लिखाई करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिसके कारण विद्यार्थियों का जीवन अंधेरे में हो गया है। वही इस भीषण गर्मी में प्रत्येक दिन 24 घंटे में लगभग 7- 8 घंटे बिजली दिया जा रहा है जिसके कारण उपभोक्ताओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रुपायडीह पंचायत मुखिया गणपत यादव, उप मुखिया चंदन बर्णवाल, तेतरौन पंचायत मुखिया आशा देवी, उप मुखिया सलीम अंसारी, बेको पंचायत मुखिया रूपाली कुमारी, उप मुखिया देवन सिंह पीपचो मुखिया रामेश्वर यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजय यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि भोला यादव, समाजसेवी रविंद्र कुमार रवि, सचिन गुप्ता, अरविंद यादव सहित कई लोगों ने अति शीघ्र बिजली सुधार करने की मांग की है ताकि लोगों को गर्मी से राहत मिल सके।

## उपायुक्त ने इटखोरी प्रखंड क्षेत्र में चल रहे तालाब निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**चतरा:** उपायुक्त अबु इमरान जिले के इटखोरी प्रखंड में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट से संचालित तालाब निर्माण कार्य का जायजा लेने पहुंचे इटखोरी।निरीक्षण के क्रम में इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के करणी पंचायत के खरोंद गांव, चोरकारी, मलकपुर पंचायत के डुंडी गांव में संचालित तालाब निर्माण कार्य का जायजा लिया। साथ ही इटखोरी मयूरहंड रोड में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से बन रहे पुलिया का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में उपस्थित पदाधिकारी को कहा कि यह सुनिश्चित करें की मॉनसून से पहले तालाब का कार्य पूर्ण हो और पुलिया निर्माण का भी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने साफ शब्द में कहा कि यह भी सुनिश्चित करें की पुलिया निर्माण कार्य में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग हो। उक्त निरीक्षण के क्रम में अंचल अधिकारी इटखोरी राम विनय शर्मा, संबंधित विभाग के जूनियर इंजीनियर समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।



## हाथियों के झुंड ने टाना भगत के घर को किया ध्वस्त



राष्ट्रीय खबर

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत झाबर पंचायत के डेम्बू गांव के नदी पार टोला क्षेत्र में13 हाथियों के झुंड ने रमेश टाना भगत पिता स्व परमेश्वर भगत के घर को पूरी तरह ध्वस्त करते हुए घर में रखे दर्जनों बोरा चावल चना गेहूं रहड़ बटुरा, आलू,आदि को पूरी तरह से चट कर गए। साथ ही साथ धनेश्वर टाना भगत के खेत में लगे मक्का के खेती को पूरा खा गए एवं रमेश टाना भगत धनेश्वर टाना भगत का 4 पेड़ो में सैकड़ों कटहल को खा गए। जिस से सभी पीड़ित परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। एवं लाखो रुपए का नुकसान हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार झाबर मुखिया पति बासुदेव उरांव मौके पर पहुंच पीड़ित परिवार के नुकसान की भरपाई के लिए वन विभाग से उचित मुआवजा की मांग करते हुए कहा की नदी पर टोला एक अत्यंत हो पिछड़ा क्षेत्र है आजादी के 75 वर्ष बाद भी आज तक इस टोला में बिजली की सुविधा एवं रोड का निर्माण नहीं हुआ है भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने सरकार से मांग किया है की जल्द से जल्द इस इलाके में अभिलंब बिजली एवं रोड की वैवस्ता करे। नही तो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन किया जाएगा। बीते तीन वर्षो से इस क्षेत्र में सैकड़ों घटनाएं हाथियों के द्वारा हो चुकी है फिर भी वन विभाग कान में तेल डाल कर सोयी हुई है। सिर्फ मुवावजा को राशि दे देने से क्या पीड़ित परिवार का दुख दूर हो जाएगा। लोगो में वन विभाग के प्रति रोष देखा जा रहा है। मौके पर किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी गजेंद्र हिमांशु कुलेश्वर प्रजापति रमेश टाना भगत धनेश्वर टाना भगत महेंद्र टाना भगत सुरेंद्र टाना रूपेश यादव भगत रामजीत यादव अमित भगत सुमित भगत समेत दर्जनों ग्रामीणों मौजूद रहे।

## आदर्श कुमार को मिला मिस्टर झारखण्ड का खिताब

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** दिल्ली में आयोजित ग्लोबल इंटरनेशनल पेजेंट 2023 के लिए समर्पण की अधीक्षक पूनम साहू के पुत्र 18 वर्षीय आदर्श कुमार को मिस्टर झारखण्ड का खिताब प्राप्त हुआ है। मिस्टर एशिया 2023 के लिए वे चौथे स्थान पर रहे हैं। ग्लोबल इंडिया इंटरटेनमेंट प्रोडक्शन की और से आयोजित ग्लोबल मिस्टर एंड मिस एशिया 2023 के लिए बेस्ट लुक एवं मॉडलिंग का खिताब जीतने पर राज्य भर के शिक्षाविदों एवं सौन्दर्यप्रेमियों के द्वारा उन्हें वधाई दी जा रही है। छोटे से शहर से निकलकर मॉडलिग के क्षेत्र में अपना हुनर दिखाया है एवं कोडरमा, झुमरीतिलैया का नाम रौशन किया है।

पढ़ाई के साथ-साथ आदर्श कुमार ने मॉडलिग क्षेत्र का चयन किया और आज आदर्श ने एशिया के स्तर पर चौथे स्थान पर रहे। विभिन्न राज्यों से दिल्ली पहुंचे 300 से ज्यादा प्रतिभागियों में से चौथे स्थान प्राप्त करना अपने आप में बड़ी बात है। बताते चलें कि उनकी माँ समर्पण संस्था से जुडी हुई हैं और महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर काफी सक्रिय हैं।

उनके पिता अशोक साहू तिलैया में एक किराना दुकान चलाते हैं। डीएभी पब्लिक स्कूल तिलैया से उन्होंने मेट्रिक पास किया एवं फिलहाल रांची में रहकर इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की है। अब वे मॉडलिंग के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं। वे बचपन से काफी शमीर्ले थे परन्तु चित्रकारी, पेंटिंग, डांस एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में काफी एक्टिव रहे हैं। फिलहाल सोशल मीडिया में भी इनदिनों काफी एक्टिव हैं और उनके फोलोवर काफी हैं।

**सेवा** रोटरी राष्ट्र निर्माण जरूरतमंदों की सेवा के लिए हमेशा कार्य करती

# रोटरी की जोनल मीटिंग में राष्ट्र निर्माण पर बल

राष्ट्रीय खबर

- जोन 12 से झारखंड, बिहार के रोटरी के पदाधिकारी अध्यक्ष सेक्रेटरी सदस्य शामिल हुए
- बाहर से आए सभी रोटेरियन को कोडरमा रोटरी के पदाधिकारी सदस्यों ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।




**झुमरीतिलैया:** रामेश्वरम होटल में रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा के द्वारा एक जोनल मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें जोन 12 से झारखंड, बिहार के रोटरी के पदाधिकारी अध्यक्ष सेक्रेटरी सदस्य शामिल हुए। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन एसपी बगड़िया ज्वाइंट सेक्रेट्री पीयूष मुसद्दी गिरिडीह मौजूद थे। मंच संचालन रोटेरियन कुमार पुजारा ने किया। बाहर से आए सभी रोटेरियन को कोडरमा रोटरी के पदाधिकारी सदस्यों ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मंडल अध्यक्ष एसपी बगड़िया ने कहा कि रोटरी राष्ट्र निर्माण और जरूरतमंदों की सेवा के लिए हमेशा कार्य करती है। रोटेरियन कुमार पुजारा ने कहा कि हमें रोटेरियन होने पर गर्व है। समाज सेवा में अधिक से अधिक कार्य सभी रोटेरियन करें इसलिए ही यह जोनल मीटिंग बुलाई गई है। धन्यवाद ज्ञापन अजय अग्रवाल ने दिया। मौके पर नवादा, बिहारशरीफ, तथागत, नालंदा, शेखपुरा, राजगीर, गिरिडीह, कोडरमा रोटरी के अध्यक्ष, सेक्रेटरी सदस्यों ने शिरकत किया।

## न्यूज फटाफट

### बाइक दुर्घटना में मृतक के घर पहुंच किया शोक व्यक्त



**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना अंतर्गत सिमर स्रोत निवासी जिसकी कल इचाक ग्राम के मासीलांग में बोलेरो एवम बाइक दुर्घटना में ठेला गंजू की मौके पे ही मृत्यु हो गए थी। आज भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार मृतक के घर पहुंच अंतिम शव यात्रा में शामिल हो भगवान श्री हरि के चरणों में स्थान प्राप्त करने की कामना करते हुए मृतक के परिवार को दु:ख व्यक्त करते हुए दुख: की घड़ी में हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार भाजयुमो मंडल कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार यादव बूथ अध्यक्ष टीरू गंजू समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### पेयजल संकट का सामना कर रहे लोग

**जयनगर :** जलापूर्ति के लिए जयनगर में तीन जल मीनार है। तीनों जल मीनार से 1 दिन बाद पानी आपूर्ति करने का दावा संबंधित अधिकारी कर रहे हैं। हालांकि वैसा नहीं हो रहा है। कई ऐसे मोहल्ले हैं जहां पर पिछले महीना से पानी सप्लाई बाधित है, वहीं परसाबाद, जल मीनार से पानी पूर्ण रूप से ठप है। जयनगर मुख्यालय में पानी तीन - चार दिनों से बंद है। पीपचो जल मीनार से कुछ लोगों को ही जलापूर्ति मिल रहा है।

### कोडरमा-रांची नई रेल लाइन से घटेगी दूरी : सीपीआरओ

**कोडरमा :** धनबाद रेल मंडल से रांची रेल मंडल से सीधे जुड़ रहा है। अभी कोडरमा से रांची की दूरी 240 किलोमीटर है। कोडरमा से पारसनाथ, गोमो, चंदपुरा, मुरी होते हुए रांची जाना पड़ता है, लेकिन अब कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बड़काकाना रेल लाइन से 200 किलोमीटर की दूरी होगी। अभी बड़काकाना से रांची 120 किलोमीटर है। नई रेल लाइन बनने के बाद इसकी दूरी लगभग 63 किलोमीटर कम हो गयी है। रांची जाने का यह चौथा विकल्प होगा। यह जानकारी पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के सीपीआरओ के बिरेन्द्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि धनबाद रेल मंडल अंतर्गत अपने क्षेत्र का विस्तार करते हुए मेसरा रास्ते रांची तक पहुंच गया है। अभी रेल मार्ग से रांची जाने के लिए राउलकेला, मुरी, लोहरदगा रेल लाइन पर ट्रेन का परिचालन हो रहा है। कोडरमा-रांची रेल मार्ग चौथा विकल्प होगा। उन्होंने बताया कि यह मार्ग यात्रियों के लिए खास होगा। नयी रेल लाइन अन्य अवसर भी प्रदान करेगा। यह घाटियों से होकर गुजरेगी और आसपास का जंगल पर्यटकों के लिए खास होगा।

### मंत्री हफीजुल हसन का कार्यकताओं ने किया स्वागत



**मरकच्चो :** झारखंड सरकार के कल्याण एवं युवा खेल संस्कृति पर्यटन निबंधन मंत्री हफीजुल हसन का सोमवार को बीस सूत्री की बैठक मे भाग लेने मधुपुर से कोडरमा जाने के क्रम मे बरियारडीह व मरकच्चो ब्लॉक चौक पहुंचने पर कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। उनके स्वागत में उक्त मार्ग के चौराहों पर तोरण द्वार बनाए गए थे। कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जगह-जगह मंत्री को समर्थकों ने फूल माला से लाद दिया। मंत्री ने जगह-जगह अपने समर्थकों और कार्यकताओं को हाथ दिखाकर अभिवादन स्वीकार किया। तत्पश्चात बीस सूत्री बैठक मे शामिल होने कोडरमा समाहरणालय के लिए प्रस्थान कर गए। मालूम हो कि कोडरमा जिला मे मंत्री का पहला दौरा हुआ। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर तिवारी, बीस सूत्री सदस्य मो जावेद, युवा मोर्चा के मो नौशाद, अल्पसंख्यक मोर्चा के मो खलील, मो अफजल, मो जैनुल, संजय वर्मा, सुजीत यादव, मो रियासत, जयनगर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह, करीम अंसारी, पूर्व मुखिया मंजूर आलम, हारून रसीद आदि मौजूद थे।

### हाथी से बचने को लेकर भागने के दौरान महिला का हाथ टूटा



**मरकच्चो :** बेरहरावा जंगल से अपने झुंड से भटक कर एक हाथी कुछ दिनों पूर्व सतगावां की ओर जाने के बाद पुनः जंगल के रास्ते वापस लौटकर बेरहवा जंगल पहुंच गया। रविवार की रात्रि हाथी बेरहवा जंगल से सटे गांव पपलो पहुंच गया। ग्राम पपलो निवासी बुलाकी यादव ने बताया कि रविवार की रात्रि ग्राम पपलो पहुंचकर मेरे घर के समीप पहुंचकर मड़ई तोड़ दिया व घर का खिड़की तोड़ने लगा। इसी दौरान आवाज सुनकर घर में सो रहे लोग दरवाजा खोल कर भागने लगे। भागने के क्रम में बुलाकी यादव की पत्नी सरस्वती देवी 48 वर्ष गिर गई जिससे उसका हाथ टूट गया। सोमवार की सुबह सरस्वती देवी ने मरकच्चो स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर इलाज करवाया।

### राज्यपाल मंगलवार को मरकच्चो के ओरकोसा आयेंगे



**मरकच्चो :** प्रखंड के स्वालम्बी ग्राम ओरकोसा पुनर्वास में राज्यपाल का कार्यक्रम मंगलवार को है जिसकी तैयारी तैयारी जोरों पर है। मंगलवार को मरकच्चो प्रखंड के उत्तरी पंचायत स्थित ग्राम ओरकोसा पुनर्वास में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के आगमन को लेकर सोमवार को उपायुक्त कोडरमा आदित्य रंजन व पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने अधिकारियों के साथ स्वालम्बी ग्राम पुनर्वास का जायजा लिया। साथ ही कार्यक्रम को लेकर मन्त्रणा भी की। राज्यपाल के कार्यक्रम को देखते हुए जिला प्रशासन व प्रखण्ड प्रशासन के द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है। राज्यपाल स्वावलंबी गांव ग्राम ओरकोसा पहुंचकर पंचखेरो जलाशय का जायजा लेंगे साथ ही स्वावलंबी ग्राम ओरकोसा पुनर्वास के ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद भी करेंगे।

## न्यूज फटाफट

### 12 जून को कृदोत्सव का आयोजन किया गया



**रांची :** संत जेवियर कॉलेज रांची के राष्ट्र सेवा योजना (एन.एस.एस) , ने 12 जून को कृदोत्सव का आयोजन किया। इसमें कई प्रकार के खेल खेले गए जैसे क्रिकेट, बैडमिंटन, कबड्डी ,रस्सी खिंचाई आदि। सभी वॉलंटियर्स ने बढ़ चढ़ कर इसमें हिस्सा लिया।श्री अनिर्बान गुप्ता (प्रोफेसर कॉमर्स डिपार्टमेंट जेवियर्स कॉलेज) ने हाल ही में एनएसएस St.Xavier's College के प्रोग्राम ऑफिसर का पद भार संभाला। उसके बाद उनका यह पहला सफल आयोजन रहा। मुख्य अतिथि के तौर पर प्रोफेसर ज्योति टेटे मौजूद थे जो की कॉलेज के इवनिंग सेक्शन के इंचार्ज है ।श्री अनिर्बान गुप्ता ने वॉलंटियर्स को बताया कि खेलकर से पुष्ट और स्फूर्तिमय शरीर ही मन को स्वस्थ बनाता है। खेलकूद मानव मन को प्रसन्न और उत्साहित बनाए रखते हैं। खेलों से नियम पालन के स्वभाव का विकास होता है और मन एकाग्र होता है। खेल में भाग लेने से खिलाड़ियों में सहिष्णुता,धैर्य और साहस का विकास होता है तथा सामूहिक सद्भाव और भाईचारे की भावना बढ़ती है।

### कई बड़ी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा यूपी : सहगल



**लखनऊ :** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 उत्तर प्रदेश के सफल आयोजन से उत्साहित सूबे के अपर मुख्य सचिव खेल व युवा कल्याण डा.नवनीत सहगल ने सोमवार को कहा कि राज्य में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के इरादे से आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर की कई बड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। डा सहगल और प्रदेश के खेल निदेशक डा आरपी सिंह को यहां केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 के सफल आयोजन के लिये खेल योद्धा के सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर डा.सहगल ने कहा कि उत्तर प्रदेश आने वाले समय में कई बड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। सरकार खिलाड़ियों को हर वो सुविधा देगी जिससे वो आगे बढ़कर प्रदेश व देश का नाम रौशन करें। उन्होंने बेहद कम समय में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की शानदार मेजबानी के लिए पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे लिए ये आयोजन कराना बड़ा चुनौतीपूर्ण था लेकिन उत्तर प्रदेश ने इसे बखूबी पूरा किया। ये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव के मार्गदर्शन से संभव हो पाया है। इस आयोजन से उत्तर प्रदेश में पीएम नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया अभियान का ग्राफ और तेजी से बढ़ेगा। प्रदेश के खेल निदेशक डा. आरपी सिंह ने कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स से यूपी में खेल का एक अलग माहौल पैदा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बड़े आयोजन से यूपी का खेल स्तर काफी ऊंचा उठा है और इसका फायदा आने वाले दिनों में मिलेगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पांडेय ने कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स - 2022 उत्तर प्रदेश का सफल व ऐतिहासिक आयोजन डा.नवनीत सहगल (अपर मुख्य सचिव खेल व युवा कल्याण) और खेल निदेशक डा.आरपी सिंह व उनकी टीम की मेहनत का नतीजा था कि प्रदेश ने पहली बार इन खेलों का भव्य आयोजन किया। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की सफलता से यूपी में खेलों को लेकर एक नया माहौल पैदा हुआ है। इसके लिए अपर मुख्य सचिव खेल व युवा कल्याण डा.नवनीत सहगल और उत्तर प्रदेश के खेल निदेशक डा. आरपी सिंह लगातार खिलाड़ियों की बात सरकार तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

**फुटबॉल** फारवर्ड लुसियानो रोड्रिग्ज के अंतिम समय में किये गये एकमात्र गोल की मदद से

# इटली को हरा उरुग्वे ने जीता अंडर-20 विश्व कप खिताब

- रोड्रिग्ज ने 86वें मिनट में हेडर से गोल दागा
- अपनी टीम के सिर जीत का सेहरा बांध दिया

**एजेंसियां**

**ला प्लाटा (अर्जेंटीना):** फारवर्ड लुसियानो रोड्रिग्ज के अंतिम समय में किये गये एकमात्र गोल की मदद से उरुग्वे ने रविवार को यहां इटली को 1-0 से हरा कर अपना पहला अंडर-20 फीफा विश्व कप खिताब जीत लिया। रोमाचंक मुकाबले में पहले हाफ में दोनो टीमों ने एक दूसरे पर ताबड़तोड हमले किये मगर रक्षापंक्ति ने उसे विफल कर दिया जिससे पहला हाफ गोलरहित रहा।

दूसरे हाफ में घड़ी की सुइयां तेजी से फिसल रही थी मगर उरग्वे के तेज तर्राक फारवर्ड खिलाडी रोड्रिग्ज ने 86वें मिनट में हेडर से गोल दागा और यूरोपीय टीमों की



लगातार चार जीत का क्रम तोड़ते हुये अपनी टीम के सिर जीत का सेहरा बांध दिया।

जीत से अभिभूत उरुग्वे के लिवरपूल मोंटेवीडियो के लिए फुटबॉल खेलने वाले रोड्रिगेज (19) ने कहा, ''हम विश्व चैंपियन हैं। मेरे पास कहने के लिये शब्द नहीं है। वास्तव में यह खुशी से पागल करने वाला पल है। यह परम आनंद की अनुभूति कराने वाला लम्हा है जिसे मै हमेशा याद रखना पसंद करूंगा। हमारी टीम बेहतर थी और जीत की हकदार थी। प्रत्येक खिलाड़ी ने अपने प्रशिक्षण सत्र और मैच में अपना सब कुछ झोंक दिया, और अंत में हमने जीत हासिल की।'' अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स से लगभग 50 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में ला प्लाटा के डिएगो माराडोना स्टेडियम में 40 हजार से अधिक दर्शकों ने फाइनल देखा। स्टेडियम में मौजूद लोगों में फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो और दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल परिसंघ के प्रमुख अलेजांद्रो डोमिंग्वेज शामिल थे।

## खेल जगत अपडेट्स »

### महान कहे जाने पर आया नोवाक जोकोविच का बयान



**पेरिस :** नोवाक जोकोविच ने टेनिस के इतिहास में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले पुरूष खिलाड़ी बनने के बाद कहा कि हर दौर में खेलने की परिस्थितियां अलग रही है और हर दौर में महान खिलाड़ी रहे है। जोकोविच ने रविवार को उन्होंने फ्रेंच ओपन फाइनल में रविवार को कैस्पर रूड को हराकर 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैम्पियन रफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया। जोकोविच की इस खिताबी जीत के बाद सबसे महान पुरुष टेनिस खिलाड़ी को लेकर बहस एक बार फिर से छिड़ गयी है ।जोकोविच के प्रतिद्वंद्वी रोजर फेडरर ने 20 ग्रैंड स्लैम जीतने के बाद खेल को अलविदा कह दिया तो वहीं 22 खिताब जीतने वाले नडाल चोट से उबर रहे है। कई प्रशंसक फेडरर को सबसे महान खिलाड़ी मानते है तो वही नडाल की भी पूरी दुनिया में बड़ी फैन फॉलोइंग है। इन तीनों में अधिक ग्रैंड स्लैम के अलावा जोकोविच ने मास्टर्स 1000 स्तर की हर स्पर्धा को कम से कम दो बार जीता है जबकि फेडरर और नडाल इस स्तर की सभी स्पधाओं को नहीं जीत सके है। जोकोविच एटीपी रैंकिंग में सबसे अधिक समय तक शीर्ष पर रहे है।

### लखविंदर खैरा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया

**जालंधर :** सुरजीत हॉकी सोसाइटी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी लखविंदर पाल सिंह खैरा ने आज स्थानीय सुरजीत हॉकी स्टेडियम में सुरजीत हॉकी सोसाइटी, जालंधर द्वारा आयोजित वार्षिक सुरजीत हॉकी कोचिंग कैंप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और अपने अनुभव साझा किए। सुरजीत हॉकी सोसायटी के महासचिव सुरिंदर सिंह भापा के मुताबिक, मुख्य अतिथि पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी लखविंदर पाल सिंह खैरा ने उभरते हुए खिलाड़ियों और अधिकारियों को हॉकी कोचिंग प्रदान करने के उद्देश्य से समाज द्वारा स्थापित सुरजीत हॉकी अकादमी के खिलाड़ियों से मुलाकात की।

## धीमी ओवर गति के लिए भारत-आस्ट्रेलिया पर जुर्माना

**एजेंसियां**

**लंदन:** आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में ओवल में धीमी ओवर गति के लिये भारत पर मैच फीस का शत प्रतिशत और ऑस्ट्रेलिया पर मैच फीस का 80 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी एलीट पैनल केमैच रेफरी के रिची रिचर्डसन ने यह प्रतिबंध लगाए थे। भारत को लक्ष्य से पांच ओवर कम करने का फैसला सुनाया गया जबकि ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित समय सीमा में चार ओवर कम फेंके थे।

आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जब कोई टीम तय समय पर पूरे ओवर नहीं कर पाती है तो खिलाड़ियों पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। पांच ओवर पीछे होने की वजह से भारतीय टीम की पूरी मैच फीस काट ली गई है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया पर मैच फीस का



80 फीसदी जुर्माना लगा है। अंपायरों ने इसके लिए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और आस्ट्रेलिया के पैट कमिंस ने दोषी ठहराया।

दोनो कप्तानो ने प्रस्तावित प्रतिबंधों को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पडी। इस बीच भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल पर आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक को तोड़ने पर उन पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। गिल को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.7 का उल्लंघन करते पाया गया था। टीम की धीमी ओवर गति और अपने आउट दिए जाने के फैसले का विरोध करने पर गिल के ऊपर दो जुर्माने लगे हैं और उन पर कुल जुर्माना मैच फीस का 115 फीसदी हो गया है। ऐसे में उन्हें अपनी मैच फीस का 15 फीसदी हिस्सा आईसीसी को चुकाना होगा और किसी भी भारतीय खिलाड़ी को इस मैच की फीस नहीं मिलेगी। टेलीविजन अंपायर रिचर्ड केटलबोरो ने ग्रीन के कैच को सही मानते हुए गिल को आउट करार दिया था।

## हेड विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**एजेंसियां**

**लंदन :** ऑस्ट्रेलिया को दुनिया में टेस्ट का सरताज बनाने में महती भूमिका निभाने वाले बल्लेबाज ट्रेविस हेड को भारत के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच के सम्मान से नवाजा गया है। हेड ने टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में दोनों पारियों में क्रमशः 163 और 18 बनाए। उन्होंने स्टीव स्मिथ और एलेक्स केरी के दमदार प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार जीता। फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 209 रन के साथ विशाल जीत हासिल की थी। मैच के पहले दिन द ओवल मैदान में ऑस्ट्रेलिया ने 76 रन पर अपने तीन विकेट गंवा दिए थे और मध्य क्रम के बल्लेबाजों पर पूरा दारोमदार आ गया था और स्मिथ के (121) रन के साथ आस्ट्रेलिया 285 रन की मजबूत स्थिति में आ गया । बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने भारतीय गेंदबाजों



को बुरी तरह से परेशान किया। हेड ने कहा '' भारत के खिलाफ मेरा प्रदर्शन कड़ी मेहनत का फल है। यह आश्चर्यजनक है। आप यहां एक हफ्ते के लिए आते हैं, आप तैयारी करते हैं और इसकी कल्पना करना बहुत मुश्किल है, लेकिन दो साल में हमने टेस्ट मैच के लिए काफी मेहनत की थी। पूरी पारी के दौरान मेरी यह कड़ी परीक्षा थी, मै एक योजना के साथ मैदान में उतरा था और मुझे पता था कि भारतीय टीम क्या करने वाली हैं। कुछ समय पिच पर डटे रहने रहना और स्मिथ के साथ बल्लेबाजी करना बहुत अच्छा अनुभव था।

## नोरा फतेही ने आइफा 2023 परफॉर्मेंसेस की वीडियो शेयर की

**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही ने सोशल मीडिया पर आइफा 2023 परफॉर्मेंसेस की वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की है। नोरा फतेही सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। नोरा फतेही को बॉलीवुड की डांसिंग क्वीन कहा जाता है। नोरा ने आइफा 2023 परफॉर्मेंसेस की वीडियो शेयर सोशल मीडिया पर शेयर की है। इसमें उन्हें लुक टेस्ट कराते हुए देखा जा सकता है। उनका लुक फिल्म अभिनेत्री हेलोन से प्रेरित था। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने इसे बनाने और उनके लुक टेस्ट की जानकारी भी दी है। इसमें कई बिहाइंड द सीन नजर आ रहे हैं।



## विक्की कौशल से अच्छी 'प्लानर' हैं कैटरीना कैफ

**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल का कहना है कि उनकी पत्नी और अभिनेत्री कैटरीना कैफ उनसे अच्छी प्लानर है। विक्की कौशल और कैटरीना कैफ शादी के बाद से ही एक-दूसरे के बारे में खुलकर बात करते हैं। विक्की कौशल ने बताया कि शादी के बाद उन्होंने अपना पहला जन्मदिन कैसे मनाया। विक्की कौशल ने बताया, पिछले साल मैंने शादी के बाद अपना पहला बर्थडे सेलिब्रेट किया था और मैंने हमेशा की तरह अपने दोस्तों के साथ इसे मनाया था। कैटरीना भी उस ग्रुप में शामिल हो गईं तो हम सबने साथ में सेलिब्रेट किया। विक्की



कौशल ने बताया कि कैटरीना कैफ प्लानिंग के मामले में उनसे काफी बेहतर हैं। वह हर छोटी सी छोटी चीजों का ध्यान रखती हैं। उन्होंने कहा, हम दोनों में कैटरीना प्लानर हैं। इतना मेरा दिमाग नहीं चलता है, जितना वह्मप्लानिंग हो जाती है।

### द आर्चीज का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई :** बॉलीवुड फिल्मकार जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म 'द आर्चीज' के साथ शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, जान्हवी कपूर की बहन खुशी कपूर और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा डेब्यू करेंगे। 'द आर्चीज' फिल्म की कहानी कॉमिक बुक कैरेक्टर आर्ची एंड्रयूज और उसके दोस्तों पर आधारित है ।यह फिल्म इसी साल नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। 'आर्चीज' नेटफ्लिक्स इंस्टाग्राम हैंडल ने एक ट्विस्ट के साथ अपडेट पोस्ट किया, जिसमें 'पठान' की एक फेमस लाइन थी। जबकि उनकी टाइमलाइन पर शेयर की गई इमेज में अंग्रेजी और हिंदी में 'वेलकम टू रिवरडेल' लिखा है। इसका कैप्शन है, 'कुर्सी की, और हमारी पेटी बांध रहे हैं रिवरडेल जाने के लिए! कुछ पॉप टट्स शेक और बर्गर लें और आर्चीज गैंग से मिलने के लिए तैयार हो जाएं।

## तब्बू ने गोवा वेकेशन की तस्वीर शेयर की



**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू ने अपने गोवा वेकेशन की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। तब्बू इन दिनों गोवा में वेकेशन मना रही हैं। तब्बू ने इंस्टाग्राम अकाउंट से गोवा वेकेशन की कई तस्वीरें शेयर की हैं। एम तस्वीर में तब्बू पार्क में बैठकर पोज देती नजर आ रही हैं। एक अन्य तस्वीर में तब्बू समंदर के किनारे नजर आ रही है। तब्बू की इन तस्वीरों पर शिल्पा शेट्टी ,मनीषा कोईराला और रकुल प्रीत सिंह ने कमेंट किया। शिल्पा शेट्टी ने लिखा, 'ब्यूटी माय टिंपू।' मनीषा कोइराला ने कहा- 'उफ्फ्फ।' रकुल प्रीत ने फायर इमोजी शेयर कर रिएक्ट किया।

## अंकिता लोखंडे ने मनाई घर की पहली एनिवर्सरी

**एजेंसियां**

**मुंबईः** जानीमानी अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने अपने घर की पहली एनिवर्सरी मनायी है। अंकिता लोखंडे और उनके पति विक्की जैन ने एक साल पहले मुंबई में अपना घर लिया था। अंकिता और विक्की ने अपने घर की पहली सालगिरह मनाई। इस मौके पर उन्होंने अपने घर पर खास जैन रीति-रिवाज से जुड़ी पूजा रखी। अंकिता ने सोशल मीडिया पर घर की पूजा सेरेमनी की कई तस्वीरें



शेयर कीं,जिनमें उनका पूरा परिवार एक साथ जैन रीति-रिवाज से पूजा करता नजर आ रहा है। अंकिता लोखंडे ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, हमारी खुशहाल जगह को एक साल मुबारक हो। समय वास्तव में हवा के जैसे उड़ता है!' विक्की को मेंशन करते हुए उन्होंने लिखा- 'मुझे अभी भी याद है कि जब हमने यह घर खरीदा था।

### कृति सैनन बनेंगी फिल्म निर्माता!

**एजेंसियां**

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन अब फिल्मों का निर्माण करने जा रही हैं। कृति सैनन ने वर्ष 2014 में प्रदर्शित फिल्म हीरोपंती से बॉलीवुड में बतौर अभिनेत्री अपनी शुरूआत की थी। कृति सैनन को फिलम इंडस्ट्री में आये हुये एक दशक हो गये हैं। कृति सैनन अब निर्माता बनने जा रही हैं। कहा जा रहा है कि कृति सैनन एक डिजिटल फिल्म पर काम कर रही हैं, जिसमें वह न केवल अभिनय करेंगी बल्कि निर्माण भी करेंगी ।बताया जा रहा है कि कि हाल ही में कृति के पास एक ऐसी स्क्रिप्ट आई, जिसे उन्होंने प्रोड्यूस करने का फैसला किया। कृति की यह फिल्म ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज होगी।



प्रदेश >> अपडेट

### दो गुटों के बीच गोलीबारी,तीन घायल

**जम्मू :** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के सांबा जिले में सोमवार को दो गुटों में कुछ मामलों पर विवाद को लेकर कुछ बदमाशों ने गोलियां चला दी जिससे तीन लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रंगून गांव में दो गुटों के बीच विवाद के दौरान गोलीबारी में तीन लोग घायल हो गए। इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। सांबा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेनाम तोश ने घटना की पुष्टि की और कहा कि मामले की जांच जारी है।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**सतना :** मध्यप्रदेश के सतना जिले में आज दो वाहन के आमने-सामने की टकराने में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के मझगवां थाना क्षेत्र के हिरौंदी कला गांव के निकट आज दो बाइको के आमने-सामने से टकरा जाने के कारण रामनिवास कोल वा अमित कोल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।

### कार लॉरी की टक्कर में सात लोगों की मौत

**एलुरु :** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले के नालाजेरला मंडल के अनंतपल्ली गांव में सोमवार को कार की लॉरी से हुई टक्कर में एक बच्चे सहित सात लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए।

### मां की हत्या के मामले में पुत्र गिरफ्तार

**सतना :** मध्यप्रदेश के सतना में माँ की हत्या के मामले में पुलिस ने पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उचेहरा थाना क्षेत्र के खोह गांव के निकट के एक जंगल में 70 वर्षिय वृद्ध महिला सुखबरिया कोल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। इस मामले की गई पूछताछ के दौरान पता चला की मृतक का बड़ा बेटा पैसे रूपयों को लेकर अक्सर अपनी मां से विवाद किया करता था। पुलिस के अनुसार आठ जून को लकड़ी लेने जंगल गई सुखबरिया से राधे सिंह गोंड से विवाद हुआ था।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### आवारा कुत्तों के हमले में मूक बधिर किशोर की मौत

**कन्नूर :** केरल में मुजप्पिलांगड के केट्टिनकम में अवारा कुत्ते के एक झुंड के हमले में एक मूक बधिर किशोर की मौत हो गयी। पारिवारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि नौशाद और नूसिफा का पुत्र निहाल नौशाद रविवार शाम को घर से करीब पांच बजे लापता हुआ था और जब तक किशोर को खोजा गया तब तक वह आवारा कुत्तों के झुंड का शिकार हो चुका था। कुत्तों ने उसके चेहरे, पेट और टांगों पर बुरी तरह से हमला किया था। उन्होंने बताया कि पड़ोस के लोगों ने उसे उसके घर से लगभग तीन सौ मीटर की दूरी पर झाड़ियों के अंदर खून से लथपथ पड़ा पाया। वे उसे थालास्सेरी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### रिश्वत के मामले में थाना प्रभारी लाइन अटैच

**सीहोर :** मध्यप्रदेश में एक थाना प्रभारी के द्वारा रिश्वत लेने के मामले में वीडियों वायरल होने पर लाइन अटैच कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक निरंजन राजपूत ने मंडी थाना के प्रभारी टीआई हरि सिंह परमार के द्वारा रिश्वत लेते हुए सोशल मीडिया वीडिओ वायरल होने पर लाइन अटैच कर दिया है। वीडियो में परमार को एक व्यक्ति टेबल पर रुपए देता है और वह अपनी टोपी से रुपए को ढंक देते हैं और छोड़ देने की बात कहते नजर आ रहे हैं। फिर टोपी से रुपए पास बैठी महिला पुलिसकर्मी की ओर सरका देते हैं।

### असम में भाजपा महिला नेता की हत्या

**गुवाहाटी :** असम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक महिला नेता यहां के गोलपारा जिले में मृत अवस्था में पायी गयीं। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने यहां बताया कि मृतका की पहचान जोनाली नाथ के रूप में हुई है, जो असम भाजपा में गोलपारा जिला सचिव के पद पर कार्यरत थीं।

आकर्षण

गुमनाम सुविधा के कारण 130 हथियार जमा हुए

# लूटे गये हथियार लौटाने के लिए पेटी लटका दी भाजपा विधायक ने




**राष्ट्रीय खबर**

**अगरतला:** इंफाल पूर्व के एक भाजपा विधायक के घर पर स्थापित सुरक्षा बलों से छीने गए हथियारों को वापस करने के लिए एक ड्रॉप बॉक्स, स्थानीय युवाओं के लिए एक लोकप्रिय आकर्षण बन गया है, जिन्होंने गुमनाम सुविधा का लाभ उठाते हुए 130 हथियार जमा किए हैं। इन हथियारों में आधुनिक स्वचालित राइफल्स भी शामिल हैं। एल सुसिंद्रो मेइतेई, जो वर्तमान में मणिपुर सरकार में मंत्री हैं, के घर के बाहर एक ढके हुए शेड में एक बड़े पोस्टर पर अंग्रेजी और मैतेई भाषा में लिखा हुआ है, कृपया अपने छीने हुए हथियार यहां गिरा दें। इसके नीचे एक टैगलाइन कहती है: ऐसा करने के लिए स्वतंत्र महसूस करें। इस टैगलाइन का सीधा अर्थ है कि आपके हथियार जमा करने पर यह सवाल नहीं पूछा जाएगा कि हथियार कब्जे में कैसे थे। शनिवार सुबह जब कुछ पत्रकार वहां पहुंचे तो कुछ स्वचालित राइफलों और जिंदा गोला बारूद बेल्ट सहित कुछ हथियार वास्तव में बॉक्स में मौजूद थे। अपने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करने वाले सुसिंद्रो युवा ग्रामीणों को हथियार जमा कराकर शांति प्रक्रिया में शामिल होने के लिए राजी कर रहे थे। ऐसे लोग पुलिस के डर से पीछे ना हट जाए इसलिए यह गुमनाम बॉक्स लगाया गया है।

उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले इसकी स्थापना के बाद से अब तक करीब 130 हथियार प्राप्त हो चुके हैं। विधायक ने कहा, बॉक्स की चाबियां पुलिस के पास रहती हैं और वे कभी भी हथियार लेने आ सकते हैं। मई की शुरूआत में मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने पर पुलिस थानों से बड़ी संख्या में हथियार लूट लिए गए थे। तब से मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दोनों ने लोगों से हथियार डालने की अपील की है। सेना और अर्धसैनिक बल, राज्य पुलिस के सहयोग से, समुदायों को बचाने और यहां शांति लाने के लिए तलाशी अभियान चला रहे हैं। एक अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को सुरक्षा बलों द्वारा संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान कम से कम 35 हथियार और अन्य हथियार बरामद किए गए हैं। इस बीच सेना की पहल पर शांति समितियों के गठन का काम भी तेज हो गया है।

प्रदेश की सभी रेत खदानें दस साल के लिये

## राज्य खनिज निगम को पट्टे पर दी जायेंगी

- स्थानीय श्रमिकों की नियुक्ति जरुरी नहीं होगी
- व्यापार नियम 2019 में बदलाव जारी कर दिया है

**एजेंसियां**

**भोपाल:** अब प्रदेश की सभी रेत खदानें राज्य खनिज निगम को दस साल के पट्टे पर दी जायेंगी और निगम पांच साल के लिये इन रेत खदानों की नीलामी करेगी। इसके लिये राज्य सरकार ने मप्र रेत खनन, परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार नियम 2019 में बदलाव जारी कर दिया है। निगम ही अब सभी वैधानिक अनुमतियां प्राप्त कर रेत के ठेकों की नीलामी करेगा यानि ठेकेदार को कोई वैधानक अनुमतियां नहीं लेनी होगी। नये बदलाव के अनुसार, अब नर्मदा नदी को छोडकर शेष नदियों में रेत का खनन हो सकेगा जिसमें स्थानीय श्रमिकों की नियुक्ति जरुरी नहीं होगी। दरअसल पहले प्रावधान था कि नर्मदा नदी के अलावा अन्य नदियों में 5 हैक्टेयर क्षेत्रफल की खदानों में से रेत खनन, लोडिंग एवं भण्डारण स्थानीय श्रमिकों की समिति से कराया जायेगा तथा 5 हैक्टेयर से अधिक की रेत खदानों में स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता दी जायेगी।

**ऐे तय होगी आफसेट प्राईज :** सभी रेत समूहों में उपलब्ध रेत मात्र (घनमीटर में) के कुल योग का ढाई सौ गुना (रुपये में) उस समूह का प्रारंभिक आधार मूल्य यानि आफसेट प्राईस होगी।

## अमरनाथ यात्रा को 'स्वच्छ' तीर्थ यात्रा बनाने का अभियान



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली:** आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि इस बार वार्षिक अमरनाथ यात्रा के दौरान यात्रियों के लिए कूड़ा-कचरा से मुक्त, स्वच्छतापूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत कई पहल की गयी है। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार जम्मू-कश्मीर में अमरनाथजी गुफा मार्ग में साफ-सफाई की सुविधाओं के साथ-साथ मजबूत अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियां लागू की जा रही हैं और यह यात्रा पर्यावरण के प्रति जागरूक तीर्थयात्रा का रूप ले रही है। इस साल एक जुलाई से बाबा बर्फानी की यात्रा शुरू होगी और 31 अगस्त तक चलेगी। दक्षिण कश्मीर में अमरनाथ की पवित्र गुफा के दर्शन के लिए हर साल बड़ी संख्या में तीर्थयात्री वहां पहुंचते हैं, जिसके कारण भारी मात्रा में कचरा भी पैदा होता है। इस प्रसिद्ध तीर्थ स्थल की पवित्रता बनाए रखने के लिए एक प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन रणनीतियों की आवशयकता महसूस होती है। इस बार कुशल कचरा प्रसंस्करण सुनिश्चित करने के उद्देशय से जम्मू और कश्मीर में 10 शहरी स्थानीय निकायों में 12 मई को नौ ठोस कचरा प्रबंधन सुविधाओं का उद्घाटन किया गया है। यह उल्लेखनीय है कि इनमें से तीन यूएलबी- काजीगुंड, सुंबल और गांदरबल यात्रा मार्ग के अंतर्गत आती हैं। इन सेवाओं से 40 टन से अधिक कचरे की रोजाना प्रोसेसिंग की जाएगी। गीले कचरे के प्रसंस्करण के लिए कम्पोस्ट खाद के गड्ढे भी उपलब्ध कराए गए हैं। इस बार पहले से अधिक पूर्वनिर्मित शौचालय लगाए गए है। स्वच्छता कर्मचारियों तथा स्वच्छग्राहियों की संख्या भी बढ़ाई गयी है।

वैट वृद्धि पर पंजाब

## सरकार से सवाल करने का भाजपा के पास कोई नैतिक आधार नहीं: आप




**एजेंसियां**

**चंडीगढ़:** आम आदमी पार्टी (आप) ने वैट वृद्धि पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा किए जा रहे सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भाजपा के पास पेट्रोल और डीजल पर वैट बढ़ाने के लिए पंजाब सरकार से सवाल करने का कोई नैतिक आधार नहीं है क्योंकि केंद्र सरकार पंजाब के ग्रामीण विकास फंड (आरडीएफ), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन फंड और जीएसटी के हिस्से को रोक रही है जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। पार्टी कार्यालय से सोमवार को जारी एक बयान में आप पंजाब के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि पंजाब सरकार पर सवाल उठाने से पहले भाजपा को जवाब देना चाहिए कि वह पंजाब के साथ भेदभाव क्यों कर रही है। मोदी सरकार राज्य को आर्थिक रूप से कमजोर करने की कोशिश क्यों कर रही है। कंग ने भाजपा पर सवाल उठाते हुए कहा कि 2014 में जब श्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे, तब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बहुत अधिक थीं। आज कीमतें आधी हैं लेकिन भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें पिछले कुछ वर्षों में दोगुनी हो गई हैं। क्या भाजपा भारत में बढ़ी कीमतों के पीछे का गणित समझा सकती है। उन्होंने कहा कि पंजाब के सभी नेताओं को ग्रामीण विकास कोष, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कोष और पंजाब के जीएसटी के बारे में भाजपा से सवाल करना चाहिए,क्योंकि सारा पैसा पंजाब का है और राज्य के विकास के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए, लेकिन केंद्र सरकार इन फंड्स को जारी नहीं कर रही है। कंग ने कहा कि बड़े दुर्भाग्य की बात है कि सुखबीर सिंह बादल जैसे नेता बीजेपी का समर्थन कर रहे हैं।

## देवस्थान मंत्री रावत ने पुष्कर सरोवर की पूजा अर्चना की



**एजेंसियां**

**अजमेर :** राजस्थान की उद्योग, वाणिज्य तथा देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की महंगाई राहत योजनाओं की तारीफ करते हुए कहा है कि हमारे बुजुर्ग चिरंजीवी भव का आशीर्वाद देते आये हैं लेकिन आज मुख्यमंत्री ने चिरंजीवी योजना में 25 लाख का ईलाज फ्री कर चिरंजीवी भव के सपने को साकार करने का काम किया है। अजमेर दौरे पर जाने से पहले पुष्कर की धार्मिक यात्रा में उन्होंने पवित्र सरोवर की पूजा अर्चना, भगवान ब्रह्मा मंदिर के दर्शन, गुर्जर घाट पर दर्शन के अलावा प्रेमप्रकाश आश्रम में भगवान भोलेनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया और आने वाले विधानसभा चुनाव में गहलोत राज की वापसी के लिए प्रार्थना की।

स्थापत्य

तमिलनाडू के तिरुवरूर जिला में अमीरुद्दीन शेख ने बनाया रिकार्ड

# मां की याद में बेटे ने बनाया एक और ताजमहल

**राष्ट्रीय खबर**

**चेन्नई:** मुगल शासक शाहजहाँ ने ताजमहल को अपनी पत्नी मुमताज के लिए प्रेम के प्रतीक के रूप में बनवाया था। अब एक बेटे ने अपनी मां की याद में करोड़ों रुपए खर्च कर ताजमहल की प्रतिकृति बनाई है। मामला तमिलनाडु के तिरुवरुर जिले का है जहां अमरुद्दीन शेख दाऊद नाम के शख्स ने अपनी मां की याद में ताजमहल जैसा ढांचा बनवाया है। तमिलनाडु के तिरुवरुर जिले में ताजमहल जैसी भव्य संरचना के वीडियो ने कई लोगों को झकझोर कर रख दिया है। 2020 में बीमारी के कारण अमरुद्दीन ने अपनी मां जेलानी बीवी को खो दिया, वह इस सदमे से उबरने की कोशिश कर रहे थे क्योंकि उनकी मां ही उनके लिए दुनिया थीं। अमरुद्दीन के मुताबिक उनकी मां ताकत और प्यार की प्रतीक थीं, क्योंकि 1989 में एक कार दुर्घटना में अपने पति को खोने के बाद अपने पांच बच्चों को पालना आसान नहीं था। जब अमरुद्दीन के पिता की मृत्यु हुई, तब उनकी मां की उम्र महज 30 साल थी। अमरुद्दीन ने कहा, हमारे समुदाय में एक आम प्रथा होने के बावजूद मेरी मां ने मेरे पिता को खोने के बाद दोबारा शादी नहीं करने का फैसला किया। मैं और मेरी बहनें उस समय बहुत छोटे थे। मेरी मां ने हमारे परिवार की रक्षा के लिए कड़ा संघर्ष किया। वह हमारी रीढ़ थे और उन्होंने हमारे पिता की भूमिका भी निभाई।



अमरुद्दीन ने आगे कहा, मुझे यकीन नहीं हो रहा था कि वो चली गई, मुझे अब भी लगता था कि वो हमारे साथ है और उसे हमारे साथ होना चाहिए। हमारे पास तिरुवरूर में कुछ जमीन थी और मैंने अपने परिवार से कहा कि मैं अपनी मां को आम कब्रिस्तान के बजाय अपनी जमीन पर दफनाना चाहता हूं। अमरुद्दीन ने कहा, मैंने उनसे कहा कि मैं अपनी कृतज्ञता और प्रेम की अभिव्यक्ति के रूप में उनके लिए एक स्मारक बनाना चाहता हूं। मेरे परिवार ने इसे आसानी से स्वीकार कर लिया। उन्होंने आगे कहा, मैंने भी सोचा कि मैं हर बच्चे को बता दूं कि उनके माता-पिता अनमोल हैं, अनमोल हैं, आजकल माता-पिता और बच्चे अलग-अलग रहते हैं। कुछ बच्चे अपने बुजुर्ग माता-पिता की भी देखभाल नहीं करते हैं। ये सही नहीं है। अमरुद्दीन ने फैसला किया कि वह अपनी मां के लिए एक स्मारक बनवाएगा। इसके बाद उन्होंने ड्रीम बिल्डर्स से संपर्क किया जिन्होंने उन्हें प्रसिद्ध ताजमहल की प्रतिकृति बनाने का सुझाव दिया। हालाँकि उन्होंने शुरू में इस सुझाव को स्वीकार नहीं किया, लेकिन बाद में वे इसके लिए सहमत हो गए क्योंकि उनका मानना था कि उनकी माँ भी उनके लिए एक आश्चर्य थी।

ताजमहल जैसी इमारत का निर्माण 3 जून, 2021 को शुरू हुआ था। एक एकड़ जमीन पर 8000 वर्ग फुट में ताजमहल की प्रतिकृति बनाने के लिए 200 से अधिक लोगों ने दो साल तक काम किया। इसे बनाने में करीब साढ़े पांच करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। उन्होंने कहा, मेरी मां अपने पीछे 5-6 करोड़ रुपए छोड़ गई थीं, मुझे वह पैसा नहीं चाहिए था और मैंने अपनी बहनों से कहा कि मैं उन पैसों से अपनी मां के लिए कुछ करना चाहता हूं।

## न्यूज फटाफट

### यूक्रेन को जापान से सहायता जारी रहेगी

**टोक्यो :** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने सोमवार को कहा कि उनका देश यूक्रेन को बारूदी सुरंग हटाने और उसके पुनर्निर्माण में सहायता देना जारी रखेगा। किशिदा ने कहा कि जापान ने पहले ही यूक्रेन और पड़ोसी देशों को 7.6 अरब डॉलर की सहायता देने का वादा किया है। इसके अलावा, जापान रक्षा के लिए उपकरणों के प्रावधान सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक सहायता प्रदान करता है। उन्होंने कहा ''हम जापान के अनुभव और ज्ञान का उपयोग सफाई, मलबा हटाना, ऊर्जा, कृषि के क्षेत्र सहित जीवन के पुनर्निर्माण जैसे क्षेत्रों में करेंगे।'' उन्होंने बताया कि जापान सरकार और निजी कंपनियों ने यूक्रेन के आर्थिक सुधार को बढ़ावा देने की तैयारी के लिए एक परिषद बनाई है। उन्होंने कहा कि जापान ने फरवरी में यूक्रेन को गैर-घातक सहायता प्रदान की, जिसमें बुलेटप्रूफ वेस्ट, हेलमेट और ट्रक शामिल थे। इसके अलावा, घायल यूक्रेनी सैनिकों का जापान में इलाज किया जाएगा।

### नाइट क्लब में हुई गोलीबारी में छह लोग घायल

**स्टून :** अमेरिका के टेक्सास प्रांत के सबसे बड़े शहर स्टून में रविवार को नाइट क्लब में हुई गोलीबारी में छह लोग घायल हो गए है। पुलिस प्रमुख ट्रॉय फिनर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा,''यहां क्लब की पार्किंग में हुई गोलाबरी में छह लोग घायल हुए है।'' उन्होंने बताया कि रविवार तड़के हुई गोलीबारी में घायल हुए लोगों की उम्र करीब 20 से लेकर 30 के बीच की है। उन्होंने बताया कि एक घायल की हालत गंभीर बनी हुई हैं। उन्होंने कि हमलावर कितने थे यह पता नहीं चल सका हैं। किसी भी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय मीडिया के अनुसार 'स्टून में शुक्रवार की रात को भी गोलीबारी की घटना सामने आयी थी।

### आतंकवादियों के हमले में दो सरकारी सैनिक मारे गये

**अदन :** यमन के शाबवा प्रांत में रविवार को अलकायदा आतंकवादियों के हमले में दो सरकारी सैनिकों की मौत हो गयी और पांच अन्य घायल हो गये। स्थानीय सरकारी अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि एक वाहन पर आये अल-कायदा से सम्बद्ध आतंकवादियों ने शाबवा प्रांत के अस सैद जिले में सरकार समर्थक बलों की एक चौकी पर हमला किया। उन्होंने बताया कि अल-कायदा के बंदूकधारियों ने रॉकेट से चलने वाले ग्रेनेड सहित भारी हथियारों से से सुरक्षा चौकी पर गोलाबारी की। उन्होंने बताया कि इस हमले में दो सैन्य वाहन नष्ट हो गए। उल्लेखनीय है कि यमन में सक्रिय अल कायदा समूह क आतंकवादी सरकार और सेना को निशाना बनाकर कई वर्षो से हमले करते आ रह हैं। सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा समर्थित सरकारी बलों ने हाल के महीनों में अल-कायदा ठिकाने पर कई बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान चलाए हैं। हालांकि सऊदी समर्थित यमन सरकारी बल देश के दक्षिणी प्रांतों के पहाड़ी क्षेत्रों में छिपे हुए आतंकवादी समूह को खत्म करने में विफल रहे हैं।

### नौका में आग लगने बाद से तीन ब्रिटिश पर्यटक लापता

**काहिरा :** मिस्र के लाल सागर रिसॉर्ट शहर मार्सा आलम के निकट तट पर 27 लोगों को लेकर जा रही नौका में रविवार सुबह आग लगने के बाद से तीन ब्रिटिश पर्यटक लापता हो गये। लाल सागर प्रशासन ने यहां जारी बयान में बताया कि नाव में सवार 15 में से 12 ब्रिटिश पर्यटकों, 10 मिस्र के चालक दल के सदस्यों और दो मिस्र के टूर गाइड के साथ, एक अन्य को बचा लिया गया है जबकि तीन लापता लोगों की तलाश की जा जारी है। बयान में बताया गया है कि प्रारंभिक जांच के अनुसार नाव के इंजन कक्ष में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका व्यक्त की गई हैं। लाल सागर प्रशासन के महासचिव मोहम्मद बेंडरी ने बताया कि यह दुर्घटना मार्सा आलम से करीब 25 किलोमीटर उत्तर में एलफिन्स्टन क्षेत्र के तट पर हुई। बयान में बताया गया है कि पुलिस दुर्घटना की जांच कर रही है।

### अमेरिका में ईंधन टैंकर में आग लगने से राजमार्ग ढहा

**न्यूयॉर्क :** अमेरिका में पेट्रोल ले जा रहे एक टैंकर में ओवरपास के नीचे आग लगने से व्यस्त राजमार्ग का एक हिस्सा रविवार को ढह गया है। पेंसिल्वेनिया प्रांत के गवर्नर जोश शापिरो ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दुर्घटना में किसी भी चोट की सूचना नहीं है। और अधिकारी घटना की जांच कर रहे है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद राजमार्ग के दोनों से आ रहे यातायात रोक दिया गया है। वीडियो क्लिप ओवरपास के ढहने के बाद आसपास के क्षेत्र में इकट्ठा हुए आपातकाली वाहन देखे गये हैं। गवर्नर के अनुसार, सड़क का उत्तरी हिस्सा पूरी तरह से ढह गया है जबकि दक्षिण की ओर जाने वाला मार्ग यातायात के लिए उपयुक्त नहीं रहा। इसे बहाल होने में महीनों लगेगे। अमेरिकी राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने कहा कि वह दुर्घटना की जांच के लिए एक दल भेजेगा।

### दक्षिणी सोमालिया में मारे गये अल-शबाब के 19 आतंकवादी

**मोगादिशू :** सोमालिया की राष्ट्रीय सेना ने रविवार को देश के निचले शबेले क्षेत्र में एक अभियान के दौरान अल-शबाब के 19 आतंकवादियों को मार गिराया हैं। सोमालिया की राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी ने सेना के अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह अभियान में सोमाली सैनिकों और उनके अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया था। अभियान के दौरान अल-शबाब आतंकवादियों के वाहनों और हथियारों को नष्ट कर दिया गया। एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार अभियान अभी भी जारी है लेकिन अल-शबाब के आतंकवादियों ने अभी तक दक्षिणी सोमालिया में इस सैन्य अभियान को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की है।

### विवाह समारोह की बस दुर्घटना में 10 की मौत,25 घायल

**सिडनी :** आस्ट्रेलिया में न्यू साउथ वेल्स प्रांत के हंटर क्षेत्र में रविवार देर रात विवाह समारोह की बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से 10 लोगों की मौत हो गई है और 25 अन्य घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने सोमवार सुबह एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि आपातकालीन सेवाओं पर रविवार रात 11:30 बजे ग्रेटा में हंटर एक्सप्रेसवे ऑफ-रैंप के पास वाइन कंट्री ड्राइव चौराहे पर एक बस के पलटने की सूचना मिली। न्यू साउथ वेल्स पुलिस बल की कार्यवाहक सहायक आयुक्त ट्रेसी चैपमैन ने पत्रकारों को बताया कि 10 लोगों के मरने की पुष्टि हुई है, जबकि दुर्घटना में घायल 25 अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुश्री चैपमैन के अनुसार बस अभी सीधा नहीं किया गया जा सका है। उन्होंने कहा कि लोगों के वाहन के नीचे फंसे होने की आशंका है और हताहतों की संख्या में वृद्धि हो सकती है। उन्होंने बताया कि बस के 58 वर्षीय चालक को अनिवार्य जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## आज का इतिहास

- 1290 : जलालुद्दीन फ़िरोजशाह दिल्ली की गद्दी पर बैठा।
- 1625 : ब्रिटेन के राजा हेनरी प्रथम ने फ्रांस की राजकुमारी हिनरीती से विवाह किया।
- 1721 : इंग्लैंड ने मैड्रिड के साथ संधिपत्र पर हस्ताक्षर किए।
- 1888 : अमेरिकी कांग्रेस ने श्रम विभाग का गठन किया।
- 1927 : अमेरिका में पहली बार स्टेचू आफ लिबर्टी के दाहिने हाथ से अमेरिकी ध्वज प्रदर्शित किया।
- 1932 : इंग्लैंड और फ्रांस ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1978 : इजरायल के सुरक्षा बल लेबनान से हटे।
- 1993 : किम कैंपबेल कनाडा की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
- 1995 : फ्रांस ने दक्षिण प्रशांत में आठ और परमाणु परीक्षण करने की घोषणा की।
- 1997 : दिल्ली के उपहार सिनेमाघर में आग लगने से 59 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए।
- 2001 : नेपाल शाही परिवार हत्याकांड में दीपेन्द्र की प्रेमिका देवयानी का जांच आयोग के समक्ष गवाही से इन्कार।
- 2003 : डेनियल अखमितोव कजाकिस्तान के नये प्रधानमंत्री नियुक्त।
- 2012 : प्रसिद्ध गायक मेहदी हसन का निधन।

## राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण ने दिया भरोसा

रांची: सोमवार को अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद झाखण्ड प्रदेश का शिष्टमंडल राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण से मिला। साल भर से चौबीसों जिला से प्राप्त हजारों मैथिल के सामूहिक हस्ताक्षर के साथ एक ज्ञापन भी सौपा ।वार्ता के क्रम में कहा गया कि मैथिली अष्टम अनुसूची के साथ झारखण्ड राज्य का द्वितीय राज्यभाषा भी है फिर भी नियोजन नीति में इसे शामिल नहीं किया है ।

**कार्रवाई** जमीन घोटाले मामले की जांच कर रही ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए

# सेना के कब्जे और बजरा मौजा की जमीन से संबंधित 74.39 करोड़ की संपत्ति किया अटैच

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** जमीन घोटाले मामले की जांच कर रही ईडी ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सेना के कब्जे वाली बरियातू स्थित जमीन और हेहल अंजल के बजरा मौजा की जमीन को अटैच किया है। सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ और हेहल अंचल के बजरा मौजा की 7.16 एकड़ जमीन को ईडी ने अटैच किया है। बता दें कि जमीन घोटाले मामले में आईएएस छवि रंजन, कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल व दिलीप घोष समेत 10 लोगों को ईडी ने गिरफ्तार किया है और इस मामले में आज ईडी कोर्ट में ईडी की ओर से चार्जशीट भी सौंपा गया है। बता दें कि अब तक की छानबीन में रांची के विभिन्न जमीनों को लेकर हुए घोटाले मामले में ईडी को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज हाथ लगे हैं जिसके आधार पर ईडी की टीम जांच कर रही है। फिलहाल इस मामले में आज हुए जमीन अटैच को ईडी की बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

## रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सहित 10 के खिलाफ ईडी ने दायर किया आरोप पत्र

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन सहित अन्य जमीन की खरीद बिक्री में फजीर्वाड़ा मामले में ईडी ने ईडी की विशेष कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दिया है। रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत 10 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो गया है। मामले में छवि रंजन, कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल एवं दिलीप घोष समेत 10 लोगों को ईडी अब तक गिरफ्तार कर चुकी है। संभावना जताई जा रही है कि ईडी ने सभी लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। इससे पहले सेना समेत अन्य जमीनों की अवैध तरीके से खरीद बिक्री मामले में ईडी को मिली 72 घंटे की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद कारोबारी अमित अग्रवाल एवं जगतबंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष को ईडी कोर्ट में सोमवार को पेश किया। कोर्ट ने दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। 9 जून को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने ईडी को इन दोनों से पूछताछ के लिए 72 घंटे के रिमांड की अनुमति दी थी। बताया जा रहा है कि प्रदीप बागची ने सेना की उक्त जमीन जिस दिलीप घोष को बेची थी उस कंपनी का अघोषित मालिक अमित अग्रवाल है, इसी आधार पर ईडी ने अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को 7 जून को गिरफ्तार किया। बता दें कि रांची में सेना समेत अन्य की जमीन की अवैध खरीद- बिक्री मामले में ईडी अब तक रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत कुल 10 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है, गिरफ्तार लोगों में बड़गाई के राजस्व कर्मचारी भानुप्रताप समेत कई जमीन ब्रोकर व अन्य लोग शामिल हैं। ईडी ने इस मामले को लेकर 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे। उसी दिन देर रात ईडी ने इस मामले में सात आरोपियों राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप, प्रदीप बागची, अफसर अली, इम्तियाज खान ,तलहा खान, फैयाज खान एवं मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर लिया था। इन पर जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप था।

## सरकार ने हाईकोर्ट को बताया, प्रिजन एक्ट के तहत ही बनेगा जेल मैनुअल




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड के जेल में सिस्टम में सुधार को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया की मॉडल जेल मैनुअल का ड्राफ्ट तैयार है लेकिन नया मॉडल प्रिजन एक्ट भारत सरकार ने लाया है। इसलिए पुराने प्रिजन एक्ट में बदलाव लाया जाएगा। प्रिजन एक्ट के तहत ही जेल मैनुअल बनता है। पुराने प्रिजन एक्ट में बदलाव कर रहे हैं, इसलिए मॉडल जेल मैनुअल के लिए थोड़ा रुक जाना होगा। नया प्रिजन एक्ट एक माह में फाइनलाइज कर दिया जाएगा उसके बाद मॉडल जेल मैनुअल नोटिफाइड कर दिया जाएगा। कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा समय देने के आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई 24 जुलाई निर्धारित की है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को मामले की सुनवाई की।पूर्व की सुनवाई में एमिकस क्यूरी मनोज टंडन की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2016 में मॉडल जेल मैनुअल बनाया है। इसे सारे राज्य सरकार को भेजा गया था और उन्हें इसी के आधार पर मॉडल जेल मैनुअल बनाने को कहा गया था। दूसरे राज्यों में मॉडल जेल मैनुअल बन चुका है लेकिन झारखंड में अब तक नहीं बना है। जब-जब भी हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई होती है तो सरकार की ओर से कहा जाता है कि मॉडल जेल मैन्युअल बनने का काम प्रोसेस में है। इस पर खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा कि वर्ष 2019 में भी शपथ पत्र दाखिल कर राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि मॉडल जेल मैनुअल बनने का काम प्रोसेस में है, आज भी सरकार यही बात कह रही है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने एक केस में जेल रिफॉर्म को लेकर दिशा निर्देश दिया था। इसी के आधार पर हाईकोर्ट ने मामले में स्वत संज्ञान लिया है।

## 5 जजों की बेंच में हुई झारखंड एजुकेशन ट्रिब्युनल केस की सुनवाई

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** हाईकोर्ट के पांच जजों की खंडपीठ में झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण अधिनियम के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सोमवार को सुनवाई के दौरान प्रार्थी और प्रतिवादी दोनों पक्षों की ओर से बहस के लिए समय देने का आग्रह किया गया। दोनों पक्षों के आग्रह को स्वीकार करते हुए अदालत ने इस केस के सुनवाई की अगली तिथि 21 जून निर्धारित की है।

दरअसल विद्या भारती चिन्मया विद्यालय के चेयरमैन मनीष कुमार मिश्रा, मनोरंजन कुमार सिन्हा, उपेंद्र कुमार पांडे और कृष्ण कुमार झा की ओर से दाखिल अलग-अलग याचिकाओं को एक साथ सूचीबद्ध कर हाईकोर्ट सुनवाई कर रहा है। झारखंड एजुकेशन ट्रिब्यूनल के मामले में दो अलग-अलग आदेश हाईकोर्ट के 3 जजों की बेंच से दिया गया है। दोनों आदेश विरोधाभासी होने के कारण यह मामला




सुनवाई के लिए पांच जजों वाली बेंच में भेजी गई है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा, जस्टिस रत्नाकर भेंगरा, जस्टिस अनुभा रावत चौधरी, जस्टिस दीपक रौशन और जस्टिस नवनीत कुमार की संवैधानिक पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है।

## डीजीपी ने आला अधिकारियों के साथ की बैठक, असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने का दिया निर्देश

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड के डीजीपी ने सोमवार को आला अधिकारियों के साथ बैठक की इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें और उसके खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाएं उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जो भी लंबित मामले है उनका जल्द से जल्द निष्पादन हो। बैठक में सर्वप्रथम अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, द्वारा राज्य के वर्तमान अपराधिक परिदृश्य जिसमें राज्य में लंबित वारंट, कुर्की की अद्यतन स्थिति, पुराने लंबित काण्डों की अद्यतन स्थिति, पोक्सो एक्ट, हत्या, मानव तस्करी, साईबर अपराध, अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब, अवैध उत्खनन एवं अनुसूचित जाति / जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत दर्ज काण्डों के संबंध में प्रस्तुति दी गई। बैठक में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड ने राज्य में लंबित वारंट / कुर्की के त्वरित निष्पादन करते हुये अपराध नियंत्रण हेतु संगठित अपराधिक गिरोहों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा संगठित अपराधिक गिरोह के फरार अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं उसपर अपराध नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुराने लंबित काण्डों एवं राज्य में महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराध यथा बलात्कार, पोक्सो एवं महिला उत्पीड़न के काण्डों का त्वरित गति से निष्पादन करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में डायन प्रथा जैसे कुरूतियों को दूर करने के लिए ग्रामीणों के बीच जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। उन्होंने सर्टिफिकेट केस में निर्गत वारंट का तामिला करने, राज्य में अवैध उत्खनन पर प्रभावी रोक लगाने हेतु गठित टास्क फोर्स द्वारा लगातार छापामारी करने तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रतिवेदित काण्डों की संख्या, अफीम की खेती के विनष्टीकरण एवं तस्करों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई। बैठक के दौरान महानिदेशक के द्वारा साईबर अपराध पर लगाम लगाने हेतु चर्चा की गई, जिसमें डायल 1930 को सुदृढ़ करने तथा उस पर आने वाले कॉल पर त्वरित कार्रवाई करने पर जोर दिया गया।

### प्राकृतिक आपदा से प्रभावित आश्रितों को मिलेगा मुआवजा

रांची: प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से मरने वाले मवेशियों के प्रभावितों को मुआवजा मिलेगा। रांची डीसी राहुल सिन्हा ने क्षतिपूर्ति के लिए सहायता राशि भुगतान करने स्वीकृति दे दी है। इसके तहत बेड़ो अंचल के दो प्रभावितों को कुल 55 हजार रुपये की मुआवजा राशि दी जायेगी। बता दें कि वज्रपात के कारण सात सितंबर 2020 को बेड़ो अंचल की आवेदिका गांगी देवी का एक मवेशी मर गया था। इन्हें 25 हजार का मुआवजा दिया जायेगा। वहीं नरकोपी के रहने वाले जुमन अंसारी के भी एक मवेशी की मौत 18 सितंबर 2020 को वज्रपात से हो गयी थी। इन्हें 30 हजार का मुआवजा दिया जायेगा।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

रांची: विश्व रक्तदाता दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। बता दें कि झारखंड सरकार के पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दिवंगत हाजी हुसैन अंसारी की याद में दोपहर 2:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक डोरंडा के मनीटोला में शिविर का आयोजन किया गया है। वैसे लोग जो रक्तदान करने के इच्छुक हैं, वो रक्तदान कर सकते हैं। शिविर के माध्यम से एकत्रित रक्त को सदर अस्पताल के ब्लड बैंक को समर्पित किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी लहू बोलेगा के संस्थापक नदीम खान ने दी।

## तीन बिजली संयंत्र स्थापित करने पर डीवीसी 60 हजार करोड़ करेगी निवेश, केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** दामोदर घाटी निगम तीन ब्राउनफील्ड बिजली संयंत्र स्थापित करेगी। इसके लिये केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। बिजली संयंत्र स्थापित करने में कुल 60 हजार करोड़ रुपए डीवीसी निवेश करेगी। आने वाले तीन सालों में तीन ब्राउनफील्ड बिजली संयंत्र के जरिये 8 हजार मेगावाट बिजली संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य है। यह जानकारी डीवीसी के चेयरमैन रामनरेश सिंह ने दी।इन परियोजनाओं के अलावा, डीवीसी एक और ब्राउनफील्ड परियोजना के लिए केंद्र सरकार की मंजूरी मांग रहा है। इसके अलावा, डीवीसी 2,500 मेगावाट का उत्पादन करने के लिए लुग्गु, गोमिया, बोकारो और पंचेत (पश्चिम बंगाल) में दो पनबिजली पंप भंडारण और बैटरी बिजली संयंत्रों की स्थापना पर काम कर रहा हैं। साथ ही, डीवीसी ने परिचालन क्षेत्रों के भीतर 2,000 मेगावाट फ्लोटिंग ग्राउंड- माउंटेड सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया है।राम नरेश सिंह ने बताया कि डीवीसी वर्तमान में 7,000 मेगावाट बिजली के अपने उत्पादन के लक्ष्य को पूरा कर रहा है।

डीवीसी न केवल दिल्ली, झारखंड, पंजाब, हरियाणा, पश्चिम बंगाल और गुजरात सहित देश के विभिन्न राज्यों को बल्कि बांग्लादेश को भी बिजली की आपूर्ति कर रहा हैं। ब्राउनफील्ड थर्मल पावर प्लांट कोडरमा, रघुनाथपुर और दुगार्पुर में स्थित होंगे। सिंह ने बताया कि डीवीसी अपना नया ताप विद्युत संयंत्र किसी नए स्थान पर स्थापित नहीं करेगा। नई सुविधाएं मौजूदा डीवीसी बिजली संयंत्रों की सीमाओं के भीतर स्थित होंगी। जहां पहले से ही कोयला, पानी और रेल लाइन बुनियादी ढांचा है। डीवीसी देश की कुल बिजली मांग का लगभग 4 फीसदी योगदान देता है। कंपनी का लक्ष्य देश में अन्य बिजली इकाइयों की तुलना में कम कीमतों के साथ प्रतिस्पर्धी दरों पर बिजली प्रदान करना है।

**परिचालन** परिचालन के शुरू होने को पीएम नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाकर रवाना कर सकते हैं

# रांची पहुंची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन, ट्रायल रन रहा सफल

राष्ट्रीय खबर



रांची: वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन रांची करीब 12.48 बजे रांची रेलवे स्टेशन पहुंच गयी। ट्रेन का यह केवल ट्रायल रन था। इस वजह से इसमें कोई यात्री सवार नहीं थे। यह ट्रेन सुबह करीब 6:55 बजे पटना जंक्शन से रांची के लिए खुली थी। पटना से रांची के बीच गया,कोडरमा, हजारीबाग, टोटीसिलवे समेत कुल छह स्टेशनों पर इसका ठहराव हुआ, रांची पहुंचने पर वंदे भारत ट्रेन का स्वागत किया गया। वंदे भारत एक्सप्रेस को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग और रेलकर्मी स्टेशनव में जमे हुए थे। लोग सेल्फी भी ले रहे थे।यह ट्रेन दोपहर दो बजकर 20 मिनट पर रांची से खुलकर पटना के लिए रवाना हो गई। रात 8 बजकर 25 मिनट पर वंदे भारत पटना स्टेशन पहुंचेगी। जानकारी के अनुसार ट्रायल सफल होने के बाद इसे यात्रियों के लिए जल्द शुरू किए जाने की उम्मीद है। संभावना जताई जा रही है कि इस ट्रेन का परिचालन सप्ताह में छह दिन हो सकता है। बता दें कि इस ट्रेन में दो प्रकार के कोचों का प्रावधान रखा गया है। पूरी तरह से वातानुकूलित इस ट्रेन में चेयर कार और एक्सक्यूटिव क्लास के रूप में प्रकार के कोच होंगे जिसमें यात्रा के दौरान यात्रियों को कई प्रकार की विशेष सुविधाएं मिलेंगी। आज के सफल ट्रायल रन के बाद अब लोगों को इसके नियमित परिचालन शुरू होने की उम्मीद है। संभावना जताई जा रही है कि ट्रेन के परिचालन के शुरू होने को पीएम नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाकर रवाना कर सकते हैं।डीआरयूसीसी, रांची रेल मंडल के सदस्य नवजोत अलंग ने कहा है कि वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रॉयल रन राज्यवासियों के लिए उत्साहवर्द्धक है। मात्र 6 घंटे में पटना से रांची तक का सफर यात्रियों के लिए आरामदायक है। यह देखें तो जनशताब्दी लगभग 8 घंटे, पटना-हटिया 9.30 घंटे, इस्लामपुर हटिया एक्सप्रेस 10 घंटे में रांची पहुंचती है। इन ट्रेनों की अपेक्षा वंदे भारत से पटना से रांची तक का सफर करने में लगभग 3 घंटे समय की बचत होगी। पटना से एक दिन में रांची आकर लोग दूसरे ट्रेन से शाम के समय गंतव्य तक वापस भी जा सकेंगे। 3800 करोड रुपये की लागत से नवनिर्मित कोडरमा हजारीबाग-रांची वाया बरकाकाना नई रेल लाइन से इस ट्रेन के परिचालन से इस मार्ग का भी सदुपयोग हो सकेगा। इस नई लाइन के बनने से रांची से पटना जाने में भी लगभग 70 किमी की दूरी कम हो जायेगी। हजारीबाग, कोडरमा और बरकाकाना के यात्रियों को भी इस ट्रेन से आवागमन करना काफी सुगम होगा। रेल मंत्रालय से आग्रह है कि जल्द से जल्द रांची हावडा वंदे भारत का भी ट्रायल शुरू किया जाय।


